

भारत-यूरोपीय संघ का ध्यान अब एफटीए रक्षा सौदे पर : फ्रॉन डेर लायन -12



शेयर बाजार में गिरावट थमी सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,400 के पार -12




राज्यसभा में एलपीजी को लेकर हंगामा खरगे बोले सरकार दोषी -13



भारतीय खिलाड़ी सूर्यकुमार बोले- टेस्ट खेलना चाहूंगा लेकिन हाथ सेट है टी20 में -14



आज का मौसम

34.0⁰ अधिकतम तापमान

19.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.17 सूर्यास्त 06.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी उपरांत 09:23 चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 17 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 210, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## गरीब को बिना आवास नहीं रहने देंगे : योगी

### मुख्यमंत्री ने शहरी 2.0 के तहत 90 हजार लाभार्थियों को 900 करोड़ की पहली किस्त जारी की

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

- योगी ने कहा- लक्ष्य केवल मकान देना नहीं, बल्कि गरीबों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है मकसद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में रिमोट दबाकर पीएम आवास योजना के लाभार्थियों हेतु किस्त जारी करते सीएम योगी ।साथ में मंत्रिमंडल के उनके सहयोगी।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के तहत प्रदेश के 90 हजार लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 900 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी गरीब को बिना आवास के नहीं रहने दिया जाएगा। जिन माफियाओं ने वर्षों तक गरीबों का हक छीना और जमीनों पर कब्जा किया, अब उन्हीं जमीनों को मुक्त कराकर गरीबों के लिए घर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य केवल मकान देना नहीं, बल्कि गरीबों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों में संवाद करने के बाद संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार प्रदेश की 25 करोड़ जनता को परिवार मानकर बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अब तक करीब 62 लाख परिवारों को आवास मिल चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले योजनाएं होने के बावजूद गरीबों तक उनका लाभ नहीं पहुंच पाता था, लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था और डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा रही है। इससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और आवास निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।


मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार गरीबों के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। आवास योजना के साथ लाभार्थियों को राशन, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इससे गरीबों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

**माफिया से मुक्त जमीनों पर बनाए जाएंगे आवास**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि माफिया से मुक्त कराई गई जमीनों का उपयोग गरीबों के लिए आवास निर्माण में किया जाए। जिन लोगों के पास अपनी जमीन नहीं है, उनके लिए इन जमीनों पर हाईराइज आवासीय परियोजनाएं विकसित की जाएं। साथ ही निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए 75 प्रतिशत कार्य पूरा होते ही लाभार्थियों को दूसरी किस्त भी समय से उपलब्ध कराई जाए।

## ओडिशा में अस्पताल के आईसीयू में भीषण आग, 10 मरीजों की मौत

भुवनेश्वर, एजेंसी



एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में जला पड़ा सामान।

- कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगी थी आग, 11 कर्मी झुलसे
- मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा

ओडिशा सरकार द्वारा कटक में संचालित एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में रविवार देर रात भीषण आग लगने से 10 मरीजों की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के दौरान अस्पताल के करीब 11 कर्मचारी झुलस गए। मुख्यमंत्री ने छह सदस्यों की एक जांच टीम बनाई है, जो आग लगने की वजह की जांच करेगी और आज शाम तक अपनी रिपोर्ट देगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, विकास आयुक्त डीके सिंह की अगुवाई में बनी जांच टीम एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जाएगी और आज शाम तक मुख्य सचिव को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। माझी ने बताया कि आग शायद शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एक अधिकारी ने बताया कि आग देर रात ढाई बजे से तीन बजे के बीच लगी और दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे व आग बुझाने के लिए अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आग लगने की घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष से प्रत्येक मृत व्यक्ति के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 25 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने घटना में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त कर घायलों के स्वस्थ होने की कामना की।

**आईसीयू और उससे सटे वार्ड में 23 मरीज थे भर्ती**

मुख्यमंत्री माझी ने बताया कि और उससे सटे आईसीयू व वार्ड में 23 मरीज भर्ती थे। आग लगने से सात मरीजों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोगों की मौत दम घुटने से हुई। उन्होंने कहा कि अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू में आग लगी, जहां गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज किया जा रहा था। माझी ने इस मामले में न्यायिक जांच की भी घोषणा की और अग्निशमन सेवा के महानिदेशक को मामले की जांच करने तथा तुरंत उन्हें रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा।

**न्यूज ब्रीफ**

### विश्व बैंक ने उप्र में स्वच्छ वायु के लिए 30 करोड़ डॉलर कर्ज को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** विश्वबैंक ने सोमवार को उत्तर प्रदेश को स्वच्छ वायु बदलाव परियोजना के लिए लगभग 30 करोड़ डॉलर का ऋण देने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह कर्ज उत्तर प्रदेश सरकार की स्वच्छ वायु योजना को समर्थन देगा। यह राज्य की वायु गुणवत्ता में सुधार और युवाओं एवं महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए एकीकृत समाधान पर केंद्रित है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन कार्यक्रम (299 .66 करोड़ डॉलर) परिवहन, कृषि और उद्योग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्वच्छ वायु बदलाव पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिससे स्वच्छ वायु के लाभ अन्य राज्यों तक भी पहुंचेंगे।

### नाबालिग आदिवासी को शादी के लिए बेचने के मामले में 6 पर रिपोर्ट

**ठाणे।** भिवंडी से 15 वर्षीय एक आदिवासी लड़की का तौर पर अपहरण करके शादी का झांसा देकर मराठवाड़ा क्षेत्र के बीड जिले में एक व्यक्ति को बेचने के मामले में उसके पति और पांच अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ठाणे ग्रामीण के पुलिस अधिकारी ने बताया, पीड़िता का शोषण उसकी अत्यधिक गरीबी और माता–पिता की अनुपस्थिति के कारण हुआ। आरोप है कि 26 फरवरी को एक दलाल और उसके साथियों ने उसका अपहरण कर लिया था, जिन्होंने शादी कराकर बेहतर जीवन का वादा किया था, लेकिन बाद में उसे बीड के पाटोदा में एक बुजुर्ग व्यक्ति को बेच दिया।

## ईरान बोला- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खुला, पर दुश्मनों के लिए बंद

तेहरान/लंदन, एजेंसी



- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोले- वह पश्चिम एशिया के व्यापक संघर्ष में नहीं शामिल होंगे

ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के दो सप्ताह बाद भी सोमवार को दोनों पक्षों में लड़ाई जारी रही। इजराइल ने जहां लेबनान में ईरान समर्थक हिजबुल्ला के ठिकानों पर बम वर्षा की वहीं, ईरान ने जवाबी हमले के रूप में इजराइल के अलावा पड़ोसी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और तेल अवसंरचना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को कहा कि होर्मुज मार्ग ईरान के दृष्टिकोण से खुला है, लेकिन उन देशों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है जिन्होंने ईरान के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रामकता की है। अराघची ने कहा कि ईरान अपनी रक्षा करने में किसी प्रकार की हिचकिचाहट नहीं रखता और आवश्यकता पड़ने तक युद्ध जारी रखेगा। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि वह ब्रिटेन को प. व्यापक युद्ध में घसीटे जाने की अनुमति नहीं देंगे। वह यूरोपीय सहयोगियों से मिलकर खाड़ी को खोलने के लिए एक व्यवहार्य योजना तैयार कर रहे हैं।

**जंग के बीच पहला भारतीय जहाज एलपीजी लेकर पहुंचा**


**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण ईरान के निकट होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारत के 24 जहाजों में से एक एलपीजी टैंकर शिवालिक सोमवार शाम गुजरात में मुंद्रा बंदरगाह पहुंच गया, जबकि दूसरे एलपीजी टैंकर नंदादेवी के मंगलवार सुबह कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है। शिवालिक टैंकर पर 45 हजार टन एलपीजी लदी है और इसके आने से देश में एलपीजी की आपूर्ति और मजबूत होगी।

### होर्मुज में युद्धपोत तैनात करने वाले ट्रंप के बयान पर भारत का जवाब- अमेरिका से कोई बातचीत नहीं की गई

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को कहा कि उसने होर्मुज से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के सुरक्षित पारगमन को सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय वार्ता नहीं की है। विदेश मंत्रालय की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस जलमार्ग को खुला रखने के लिए युद्धपोत भेजने के आह्वान की पृष्ठभूमि में आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें इस बात की जानकारी है कि कई देशों में इस संबंधित मामले पर चर्चा हो रही है। हमने अभी तक द्विपक्षीय स्तर पर इस पर चर्चा नहीं की है। उनकी यह टिप्पणी इस सवाल के जवाब में आई कि क्या अमेरिका ने भारत से इस क्षेत्र में अपने युद्धपोत भेजने के लिए संपर्क किया था।

## भाजपा की बंगाल और केरल के लिए पहली सूची जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



- बंगाल में पहली लिस्ट में 144 नाम, केरल में 47 कैंडिडेट्स की घोषणा
- सुवेंदु को ममता की दोनों सीटों भवानीपुर और नंदीग्राम से टिकट

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को 144 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। वहीं, केरल में 47 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सीट कोलकाता के भवानीपुर से नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। वह नंदीग्राम से भी चुनाव लड़ेंगे।

बंगाल में पार्टी द्वारा जारी सूची के मुताबिक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से, बिमान महतो को सालबनी से और दक्षिण कोलकाता की रासबिहारी सीट से स्वपन दासगुप्ता को टिकट दिया गया है। भाजपा ने सुमिता सिन्हा को पूर्व मेदिनीपुर जिले के कांथी उत्तर से, बिमान घोष को हुगली जिले के पुरसुराह से और माधवी महलदर को दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली से मैदान में उतारा है। सूची के मुताबिक, अनिमा दत्ता को नदिया जिले के पलाशीपाड़ा से, जबकि लक्षिकांत साहू को झाड़ग्राम से टिकट दिया गया है।

तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने 2021 में हुए उपचुनाव में भवानीपुर से जीत हासिल की थी। बनर्जी विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी से हार गई थीं, जिसके बाद मुख्यमंत्री बने रहने के लिए उनका इस सीट से जीतना महत्वपूर्ण था। बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में 23 व 29 अप्रैल को मतदान होगा, मतगणना 4 मई को होगी।

**केरल में पहली सूची में कूरियन, चंद्रशेखर एवं जॉर्ज के नाम**

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केरल में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्रियों राजीव चंद्रशेखर और वी मुरलीधरन को क्रमशः नेमम और कझाकुट्टम विधानसभा सीटों से उम्मीदवार बनाया है। सूची के अनुसार, पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन को कंजीरापल्ली निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है जबकि पीसी जॉर्ज पूनजार विधानसभा सीट से किस्मत आजमाएंगे। इसमें कहा गया है कि आर श्रीलेखा वट्टियोरकावु और पद्मजा वेणुगोपाल प्रदेश के त्रिशूर सीट से उम्मीदवार होंगी। सूची में कहा गया है कि इसके अलावा राजी प्रसाद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कुन्नाथुर सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगी, जबकि आर रश्मि कोट्टारक्करा से चुनाव लड़ेंगी। पार्टी ने सोभा सुरेंद्रन को पलक्कड़ से, नव्या हरिदास को कोझिकोड उत्तर से और कविता केएस को सुल्तान बथेरी (आरक्षित) सीट से उम्मीदवार बनाया है।

### थोक महंगाई 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर पहुंची

- दाल, आलू, मछली जैसे खाने के सामान और अन्य वस्तुओं के दाम में तेजी से बढ़ी महंगाई

**नई दिल्ली।** दाल, आलू, मछली जैसे खाने के सामान और अन्य वस्तुओं के दाम में तेजी से थोक मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर रही। हालांकि, मासिक आधार पर इस दौरान सब्जियों की कीमतों में नरमी आई। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में तेजी आई है। जनवरी में 1.81 प्रतिशत जबकि पिछले साल फरवरी में 2.45 प्रतिशत थी।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी रहती है, तो थोक महंगाई में और तेजी आ सकती है और इसका असर अन्य वस्तुओं (उर्वरक, एल्युमीनियम) पर भी पड़ेगा। इसका कारण यह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के अधिक करीब है। डब्ल्यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में खाद्य पदार्थों की महंगाई 2.19% रही, जबकि पिछले माह यह 1.55% थी।

**पहाड़ों पर फिर बर्फबारी**



कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ ताजा बर्फबारी से बर्फ की सफेद चादर से ढक गए हैं। जहां पर्यटक बर्फबारी के खूबसूरत नजारों का आनंद ले रहे हैं। चमोली के बद्रीनाथ बर्फ से ढंकी पहाड़ी।

## आईएसआईएस से जुड़े होने के आरोप में बीडीएस का छात्र मुरादाबाद से गिरफ्तार

संवाददाता, मुरादाबाद/लखनऊ



हारिश अली

- एटीएस ने की कार्रवाई आरोपी मूल रूप से सहारनपुर का रहने वाला है

**अमृत विचारः** यूपी एटीएस ने मुरादाबाद से बीडीएस के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। छात्र पर आतंकी संगठन आईएसआईएस के ऑनलाइन मॉड्यूल से जुड़े होने का आरोप है।

एटीएस के अनुसार गिरफ्तार छात्र हारिश अली मूलरूप से सहारनपुर का रहने वाला है और मुरादाबाद के एक संस्थान में बीडीएस द्वितीय वर्ष का छात्र बताया जा रहा है। एटीएस के मुताबिक हारिश अली कथित रूप से आईएसआईएस के हैंडलर्स के संपर्क में था और सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट्स बनाकर लोगों को आत्मघाती हमलों के लिए उकसाने का काम कर रहा था। एटीएस ने उसके कई इंस्टाग्राम अकाउंट्स को ट्रेस किया है, जिनके जरिए वह कथित रूप से मुस्लिम युवकों को ब्रेनवॉश कर आईएसआईएस से जोड़ने की कोशिश कर रहा था। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि हारिश अली ने अल इत्तेहाद मीडिया फाउंडेशन नाम से एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया था।

**कई ग्रुप बनाए, करा रहा था युवकों की भर्ती**

एटीएस जांच में सामने आया कि हारिश आईएसआईएस माड्यूल के हैंडलरों के सीधे संपर्क में था। उसने इंस्टाग्राम इनक्रिप्टेड एप सेशन व डिसकार्ड पर फर्जी नामों से वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के माध्यम से समर्थित ग्रुप बनाए। इन ग्रुप के माध्यम से कट्टरपंथी युवकों को आईएसआईएस में भर्ती किया जा रहा था। हारिश ग्रुपों में आईएसआईएस की मीडिया चैनलों की पत्रिकाओं, प्रचार–प्रसार की सामग्रियों, आतंकी विचारधाराओं व मारे गए आतंकियों के चित्र, वीडियो व आडियो, आतंकियों को महिमा मंडित कर साझा किया जाता था।

**नसीहत** | सुप्रीम कोर्ट ने कहा– हरित आवरण के मुद्दे पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता

## हरियाली की जरूरत सिर्फ दिल्ली को है ... बदलनी होगी सोच

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली रिज से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह सोच बदलनी होगी कि केवल राष्ट्रीय राजधानी को ही हरियाली की जरूरत है और अन्य राज्यों पर इसका कम असर पड़ता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने टिप्पणी की कि हरित आवरण के मुद्दे पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

अरावली पर्वत श्रृंखला का ही एक विस्तार रिज दिल्ली में स्थित है और यह एक पथरीला, पहाड़ी और वन क्षेत्र है। प्रशासनिक कारणों से इसे चार क्षेत्रों दक्षिण, दक्षिण-मध्य, मध्य और उत्तर में विभाजित किया गया है जो लगभग 7,784 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हुए हैं। पीठ ने कहा, हमें यह सोच बदलने की जरूरत है कि राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते केवल दिल्ली को हरियाली की जरूरत है और बाकी शहरों को नहीं। इस मामले में अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर ने उच्चतम न्यायालय के 11 नवंबर के फैसले का हवाला दिया, जिसमें केंद्र को दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड (डीआरएमबी) को वैधानिक दर्जा देने और इसे रिज और ''मॉर्फोलॉजिकल रिज'' से संबंधित सभी मामलों के लिए एकल-खिड़की प्राधिकरण बनाने का निर्देश दिया गया था। तब न्यायालय ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3(3) के तहत औपचारिक रूप से डीआरएमबी का गठन करने का निर्देश दिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान, केंद्र की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि पिछले साल एक दिसंबर को डीआरएमबी के गठन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई थी।

**जंगल और हरित क्षेत्रों के प्रबंधन पर गठित समितियों का मांगा विवरण**

पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह हलफनामा दाखिल कर रिकॉर्ड पर यह विवरण पेश करे कि जंगलों और हरित क्षेत्रों के प्रबंधन तथा पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को देखने के लिए वैधानिक या गैर–वैधानिक समितियों का गठन कैसे किया गया है। न्यायालय ने कहा कि हलफनामे में उन वैधानिक ढांचों पर भी स्पष्टीकरण होना चाहिए जिनके तहत विभिन्न निकायों का गठन किया गया है। पीठ ने कहा कि हलफनामा दो सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए और उसके बाद मामले की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान, पीठ को बताया गया कि विभिन्न समितियां राष्ट्रीय राजधानी और पूरे देश में हरित आवरण के मुद्दे पर गौर कर रही हैं।

# संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार घोषित, 54 कलाकार होंगे सम्मानित

## वर्ष 2021 से लेकर 2024 तक के अकादमी पुरस्कारों के लिए नाम घोषित, संगीत, नृत्य, नाटक और लोक कलाओं के क्षेत्र में योगदान के लिए हुआ चयन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2021 से 2024 तक के अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इन पुरस्कारों के तहत संगीत, नृत्य, नाटक और लोक कलाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत ने बताया कि चार वर्षों के अकादमी पुरस्कारों के साथ रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कलाकारों का भी चयन हुआ है। इन्हें सफदर हाशमी पुरस्कार और बीएम शाह पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनकी कुल संख्या 54 बताई गई है।

- **अकादमी पुरस्कार समेत सफदर हाशमी व बीएम शाह पुरस्कारों के लिए भी नामों का चयन**

संगीत नाटक अकादमी की ओर से वर्ष 2021 के अकादमी पुरस्कार के लिए शास्त्रीय गायन के क्षेत्र में पं. दीनानाथ मिश्रा, लोक गायन के लिए श्रीकांत वैश्य, नक्कारा वादन के लिए कानपुर के प्रभु दयाल और शहनाई वादन के लिए वाराणसी के जवाहर लाल के नामों की घोषणा की गई। इस क्रम में रंगमंच निर्देशन के लिए भूमिकेश्वर सिंह, रंगमंच तकनीकी-प्रकाशन के लिए जगमोहन रावत, नौटंकी निर्देशन के लिए राजकुमार श्रीवास्तव एवं नाट्य लेखन के लिए विजय पंडित को सम्मानित किया जाएगा। कला उन्नयन के लिए मथुरा के मोहन स्वरूप भाटिया और वाराणसी की माला होम्बल के नामों का चयन किया गया है। जबकि नृत्य विधा में मथुरा, वृदांवन की भरतनाट्यम नृत्यांगना प्रतिभा शर्मा को पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही वर्ष 2021 के सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए रीवा के मनोज कुमार मिश्रा एवं बी.एम. शाह पुरस्कार के लिए दिल्ली के सतीश आनन्द पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।


जानकारी देते उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो. जयंत खोत व अन्य।

वर्ष 2022 के अकादमी पुरस्कार के लिए शास्त्रीय गायन एवं लोक गायन के लिए मथुरा के आनन्द कुमार मलिक व माधुरी शर्मा, जबकि कथक नृत्य के लिए लखनऊ के पं. अनुज मिश्रा, पखावज वादन के लिए शशिकांत पाठक और तबला वादन के लिए प्रयागराज के पंकज कुमार श्रीवास्तव के नामों की घोषणा की गई है। वहीं गिटार वादन के लिए सुनील पावगी, बांसुरी वादन के लिए मोहन लाल कुंवर, रंगमंच अभिनय के लिए मंजू कौशल तथा रंगमंच तकनीक-कठपुतली के लिए मेराज आलम को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नाट्य लेखन, संगीत, नृत्य एवं रंगमंच के लिए वाराणसी के विजय शंकर मिश्रा एवं कला समीक्षा के लिए सीतापुर के पद्मकांत शर्मा को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। जबकि वर्ष 2022 के सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए नई दिल्ली के राजेश सिंह एवं बी.एम. शाह पुरस्कार के लिए भोपाल के कमल जैन के नामों का चयन किया गया है।

### वर्षवार कुल कलाकारों की संख्या

2021 : 12 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 14 कलाकार
2022 : 12 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 14 कलाकार
2023 : 11 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 13 कलाकार
2024 : 11 अकादमी पुरस्कार, 2 विशेष पुरस्कार = 13 कलाकार

संगीत नाटक अकादमी की ओर से वर्ष 2023 के लिए शास्त्रीय गायन की श्रेणी में डॉ. रामशंकर, सुगम गायन के लिए मनोज गुप्ता एवं लोक गायन के लिए राकेश श्रीवास्तव को सम्मानित करने की घोषणा की गई। जबकि कथक नृत्य के लिए लखनऊ की डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, तबला वादन के लिए अनूप बनर्जी और बांसुरी वादन के लिए चेतन कुमार जोशी के नामों का चयन किया गया है। वहीं नाटक एवं रंगमंच के क्षेत्र में निर्देशन के लिए राजकुमार उपाध्याय, अभिनय के लिए संजय देगलुरकर, लेखन-संगीत एवं नृत्य के लिए उमा त्रिगुणायत, कला उन्नयन के लिए डॉ. ओमेन्द्र कुमार एवं कला समीक्षा के लिए अर्जुनदास केसरी को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए गाजियाबाद के अजय कुमार और बीएम शाह पुरस्कार के लिए गोरखपुर के रविशंकर खरे के नाम का चयन किया गया है।

इसी क्रम में वर्ष 2024 के अकादमी पुरस्कार में शास्त्रीय गायन के लिए रीतेश-रजनीश मिश्रा, सुगम गायन के लिए मुक्ता चटर्जी और लोकगायन (आल्हा) के लिए रामस्थ पाण्डेय को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। वहीं लोक नृत्य के लिए सुगम सिंह शेखावत, दुक्कड़ वादन के लिए मंगल प्रसाद, वायलिन वादन के लिए सुखदेव मिश्रा एवं सितार वादन के लिए वाराणसी के राजेश शाह को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जबकि रंगमंच के क्षेत्र में निर्देशन के लिए सुषमा शर्मा, अभिनय क्षेत्र में रविकांत शुक्ला 'शिब्बू', कला उन्नयन के लिए राजेश पंडित एवं कला समीक्षा के लिए शशिप्रभा तिवारी को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही वर्ष 2024 के लिए सफदर हाशमी पुरस्कार के लिए लखनऊ के शुभदीप राहा और बीएम शाह पुरस्कार के लिए भोपाल के संजय मेहता के नाम का चयन किया गया है। अध्यक्ष प्रो. जयंत ने बताया कि अकादमी की ओर से जल्द ही विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर इन सभी कलाकारों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 'ग्रेवयार्ड इकॉनमी' से 'टेंपल इकॉनमी' की ओर बढ़ रहा यूपी

**अमृत विचार, लखनऊ/आगरा :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश अब वर्ष 2017 की 'ग्रेवयार्ड इकॉनमी' से निकलकर 'टेंपल इकॉनमी' की ओर बढ़ रहा है, जहां आस्था, संस्कृति और पर्यटन स्थानीय रोजगार व अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्रज रंगोत्सव 2026 के दौरान होली के प्रमुख दिनों में ब्रज क्षेत्र में 44 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे, जिससे धार्मिक पर्यटन को नया बल मिला। संस्कृति मंत्री ने सोमवार को कहा कि मथुरा-वृंदावन से लेकर अयोध्या और वाराणसी तक प्रदेश के प्रमुख तीर्थस्थल वैश्विक पहचान बना रहे हैं।


जयवीर सिंह

### असम व बंगाल में चुनावी माहौल गरमाएंगे यूपी के कांग्रेस नेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा कर दी है तो प्रदेश कांग्रेस में भी हलचल शुरू हो गई है। पांचों राज्यों में चुनाव कराने के लिए यूपी से प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष दिग्गज कांग्रेस नेताओं को भेजा जाएगा, जोकि राज्यों में जाकर चुनावी माहौल को गरमाएंगे। यूपी से भी दिग्गज नेताओं को पश्चिम बंगाल और असम समेत पांचों राज्यों में उतारने की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए करीब 50 नेताओं को चुना जाएगा। इसके लिए गहन मंथन शुरू हो गया है। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि पार्टी नेताओं को चुनाव के लिए राज्यों में भेजा जाएगा। इसके लिए नेताओं के कद के हिसाब से लिस्ट तैयार की जा रही है।

### 1,08,935 गांवों में से 95,765 का भू-संदर्भीकरण पूरा

**अमत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में कृषि क्षेत्र को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का तेजी से विस्तार हो रहा है। कुल 1,08,935 राजस्व गांवों में से 95,765 गांवों का भू-संदर्भीकरण कार्य पूरा हो चुका है। इसके आधार पर खरीफ और रबी दोनों मौसम में बड़े पैमाने पर डिजिटल क्रॉप सर्वे किया गया है। खरीफ मौसम में 5.37 करोड़ से अधिक खेतों का सर्वे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया, जबकि रबी मौसम में भी 5.56 करोड़ से अधिक खेतों का सर्वे पूरा किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे और किसान पंजीकरण अभियान के माध्यम से किसानों का सटीक आंकड़ा तैयार करने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया गया है।

### प्रतियोगिता के आवेदन की अंतिम तिथि 20

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी)' योजना के अंतर्गत लोगो डिजाइन, क्विज और रील प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में विजेता को 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च शाम 5:45 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके अलावा 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए 'माय विलेज' रील/वीडियो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रतिभागी 30 से 60 सेकंड के वीडियो के माध्यम से अपने गांव की विशेषताओं और विकास की कहानियां साझा करेंगे। ग्राम्य विकास विभाग आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी MyGov या MYBharat पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आक्रोश

## बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन कटने पर मुआवजे की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। प्रदेश के कई जिलों में नेगेटिव बैलेंस के चलते लाखों उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आए, जिनमें उपभोक्ताओं ने भुगतान करने के बावजूद आरएमएस सिस्टम में रिचार्ज सिंक न होने के कारण समय पर बिजली कनेक्शन बहाल नहीं हो सके। इससे पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं के बीच आक्रोश की स्थिति बन गई।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात कर लोक महत्व का प्रतिवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को हजारों उपभोक्ताओं ने भुगतान कर दिया था,



फिर भी उनके कनेक्शन समय पर नहीं जोड़े गए। परिषद ने मांग की है कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं को स्टैंडर्ड ऑफ परफॉर्मेंस कानून 2019 के तहत मुआवजा दिया जाए। परिषद ने यह भी मांग उठाई कि स्मार्ट प्रीपेड मोड में जिन उपभोक्ताओं पर बकाया हो गया है, उन्हें पोस्टपेड उपभोक्ता मानते हुए विद्युत वितरण संहिता के तहत किस्तों में भुगतान की सुविधा दी जाए, ताकि गरीब उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। परिषद अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बिना उपभोक्ताओं को सूचना दिए उनके पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा दिए गए और उन्हें प्रीपेड मोड में बदल दिया गया, जो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का उल्लंघन है।

### रिचार्ज कराने पर भी प्रदेश के 1.47 लाख घरों में नहीं आई बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में प्रीपेड स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं होने कारण 2,23,765 विद्युत कनेक्शन आटोमिटिक ढंग से कट गए थे। उनमें से सोमवार तक 76,209 विद्युत कनेक्शन उपभोक्ताओं द्वारा रिचार्ज करा लेने के उपरांत पुनः चालू हो गये। लेकिन अभी भी 1,47,556 कनेक्शन कटे हुये हैं, जिससे उनके घरों में अंधेरा है। उधर पावर कारपोरेशन के प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन डिसकनेक्ट हुए हैं, यदि उनके यहां बिजली सप्लाई मिली तो मुकदमे कराए जाएंगे।

पिछले कई दिनों से प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की बिजली डिसकनेक्ट करने का मामला गरमाया हुआ है। इस मुद्दे पर सोमवार को पावर कारपोरेशन के प्रवक्ता ने बताया कि बिजली सप्लाई बंद होने के बाद यदि उपभोक्ता बकाए का 50 फीसदी प्रीपेड स्मार्ट मीटर रिचार्ज करता है तो तो कनेक्शन केवल तीन दिनों के लिए पुनः जोड़ दिया जाएगा।

- **पावर कारपोरेशन ने कहा- कनेक्शन कटने के बाद बिजली प्रयोग की तो होंगे मुकदमे**

प्रवक्ता का कहना है कि यदि इन तीन दिनों के भीतर पूरा बिल नहीं रिचार्ज किया तो दोबारा कनेक्शन कट दिया जाएगा। स्मार्ट मीटरों के प्रमुख लाभों में सटीक बिलिंग, समय से रिचार्ज और मीटर से छेड़छाड़ नहीं करने पर निर्धारित विद्युत टैरिफ पर दो प्रतिशत छूट दी जा रही है।

### कैप्टिव पावर अमेंडमेंट रुल्स से डिस्काम पर मंडरा सकता वित्तीय खतरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार द्वारा कैप्टिव इलेक्ट्रिसिटी पावर अमेंडमेंट रूल्स लागू करने से बिजली वितरण कंपनियों पर वित्तीय खतरा मंडरा सकता है। इस नए नियम के तहत औद्योगिक कंपनियां अपने निजी बिजली घर लगा सकेंगी। जबकि डिस्काम की आय का साधन औद्योगिक कंपनियों को दी जा रही बिजली सप्लाई ही है। दरअसल केंद्र सरकार ने विद्युत अधिनियम-2005 में संशोधन किया है। उसके स्थान नया कैप्टिव पावर इलेक्ट्रिसिटी संशोधन (अमेंडमेंट) रूल्स- 2026 लागू किया गया है। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने इस संसोधन अधिनियम का कड़ा विरोध किया है। फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि इन संशोधनों से देश की बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस नियम ने कैप्टिव पावर के दायरे को अत्यधिक व्यापक बना दिया है, जिससे बड़े औद्योगिक उपभोक्ता बड़ी संख्या में डिस्कॉम से बिजली खरीदने के बजाय कैप्टिव स्रोतों से बिजली लेना शुरू कर देंगे। इससे डिस्कॉम की बिजली बिक्री में भारी गिरावट आएगी।


लखनऊ स्थित अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

# चूहामार दवा 'रैटोल पेस्ट' पर रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अवैध और अत्यंत घातक चूहानाशक उत्पाद 'रैटोल पेस्ट' की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। यह कार्रवाई जनस्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है।

राज्य सरकार के अनुसार, येलो या व्हाइट फॉस्फोरस युक्त यह उत्पाद (चूहामार दवा) अनुमोदित कीटनाशकों की सूची में शामिल नहीं है। ऐसे में इसका निर्माण, भंडारण और बिक्री कीटनाशी अधिनियम, 1968 के तहत दंडनीय अपराध है। विशेषज्ञों के मुताबिक, येलो फॉस्फोरस अत्यंत विषैला और ज्वलनशील पदार्थ है, जिसका कोई प्रभावी एंटीडोट उपलब्ध नहीं है और थोड़ी मात्रा में सेवन से भी गंभीर विषाक्तता या मृत्यु हो सकती है।

- **फॉस्फोरस युक्त चूहानाशक घातक अवैध बिक्री रोकने के निर्देश**

शासन ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे अपने प्लेटफॉर्म से 'रैटोल पेस्ट' या येलो फॉस्फोरस युक्त सभी उत्पादों की लिस्टिंग तत्काल हटाएं और भविष्य में इन्हें दोबारा सूचीबद्ध न होने दें। जिला कृषि रक्षा अधिकारियों और कीटनाशी निरीक्षकों को भी सघन निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। कहीं भी अवैध भंडारण या बिक्री मिलने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अभियान चलाकर करें सख्त कार्रवाई : शाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने निर्देश दिए हैं कि चूहानाशक दवा रैलोट पेस्ट की बिक्री पर तुरंत ही प्रदेश भर में रोक लगाई जाए। यह मानव जीवन के लिए घातक है। कृषि मंत्री ने सोमवार को प्रदेश के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी जिला कृषि रक्षा अधिकारी और इंसपेक्टर इसे लेकर सघन अभियान चलाएं और सख्त कार्रवाई करें।

# टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण के लिए दो हजार करोड़ रुपये मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत युवाओं को टेबलेट और स्मार्टफोन वितरित करने के लिए दो हजार करोड़ रुपये की धनराशि के उपयोग को वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में औद्योगिक विकास विभाग शासनादेश जारी किया गया है।

शासनादेश के अनुसार, स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत टेबलेट और स्मार्टफोन वितरण के लिए दो हजार करोड़ रुपये की धनराशि आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उत्तर प्रदेश के निस्तारण पर रखी गई है। शासनादेश में बताया गया है कि युवाओं को निःशुल्क टेबलेट और स्मार्टफोन वितरण के लिए पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं और इस योजना के संचालन के लिए यूपी डेस्को को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। शासनादेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि बजट का आवंटन अपने आप में व्यय की अनुमति नहीं माना जाएगा। किसी भी व्यय से पहले संबंधित सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा। धनराशि का आहरण केवल तत्काल आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा और इसे बैंक खातों में रखकर नहीं रखा जाएगा। इसके साथ ही संबंधित अधिकारी या संस्था को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न हो और किए गए व्यय के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र समय से शासन को उपलब्ध कराया जाए। सरकार ने यह भी निर्देश दिया है कि योजना के तहत होने वाले सभी भुगतान और आहरण बजट मैनुअल, वित्तीय नियमों तथा संबंधित शासनादेशों के अनुरूप ही किए जाएं।

- **शासन ने आयुक्त एवं निदेशक उद्योग को भेजी धनराशि**

# कृषि क्षेत्र के लिए 49.81 करोड़ रुपये स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश की सरकार ने कृषि क्षेत्र और कृषि से संबंधित पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए खजाना खोल दिया। कृषि क्षेत्र के लिए 49.81 करोड़ किए गए मंजूर किए गए। खास बात यह है कि किसानों को अधिक पैदावार बढ़ाने के लिए उन्नत बीज मुहैया कराने के लिए छात्रों के लिए अयोध्या के कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 250 क्षमता के छात्रावास के निर्माण के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

कृषि विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक, कृषि क्षेत्र के विकास के लिए वर्ष 2025-26 के अंतर्गत महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गईं। इसके तहत किसानों को उन्नत बीज वितरण करने, खेत की मिट्टी का परीक्षण करने और तकनीकी सुधारों के लिए भी धन जारी किया गया। खास बात यह है कि जायद फसलों के तहत गन्ना फसल के साथ ही दलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने की योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम योजना में 28.78 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी दी गई।

- **नरेंद्र देव कृषि यूनिवर्सिटी परिसर में बनेगा 250 छात्रों की क्षमता का छात्रावास**
- **किसानों को उन्नत बीज देने और मिट्टी परीक्षण के लिए भी जारी किया बजट**
- **प्रयोगशालाओं में तैनात संविदा कर्मियों का बढ़ेगा वेतन**

बजट में मृदा परीक्षण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उपाय किए गए हैं। प्रदेश भर की प्रत्येक तहसील पर बनी प्रयोगशालाओं में कार्यरत संविदा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि का निर्णय लिया गया है। साथ ही मिट्टी की जांच के लिए 15.39 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इसके अलावा कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा निदेशालय द्वारा कृषि आंकड़ों में सुधार करने के लिए भी धन को मंजूरी दी गई है।

### मत्स्य पालकों के प्रशिक्षण पर खर्च की सीमा तय

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने मत्स्य पालक कल्याण कोष के क्रियान्वयन से संबंधित दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए प्रशिक्षण, भ्रमण, प्रदर्शन और सेमिनार जैसे कार्यक्रमों के संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए मत्स्य पालकों व मछुआरों के प्रशिक्षण पर कोष से व्यय की व्यवस्था को संशोधित किया गया है। मत्स्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार, नई व्यवस्था के तहत अब राज्यांतर्गत तथा अंतर्राज्यीय भ्रमण, क्षमता विकास, प्रदर्शन और सेमिनार कार्यक्रमों के लिए मत्स्य पालकों व मछुआरों के प्रशिक्षण और भ्रमण पर कोष की निर्धारित सीमा तक व्यय किया जा सकेगा। इससे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का दायरा बढ़ेगा और मत्स्य पालकों को नई तकनीक और आधुनिक पद्धतियों की जानकारी मिल सकेगी।

**मिसाल** | सब्सिडी से बदली तकदीर, जरबेरा की खेती से लाखों की कमाई

# फूलों की खेती से बनाई पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सरकारी योजनाओं के सहयोग से प्रदेश के किसान आधुनिक और अधिक लाभकारी खेती की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। बाराबंकी जिले के युवा किसान नीरज पटेल ने फूलों की खेती अपनाकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। उन्हें सरकार की ''राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना'' के तहत सहायता मिली, जिसके बाद उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

पारंपरिक खेती करने वाले परिवार से आने वाले नीरज पटेल ने पढ़ाई पूरी करने के बाद कुछ नया करने का निर्णय लिया। उद्यान विभाग के एक कार्यक्रम में उन्हें जरबेरा फूल की खेती के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने आधुनिक तकनीक के साथ इस खेती को अपनाने का फैसला किया। वर्ष 2018 में योजना के तहत उन्हें लगभग 29.50 लाख रुपये का ऋण मिला और बाद में 50 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान किया गया।


बाराबंकी के किसान नीरज पटेल

सरकारी सहायता से उन्होंने अपने एक एकड़ खेत में संरक्षित खेती के तहत पॉलीहाउस स्थापित किया। इसमें करीब 25 हजार जरबेरा पौधे लगाए गए हैं, जो एक बार लगाने के बाद लगभग छह वर्ष तक उत्पादन देते हैं। जरबेरा फूलों की मांग शादी, सजावट और विभिन्न आयोजनों में लगातार बनी रहती है। नीरज बताते हैं कि सभी खर्च निकालने के बाद उन्हें हर साल करीब 8 से 10 लाख रुपये तक की शुद्ध आय हो जाती है। उनकी पहल से आसपास के पांच लोगों को रोजगार भी मिला है। नीरज अब अन्य किसानों को भी आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले बजट का पूरा उपयोग करें : सचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को विभागीय योजनाओं के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट और प्रगति की समीक्षा की। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, बजट व्यय और लंबित परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले बजट का पूरा उपयोग करें। कैसरबाग स्थित निर्यात भवन में समीक्षा के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

# जरूरत पड़ी तो बढ़ाएंगे बॉरोइंग पावर

## नाबार्ड की आरआईडीएफ परियोजनाओं की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने नाबार्ड की ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) से वित्त पोषित परियोजनाओं की प्रगति को संतोषजनक बताया और कहा कि आवश्यकता पड़ने पर चालू वित्तीय वर्ष में राज्य की बॉरोइंग पावर बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने नाबार्ड और कार्यदायी विभागों के बीच बेहतर तालमेल पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि परियोजना स्वीकृति, प्रतिपूर्ति दावे और परियोजना पूर्णता प्रमाणपत्र समयबद्ध तरीके से भेजे जाएं।


मुख्य सचिव एसपी गोयल

मुख्य सचिव सोमवार को लोकभवन में नाबार्ड की ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) से वित्त पोषित परियोजनाओं की प्रगति संबन्धी समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इनमें वित्तीय वर्ष 2025-26 की हाई पावर कमेटी की पंचम समीक्षा की गई। बैठक में पशुपालन विभाग की प्रस्तावित पशु चिकित्सालय परियोजना की भी समीक्षा की गई। साथ ही प्रोजेक्ट यट टू बी प्रोजेक्ट यह टू बी ग्राउंडेड और स्लो मूविंग प्रोजेक्ट्स की स्थिति पर चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को विस्तृत विवरण नाबार्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में आरआईडीएफ के तहत 2419 करोड़ रुपये की नई परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जबकि 2700 करोड़ रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 2713 करोड़ रुपये का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक राज्य को 3100 करोड़ रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### भाजपा के इशारे पर काम कर रहा चुनाव आयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि भाजपा फर्जी तरीके से प्रिंटेड फार्म-7 और नकली हस्ताक्षरों के जरिए सपा समर्थकों के वोट कटवाने की साजिश कर रही है। पार्टी ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की, लेकिन अब तक दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सपा प्रमुख ने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं होती, वहां चुनाव के दौरान डीजीपी और मुख्य सचिव जैसे अधिकारियों को हटा दिया जाता है, जबकि भाजपा शासित राज्यों में ऐसा नहीं होता।



मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी
के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज
कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# 50 क्विंटल फूलों से सजेगा राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राममंदिर परिसर में 19 मार्च को आयोजित श्रीराम यंत्र स्थापना समारोह में पूरे परिसर को 50 क्विंटल फूलों से सजाया जायेगा। जगद्गुरु आदि शंकराचार्य द्वार से लेकर राम मंदिर तक विशेष व्यवस्था होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राम जन्मभूमि परिसर में आगमन होते ही भव्य स्वागत किया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इसकी तैयारी कर रहा है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने बताया कि यह राम मंदिर समेत पूरे परिसर के निर्माण का अंतिम कार्यक्रम होगा। राम मंदिर के साथ परिधि में बने 800 मीटर के परकोटे में छह देवी-देवताओं


राम मंदिर।

के मंदिर, शेषवतार मंदिर, सप्त ऋषि मुनियों के मंदिर, कूबेर टीला और जटायु की प्रतिमा स्थापित है। जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके लिए सभी स्थलों

- मंत्रोच्चारण, शंखनाथ और भगवान के भजनों से गुंजायमान होगा परिसर

को फूलों से सुसज्जित करने की योजना है। 19 मार्च को सुबह 11 बजे के लगभग परिसर में प्रवेश करते ही फूलों से स्वागत किया जाएगा। मंत्रोच्चारण, शंखनाथ और भगवान के भजनों से परिसर गुंजायमान होगा।

यह कार्यक्रम को बहुत ही सुंदर ढंग से संपन्न करने की तैयारी की जा रही है। यहाँ आने वाले प्रमुख अतिथियों को बैठने की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू परिसर का भ्रमण करते हुए राम मंदिर पहुंचेंगी। जहां श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी। वहीं आमंत्रित अतिथियों को संबोधन के लिए बने मंच पर भी जाएंगी।

# ट्रस्ट बनवा रहा प्रसाद के 10 हजार प्रसाद डिब्बे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर के द्वितीय तल 19 मार्च को श्रीराम यंत्र की स्थापना होगी। इसके लिए यंत्र का पूजन अनुष्ठान संपन्न किया जा रहा है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ होने पर आयोजित समारोह में शामिल होने वाले 7000 अतिथि, सुरक्षाकर्मी और कार्यकर्ताओं को विशेष प्रसाद उपलब्ध कराए जाने की तैयारी है। इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सीता रसोई में प्रसाद के 10 हजार डिब्बे बनवा रहा है। इसके अलावा इस दिन मंदिर के दर्शनार्थियों में भी लड्डू और पंजीरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

- श्रद्धालुओं को भी बांटे जाएंगे लड्डू और पंजीरी

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज की देख रेख में चल रहे प्रसाद पैकिंग में मखाना, मूंगफली दाना, चिप्स, लक्षा, रामदाने के लड्डू, पंजीरी तैयार की जा रही है।


राम मंदिर परिसर स्थित सीता रसोई में तैयार हो रहा प्रसाद। अमृत विचार

राजेंद्र सिंह पंकज ने बताया कि आमंत्रित अतिथियों को लगभग पांच घंटे परिसर में रहना होगा। उनके लिए फलहार के लिए विशेष पैकेट तैयार किये जा रहे हैं। जिसमें दो लड्डू, एक आलू चिप्स, लक्षा के अलावा केला, सेब व संतरा भी दिया जाएगा, क्योंकि इस दिन नवरात्र का प्रथम दिन भी होगा। इसके लिए यह पूरी तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि गर्मी का मौसम है इसके लिए कोई कठिनाई न आए इसके लिए सभी के बीच ओआरएस का घोल भी वितरित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### निष्प्रयोज्य दो बोलेरो की नीलामी 19 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** कमिश्नरी के मंडलीय कार्यालय को आवंटित दो बोलेरो को निष्प्रयोज्य घोषित कर दिए जाने के कारण वाहनकी नीलामी की जाएगी। अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी ने बताया कि नीलामी के लिए कमिश्नर ने 19 मार्च को शाम पांच बजे का समय तय किया है। अधिक जानकारी के लिए मण्डलीय कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन 19 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महानगर के विवेकानंद नगर में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर बैठक की गई। अयोध्या महानगर के व्यवस्था प्रमुख विवेक अग्रवाल ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर प्रत्येक कार्यक्रमों में आगे बढ़ना है। चैत्र प्रतिपदा 19 मार्च दिन बृहस्पतिवार को सुबह साढ़े छह बजे संध्या सरोवर स्थान पर संघ प्रार्थना करके भारतीय नव वर्ष मनाया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ स्वयंसेवक जय प्रकाश पांडेय, विवेकानंद नगर के सह कार्यवाह सुनील साहू, आलोक गोयल,बस्ती प्रमुख अधिवक्ता राजीव शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

### वित्तीय गड़बड़ी की शिकायत

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** विकासखंड बीकापुर क्षेत्र के डेहरियावा ग्राम पंचायत में हैंडपंप के रीबोर और चौकी निर्माण में की गई वित्तीय गड़बड़ी की शिकायत की गई है। गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. दिनेश त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री व ग्राम विकास विभाग के जनसुनवाई शिकायत पोर्टल पर शिकायत पत्र भेजकर गड़बड़ी का आरोप लगाया है। वीडीओ पंचायत अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। शिकायत पत्र मिलने पर जांच कराई जाएगी।

### स्मार्ट मीटर से एक दिन में बकाए के दो-दो मैसेज



**अयोध्या, अमृत विचार :** आपके घर पर स्मार्ट मीटर लगा है तो सावधान, एक दिन में दो-दो आ सकते हैं। ऐसा ही एक मामला सोहावल विद्युत उपकेंद्र के पंडितपुर गांव से है। गांव के रहने वाले वीरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि उनके घर पर स्मार्ट मीटर 16 अक्टूबर 2025 को लगा। 20 फरवरी के बाद अचानक बकाए का मैसेज आना शुरू हो गया। जबकि उसके पहले उनका कोई बकाया नहीं था। लगभग सप्ताह भर में आठ से दस मैसेज मोबाइल पर आए। एक दिन में दो-दो मैसेज आए। यह देख वह भौंचक रह गए। पॉवर कॉरपोरेशन के दफ्तर गए तो बताया गया कि इसे जमा करना होगा। थकहार कर उन्होंने तहसील दिवस में मीटर की जांच और बिल ठीक कराए जाने की शिकायत की। इसके बाद उन्हें पावर कारपोरेशन के दफ्तर बुलाया गया। फिलहाल दुरुस्त किए जाने के बाद वह बिल जमा करेंगे।

# एलपीजी संकट के बीच कंट्रोल रूम स्थापित

## जिले को लोगों को मिलेगी राहत, 24 घंटे करेगा काम, कंट्रोल रूम का मुख्य नंबर 7839563394 जारी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर के संकट के बीच जिला आपूर्ति विभाग ने 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम स्थापित किया है। यह कंट्रोल रूम कार्यालय में ही बनाया गया है, जहां उपभोक्ता किसी भी समय अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। विभाग का दावा है कि यह व्यवस्था एलपीजी से जुड़ी सभी प्रकार की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगी।

जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने इस कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सचिन कुमार को नोडल अधिकारी के रूप में सौंपी है। व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए मुख्य कंट्रोल रूम नंबर 7839563394 जारी किया गया है। यह नंबर 24 घंटे सक्रिय रहेगा, ताकि उपभोक्ता किसी भी समय संपर्क कर सकें। कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में लगाई गई है। प्रत्येक शिफ्ट आठ घंटे की होगी। कुल छह कर्मचारी इस कार्य में तैनात हैं, जिनके व्यक्तिगत नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं। इससे उपभोक्ताओं को सीधे संबंधित कर्मचारी से बात करने की सुविधा मिलेगी और शिकायतों का निस्तारण संभव हो सकेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अफवाहों से स्थिति प्रभावित हो रही है। इस कंट्रोल रूम की स्थापना से आमजन को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।


रोडवेज के निकट सिलेंडर न मिलने के कारण बंद दुकानें। अमृत विचार

### छह कर्मचारी व तीन ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों के नंबर भी सार्वजनिक

### ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों का नंबर जारी

| नाम | कंपनी | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|
| चंदन | बीपीसीएल | 9049333378 |
| सूरज | एचपीसीएल | 9198786919 |
| एनसी प्रवीन | आईओसीएल | 9415019172 |

### कब-कितने मिले सिलेंडर

8 मार्च–2,538
9 मार्च–7,444
10 मार्च–12,504
11 मार्च–12,196
12 मार्च–9,643
13 मार्च–9,479
14 मार्च–11,366
15 मार्च–10,980
16 मार्च–10,701

**नोट–विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार।**

### तैनात कर्मियों को भी घुमाएं फोन

| नाम | पदनाम | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|
| पूजा सिंह | आपूर्ति निरीक्षक | 7706869035 |
| प्रदीप कुमार | कनिष्ठ सहायक | 8318962663 |
| सौरभ कुमार | आपूर्ति निरीक्षक | 7037579700 |
| देवेंद्र सिंह | कनिष्ठ सहायक | 9140386157 |
| शशांक सिंह | आपूर्ति निरीक्षक | 7080976076 |
| दीपांकर वर्मा | कनिष्ठ सहायक | 7905506114 |

### 10 दिन में जिले को मिले 1.13 लाख घरेलू सिलेंडर



आपूर्ति को लेकर उठ रहे सवालों के बीच यह बात सामने आई है कि जिले को 10 दिन में (छह से 16 मार्च के बीच) एक लाख 13 हजार 728 घरेलू सिलेंडर प्राप्त हुए हैं। विभाग का मानना है कि आठ मार्च से संकट की खबरें आनी शुरू हुई थीं, लेकिन अब धीरे-धीरे सिलेंडर की आपूर्ति बढ़नी शुरू हो गई है। रविवार को जिले में 11,809 लोगों ने सिलेंडर बुक कराया था। उसके सापेक्ष जिले में सोमवार को 10,364 घरेलू सिलेंडर प्राप्त हुए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि 1445 सिलेंडर कम पहुंचे थे।

# जोधपुर-मऊ अमृत भारत एक्स. साप्ताहिक ट्रेन का संचालन जल्द

अयोध्या कार्यालय

- अयोध्या धाम व कैंट पर होगा ठहराव

**अमृत विचार।** उत्तर रेलवे ने जोधपुर से मऊ के बीच में नई अमृत भारत साप्ताहिक ट्रेन के संचालन की घोषणा की है। यह ट्रेन जोधपुर से प्रत्येक सोमवार व वापसी में मऊ से मंगलवार को चलेगी। इसका अयोध्या धाम व कैंट रेलवे स्टेशन पर ठहराव होगा।

ट्रेन संख्या 14809 व 14810 मथुरा, हाथरस, कासगंज, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, शाहगंज होते हुए मऊ तक आएगी-जाएगी। जल्द ही इसके संचालन की तिथि की घोषणा होगी। वहीं, स्पेशल ट्रेन संख्या 04217 व 04218 वाराणसी-अयोध्या-लखनऊ का संचालन जल्द ही स्थायी किया जाएगा। जानकारी के अनुसार उत्तर रेलवे ने इसकी मंजूरी दे दी है। जल्द ही यह ट्रेन बदले नंबर 14225 व 14226 से चलेगी।

### जल्द बनकर तैयार होगा आधुनिक उप निबंधक कार्यालय

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मिल्कीपुर तहसील में नए उप निबंधक कार्यालय का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। यह कार्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसकी कुल अनुमानित लागत 2 .28 करोड़ रुपये है। वर्तमान में उप निबंधक कार्यालय अस्थायी व्यवस्था में सिंचाई विभाग के भवन में संचालित हो रहा है। नए कार्यालय का निर्माण कार्य 11 सितंबर 2024 को शुरू हुआ था। आवास विकास परिषद (उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद) अयोध्या की निर्माण इकाई–चार इसकी जिम्मेदारी संभाल रही है। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि निर्माण कार्य को 31 मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके बाद कार्यालय पूर्ण रूप से चालू हो जाएगा, जिससे मिल्कीपुर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

- 2.28 करोड़ की लागत से है निर्माणाधीन, आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस

# विधायक की शिकायत पर विभागीय कार्रवाई सुस्त

अयोध्या कार्यालय


- स्थानांतरण के अंतिम दिन तीन करोड़ के भुगतान का मामला

**अमृत विचार :** बलरामपुर सदर विधायक पल्टू राम की ओर से 24 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग में हुई अनियमितताओं की शिकायत के 20 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक जांच नहीं शुरू हो सकी है।

विधायक की ओर जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था कि डॉ. सुशील कुमार द्वारा अपने अल्प सेवा काल के दौरान सीएमएसडी स्टोर इंचार्ज संतराम के साथ मिलीभगत कर दवाओं, उपकरणों एवं अन्य सामग्रियों की बड़े स्तर पर आपूर्ति कराई गई। स्थानांतरण के अंतिम दिन लगभग तीन करोड़ रुपये के भुगतान दोनों की मिलीभगत से लेखा अनुभाग के सहयोग से, बिना भौतिक अभिलेख पूर्ण किए, कोषागार एवं अन्य माध्यमों से कराए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने मांग की थी कि जब तक पूर्व सीएमओ के विरुद्ध चल रही जांच पूर्ण न हो जाए, तब तक संतराम के सेवानिवृत्ति देयकों भुगतान पर रोक लगाई जाए। इधर, जांच में देरी होने पर विभाग में संतराम के देयकों के भुगतान किए जाने की चर्चा शुरू हो गई है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि पत्रावली चला दी है। जांच कमेटी बना रहा हूं। शिकायत में दोषी मिलने पर किसी तरह का आहरण नहीं किया जाएगा।

## हर मंगलवार होगा सुंदरकांड पाठ हनुमानगढ़ी से होगी शुरुआत

**अयोध्या, अमृत विचार :** सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में 17 मार्च को दोपहर तीन बजे सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ होगा। संत-महंतों की उपस्थिति में शुरू होने वाला यह कार्यक्रम हर मंगलवार को अयोध्या मंडल की अलग-अलग ग्राम सभाओं में सामूहिक रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक विनोद कुमार जायसवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। जब राष्ट्र और धर्म सुरक्षित रहेंगे तभी समाज और व्यक्ति का अस्तित्व भी सुरक्षित रहेगा। इसी भावना के साथ हनुमानगढ़ी से सुंदरकांड पाठ की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि जहां ग्राम सभाओं में मंदिर उपलब्ध होंगे वहां मंदिर परिसर में पाठ होगा। विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि हनुमान जी संकट मोचन और शिव के अंश माने जाते हैं। उनकी प्रेरणा से ही राष्ट्र की एकता और अखंडता के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया जा रहा है।


पत्रकार वार्ता करते हुए विश्व हिंदू परिषद के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा और भाजपा नेता विनोद जायसवाल।

# अंतिम व्यक्ति तक कार्यकर्ता पहुंचाता है सरकार व संगठन की विचारधारा : महापौर

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** भाजपा के देवकाली मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में पार्टी की रीति-नीति, संगठन की कार्यप्रणाली और जनसेवा की भावना पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सर्किट हाउस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और संगठन की विचारधारा को पहुंचाने का कार्य करता है। प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने पार्टी के विकास और इतिहास पर विस्तार से चर्चा की। बताया कि भाजपा संगठन वर्षों के संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रवादी विचारधारा के आधार पर मजबूत हुआ है।

कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संगठन की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। द्वितीय सत्र में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बूथ प्रबंधन विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कहा कि भाजपा की शक्ति उसकी विचारधारा और राष्ट्रवाद की भावना में निहित है, जो कार्यकर्ताओं को निरंतर समाजसेवा के लिए प्रेरित करती है।प्रशिक्षण शिविर में शैलेंद्र कोरी, प्रतिमा शुक्ला, हेमंत, शशि प्रताप, शुभम् समेत मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।



**भाजपा देवकाली मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू**

सर्किट हाउस के सभागार में देवकाली मंडल के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी।

# साकेत महाविद्यालय से गेट नंबर 11 तक का सड़क मार्ग अति संवेदनशील

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जा रही हैं। साकेत महाविद्यालय पर बने हैलीपैड पर उतरने के बाद यहां से राम मंदिर में प्रवेश के लिए गेट नंबर 11 तक का लगभग डेढ़ किमी. के सड़क मार्ग सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील माना जा रहा है। इस मार्ग के दोनों ओर स्थित घरों, दुकानों, मठ-मंदिरों का कई चरणों में गहन निरीक्षण किया जा रहा है।



प्रत्येक व्यक्ति का विस्तृत सत्यापन चल रहा है। होमस्टे, गेस्ट हाउस और अन्य आवासीय स्थलों पर 18 तथा 19 मार्च को बाहरी व्यक्तियों के ठहरने पर अघोषित प्रतिबंध लगा दिया गया है। जांच के दौरान घरों, दुकानों के ऊपर ईंट-पत्थर, लकड़ी आदि रखा पाया जा रहा है तो उसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

## राष्ट्रपति का दौरा

- सड़क के दोनों और स्थित घरों का दुकानों के साथ मठ मंदिरों का कई चक्र में हो रहा निरीक्षण
- होम स्टे, गेस्ट हाउस, धर्मशाला में 18 व 19 को बाहरी लोगों को ठहराने पर अघोषित प्रतिबंध

**तीन स्थानों पर खड़ी होगी लिफ्टिंग वैन :** करीब डेढ़ किमी. के इस मार्ग पर तीन स्थानों पर लिफ्टिंग वैन तैनात भी की जाएंगी। यदि राष्ट्रपति का काफिला गुजरने के दौरान किसी वाहन में कोई तकनीकी खराबी या दुर्घटना होती है, तो उसे तत्काल सड़क से हटाकर मार्ग को खाली कराएंगी।साथ ही गलियों से निकलने वाले मार्गों पर बेरिकेडिंग कर सुरक्षा बलों व यातायातकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही इस मार्ग पर फायरब्रिगेड के एक बड़े व दो छोटे वाहनों की भी तैनाती की जाएगी।


राम की पैड़ी पर पहुंचे महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार।

### नगर निगम ने छेड़ा विशेष स्वच्छता अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 19 मार्च को अयोध्या आगमन के मद्देनजर नगर निगम ने सोमवार को विशेष सफाई अभियान छेड़ दिया। यह अभियान 20 मार्च तक जारी रहेगा। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के नेतृत्व में राम की पैड़ी से विशेष सफ़ाई अभियान की शुरुआत की गई। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि सफाई अभियान पूरी राम की पैड़ी, सरयूघाट, नागेश्वर नाथ व आसपास के मंदिरों के आसपास चला। नगर आयुक्त ने राम की पैड़ी एवं आसपास लगाए गए वाटर एटीएम व वाटर कियास्क के आसपास विशेष सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ व भारत भार्गव, महाप्रबंधक जलकर सौरभ श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता सिविल राजपति यादव व अन्य लोग शामिल रहे।

### पांच अस्पतालों में बनेगा सेफ हाउस

**अयोध्या :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक इंतजाम किए हैं। जिला अस्पताल, श्रीराम अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, चिरंजीव अस्पताल तथा हर्षण हृदय संस्थान में विशेष सेफ हाउस तैयार किए जा रहे हैं। ये सेफ हाउस आपातकालीन स्थिति में राष्ट्रपति या उनके दल के लिए सुरक्षित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करेंगे। सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने बताया कि इन अस्पतालों में आवश्यक दवाइयां, उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और एम्बुलेंस व्यवस्था 19 मार्च के कार्यक्रम के दौरान अलर्ट पर रहेगी। यह कदम वीआईपी दौरे के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए उठाया गया है।

### संदिग्ध हालात में पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत साकेत महाविद्यालय के बगल झाड़ियों के बीच लगे एक पेड़ पर रस्सी के फंदे से एक अधेड़ का शव लटकता मिला। मृतक के जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान अनिल कुमार (50) पुत्र रोशन लाल निवासी हाउस नंबर 1324, गली नंबर 7, सेक्टर-22, फरीदाबाद (हरियाणा) के रूप में हुई। पुलिस ने परिवारीजनों को सूचना दे दी है। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह के अनुसार मृतक के पिता ने फोन पर बताया कि उनका बेटा नशे का आदी है। वह करीब एक माह पूर्व घर से साइकिल से निकला था। वह अयोध्या कैसे व कब पहुंचा, इसकी उन्हें कोई जानकारी नही है। बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। परिवारीजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है।

- मृतक हरियाणा का निवासी, अयोध्या कैसे व कब पहुंचा, घरवालों को भी नहीं है जानकारी

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar, Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

# इमरजेंसी, ओटी और सर्जिकल की व्यवस्था होगी और सुदृढ़

## जिला अस्पताल के चिकित्सक, स्टाफ नर्स व फार्मासिस्ट किए जा रहे प्रशिक्षित

**इंडो-नार्वे को-ऑपरेशन प्रोग्राम के तहत 21 मार्च तक दिया जाएगा प्रशिक्षण**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर (ओटी) और सर्जिकल सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। इंडो-नार्वे को-ऑपरेशन प्रोग्राम के तहत एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है, जो 21 मार्च तक चलेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिला अस्पताल के चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों, फार्मासिस्टों, टेक्निशियनों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को आधुनिक आपातकालीन चिकित्सा, घाव प्रबंधन, सर्जिकल प्रक्रियाओं और ब्लीडिंग कंट्रोल जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को औपचारिक शुभारंभ किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी, डॉ. सीबीएन त्रिपाठी और अस्पताल प्रबंधक राजेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का उद्देश्य जिला अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं को सुदृढ़ करना है, ताकि आने वाले मरीजों को बेहतर और त्वरित उपचार मिल सके। यह प्रशिक्षण विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से संचालित हो रहा है।

दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से डॉ. अनुराग मिश्रा, मुंबई के टर्ना मेडिकल कॉलेज की डॉ. भक्ति सारंग और डॉ. प्रियांश नथानी, रिसर्च साइंटिस्ट टीम लीड आदर्श कुमार मिश्र और प्रभाकर सिंह विशेष रूप से प्रशिक्षण देने के लिए अयोध्या पहुंचे हैं। इन विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में स्वास्थ्यकर्मियों को आधुनिक और प्रभावी तकनीकों से परिचित कराया जा रहा है। पहले दिन आयुष्मान वार्ड में स्टाफ नर्सों को सुचरिंग (सिलाई) और ब्लीडिंग कंट्रोल करने के उन्नत तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। घाव का उपचार और बायोप्सी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी आज मंगलवार को दी जाएगी। लोकल एनेस्थीसिया, सामान्य जख्मों का प्रबंधन और अन्य संबंधित विषयों पर बुधवार को फोकस रहेगा। डॉ. भक्ति सारंग ने बताया कि पहले दिन प्रशिक्षण लेने पहुंची स्टाफ नर्सें बेहद उत्साहित थीं।



आयुष्मान वार्ड में नर्सों को प्रशिक्षण देतीं डॉ .भक्ति सारंग।



अस्पताल में स्टाफ को प्रशिक्षण देते डॉ . प्रियांश नथानी। अमृत विचार

### बेडसाइड ट्रेनिंग में इमरजेंसी वार्ड तक होंगे प्रशिक्षित

प्रशिक्षण आयुष्मान वार्ड में ही दो शिफ्टों में आयोजित किया जा रहा है। सुबह 10 से 12 बजे तक और दोपहर 1 से 3 बजे तक। इसके बाद शेष दिनों में बेडसाइड ट्रेनिंग दी जाएगी। इस दौरान प्रशिक्षक इमरजेंसी में आने वाले वास्तविक मरीजों के पास मौजूद रहेंगे। वे मरीज को वार्ड तक शिफ्ट करने की प्रक्रिया, आधुनिक उपचार विधियों और आवश्यक देखभाल के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेंगे। इससे इमरजेंसी चिकित्सक, स्टाफ नर्स, टेक्निशियन और ओटी टेक्निशियन सीधे लाभान्वित होंगे।

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग से स्थिति में सुधार की उम्मीद

चिकित्सा अधीक्षक डॉ . अजय चौधरी ने बताया कि अस्पताल प्रशासन की प्रमुख योजना इमरजेंसी विभाग को पूरी तरह सुदृढ़ करना है। इसके लिए सभी संबंधित स्टाफ को इस तरह का निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अयोध्या जैसे पवित्र शहर में जहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहां स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती बेहद आवश्यक है। पिछले कुछ समय में इमरजेंसी में मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण चुनौतियां सामने आई हैं, लेकिन इस तरह के अंतरराष्ट्रीय सहयोग से स्थिति में सुधार की उम्मीद है। इंडो-नार्वे को-ऑपरेशन प्रोग्राम भारत में ग्रामीण और जिला स्तर के अस्पतालों में सर्जिकल और आपातकालीन देखभाल को बेहतर बनाने के लिए चलाया जा रहा है।

### हड्डी रोग विशेषज्ञ का स्थानांतरण, बढ़ी परेशानी

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्साधिकरी डॉ . देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ . शंकर राम का स्थानांतरण गोसाईंगंज कर दिया गया है। वह सोमवार को कार्यमुक्त भी हो गए। उनके स्थानांतरण के बाद रुदौली सीएचसी पर हड्डी रोग के मरीजों की परेशानी बढ़ गई है, सोमवार को हाथ की चोट दिखाने आए मोहल्ला मलिकजादा के संदीप शुक्ला ने बताया कि अस्थि रोग विशेषज्ञ के न होने से जिला अस्पताल जाना पड़ेगा। जलालपुर के निवासी पंकज यादव ने बताया कि पैर में लगी चोट दिखाने आए लेकिन डॉक्टर के न होने से जिला अस्पताल जाना पड़ा। सभासद मो . शाहिद भुलाई ने सीएचसी में अस्थिरोग विशेषज्ञ की तैनाती की मांग की है।

### हीट वेव और स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित

**अयोध्या, अमृत विचार :** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ गांधीनगर गुजरात के सहयोग से हीट वेव और स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महापौर गिरीशपति त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . देवेंद्र कुमार भिटौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में एक बेहतर हीट वेब एक्शन प्लान बनाने और उसमें विभागों की भागीदारी को लेकर मंथन किया गया। राम पथ के आसपास ग्रीनरी डेवलप करने, लोगों को सोलराइजेशन के बढ़ावा दिए जाने पर चर्चा हुई। कार्यशाला में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . आशुतोष श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी आर एम शुक्ला, डॉ .अरविंद श्रीवास्तव एपिडेमोलॉजिस्ट व अन्य ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### 68 गर्भवती महिलाओं ने काराया पंजीकरण

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर के अधीक्षक डॉ. अंशुमान यादव के निर्देशन में सोमवार को प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 68 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया। जांच के दौरान 10 महिलाएं उच्च जोखिमपूर्ण गर्भधारण श्रेणी की मिली। डॉ. स्नेहा चौधरी ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान ऐहतियात बरतने और संतुलित खानपान अपनाने की सलाह दी। महिलाओं की हीमोग्लोबिन, यूरिन, एचआईवी, अल्ट्रासाउंड सहित अन्य कई प्रकार की जांच भी कराई गई। साथ ही उन्हें फल भी वितरित किया गया। बताया कि हाई रिस्क गर्भधारण की श्रेणी में मिली छह महिलाओं का अल्ट्रासाउंड के लिए एडवाइस किया गया। हीमोग्लोबिन की कमी होने के चलते 11 गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कर आयरन सुक्रोज चढ़ाया गया। मौके पर स्टाफ नर्स अजितेश शुक्ला, सिरातुल बानो, सुभाषिनी त्रिपाठी, आभा, प्रिया, सरिता सिंह, पिंकी, एएनएम और अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रही।

### परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाया

**अयोध्या, अमृत विचार।** परिवार परामर्श केंद्र की पहल ने एक परिवार को टूटने से बचा लिया। नोडल अधिकारी व एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि उप निरीक्षक उमा सिंह, मुख्य आरक्षी संजना चौहान, काउंसलर ओमप्रकाश नाहर व श्यामा शर्मा के प्रयास से पति-पत्नी आपसी सहमति से एक दूसरे के साथ रहने को राजी हो गए। कहा कि परिवार परामर्श केंद्र में 23 जनवरी 2025 को आजमगढ़ की रहने वाली पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अयोध्या के तारुन क्षेत्र के निवासी उनके पति से तीन साल से पारिवारिक विवाद चल रहा है। पति सऊदी अरब में था जबकि वह दो साल से अपनी छोटी बेटी के साथ मायके में रह रही थी। पति के सऊदी अरब से आने के बाद सोमवार को दोनों पक्ष परिवार परामर्श केंद्र की टीम के समक्ष उपस्थित हुए। दोनों पक्षों की काउंसिलिंग कर समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी ने प्रेमपूर्वक एकसाथ जीवन यापन करने के लिए तैयार हो गए।

## कविता मनुष्यता की मातृभाषा होती है

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जनवादी लेखक संघ व प्रगतिशील लेखक संघ फैजाबाद के संयुक्त तत्वावधान में जनमोर्चा सभागार में सोमवार को बीएचयू के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष व प्रख्यात कवि-लेखक-संपादक प्रो. सदानंद शाही की कविता संग्रह 'संगतराश' पर केंद्रित पुस्तक चर्चा और काव्यपाठ का आयोजन किया गया। प्रो. शाही ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में मानवीयता और संवेदना के समक्ष इतने खतरे मौजूद हैं कि कविता की जरूरत अब पहले से भी अधिक है। कविता मनुष्यता की मातृभाषा होती है और मुख्य रूप से जीवन यथार्थ पर एक भावात्मक प्रतिक्रिया होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रो. शाही के इस संग्रह में 'मँझली मामी' सहित चरित्रों पर जो कविताएं हैं वे काव्य में कहानी के प्रवेश का उदाहरण हैं। वरिष्ठ आलोचक रघुवंशमणि ने कहा कि 'संगम' कविता श्रम के लगभग पराजित संघर्ष को सामने रखती है। वरिष्ठ दलित साहित्यकार सीबी भारती ने कहा कि स्त्री विमर्श और मनुष्यत्व की जो श्रृंखलाएं हैं वे सब शाही जी कविता में मौजूद हैं। चिंतक-विचारक व प्रलेस के सचिव आरडी आनंद ने कहा कि कवि अत्यंत कोमल हृदय का स्वामी होता है लेकिन अंततः वह सच्चाई ही लिखता है। जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष मो. ज़फ़र ने कहा कि यह संग्रह एक विद्वान की भावनात्मक अभिव्यक्ति का परिचायक है। कवि अनिल कुमार सिंह ने कहा कि प्रो. शाही की कविताओं में मानवीयता व संवेदनशीलता के विविध पक्ष दृष्टिगत होते हैं। कवयित्री पूजा श्रीवास्तव ने प्रो. शाही की कविताओं को युवा कवियों के लिए प्रेरक के रूप में रेखांकित किया। संचालन शायर व जलेस के कोषाध्यक्ष मुजम्मिल फिदा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार आशाराम जागरथ, डॉ. परेश कुमार पांडेय, राम सुरेश शास्त्री, अशोक कुमार तिवारी, जय प्रकाश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में साहित्यसुधी, संस्कृति कर्मी व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कविता संग्रह 'संगतराश' पर पुस्तक चर्चा करते हुए बीएचयू के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष कवि प्रो . सदानंद शाही। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### लूटपाट करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने लोगों को झांसा देकर गाड़ी में बैठाकर उनसे लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि सोमवार को चौकी प्रभारी नवीन मंडी जय किशोर अवस्थी व उनकी टीम ने एक सूचना के आधार पर उसरू नहर की पुलिया रायबरेली रोड के पास से ग्राम मड़ना थाना महाराजगंज निवासी अनिल सिंह, ग्राम सालिक पंडित का पुरवा सनेथू थाना पूराकलंदर निवासी आनंद पांडेय व भास्कर पांडेय को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह हाईवे पर लोगों को बहला कर गाड़ी में बैठा लेते थे, उसके बाद उससे बातों में फंसाकर रुपये व अन्य कीमती सामान छीन लेते थे। वारदात करते समय वह गाड़ी की नंबर प्लेट को हटा देते थे। आरोपियों के पास से 25 हजार 300 रुपये, घटना में प्रयुक्त कार, एक तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ। बताया कि आरोपी आनंद थाना पूराकलंदर का हिस्ट्रीशीटर भी है।

### नहीं खुला सीवर का ढक्कन, नहीं हुई सफाई

**अयोध्या, अमृत विचार :** कैंट बस स्टेशन परिसर में सुलभ शौचालय के सीवर का गंदा पानी कई दिनों से फैल रहा है। सेफ्टी टैंक से पानी खींचने के लिए सोमवार को टैंकर मशीन आई लेकिन ढक्कन नहीं खुला। मशीन वापस चली गई, मंगलवार को आने की बात कही। नवंबर में ही स्टेशन परिसर में सुलभ काप्लेक्स बनाया गया था। इसका सेप्टिक टैंक चौक हो गया। सीवर का पानी परिसर में फैल रहा है। कर्मचारी से यात्री तक परेशान हैं। इसको लेकर रोडवेज ने नगर निगम को पत्र लिखा था, सोमवार को सफाई की व्यवस्था की गई लेकिन ढक्कन नहीं खुला।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** विधानसभा बीकापुर के चेतरा पडरी गांव में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू ने कहा कि होली का पर्व समरसता और भाईचारे की सीख देता है। हमें इसके मूल स्वरूप को बचाए रखने की जरूरत है। इस दौरान अरुण मिश्रा, भोला शंकर शुक्ल, शुभम ओझा, कल्लू तिवारी, प्रधान मुकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत जी साक्षात् कल्पवृक्ष- आचार्य ज्ञानचंद

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक के राजेपुर गांव में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के आवास पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य ज्ञानचंद द्विवेदी ने कहा कि श्रीमद्भागवत साक्षात् कल्पवृक्ष है। जो समस्त मनोरथों के पूर्ति तथा भगवत्दर्शन कराने में सर्वथा समर्थ हैं। कहा कि जीव सांसारिक पदार्थों में सुख ढूंढ रहा है पर सुख तो भगवान के भजन में ही है। हजारों श्रोताओं ने श्रद्धा पूर्वक भगवान की दिव्य कथा को श्रवण किया। इससे पूर्व श्रीराम जन्म भूमि ट्रस्ट तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, डॉ . अनिल कुमार मिश्रा, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र प्रताप सिंह ने व्यास पीठ की आरती करके कथा का शुभारंभ कराया। कथा में मुख्य यजमान भगवान बक्स सिंह, आशा सिंह, महंत अनुभव दास जी, महंत दिलीप दास, लोक सेवा आयोग के सदस्य सुधीर प्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्य श्रोता मौजूद रहे।

**आयोजन** इमामबाड़ा जवाहर अली खां में हुई श्रद्धांजलि व प्रतिरोध सभा

## धर्म-जाति की जंजीरें तोड़, अब खड़े हों ज़ुल्म के खिलाफ

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** ईरान के सुप्रीम लीडर, इंसानियत के प्रतीक और न्याय के अलमबरदार शहीद आयातुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी खामनेई की शहादत पर रविवार रात्रि इमामबाड़ा जवाहर अली खां में आयोजित श्रद्धांजलि व प्रतिरोध सभा में अत्याचार और अत्याचारी के खिलाफ एकजुट होने की आवाज बुलंद हुई। उलेमाओं, बुद्धिजीवियों और विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने शहीद खामनेई की शहादत को मानवता के लिए एक महान कुर्बानी करार दिया। उन्होंने सभी से अपील की कि अब समय आ गया है जब धर्म-जाति के बंधनों को तोड़कर अत्याचार के विरुद्ध खड़े हों। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की कड़ी निंदा की गई। उन्हें मानवता और मानवाधिकारों का सबसे बड़ा शत्रु बताया गया।

सभा की अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध मौलाना इमाम-ए-जुमा जमात सैय्यद अहमद अली आब्दी ने कहा कि आपने सूरज को उगते देखा होगा जब वह चरम पर पहुंचता है, तो ज्यादा देर नहीं टिकता। आज अमेरिका और इजराइल भी अपनी चरम सीमा पर हैं और ढलने वाले हैं। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता से उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा था जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब अवतार होता है। वसीका अरबी कॉलेज के प्रधानाचार्य मौलाना मोहम्मद मोहसिन ने शहीद खामनेई के सादगीपूर्ण जीवन का जिक्र करते हुए कहा उन्होंने न्याय और मानवता के लिए शहादत कबूल की, लेकिन अत्याचार के आगे कभी सिर नहीं झुकाया। पूर्व मंत्री अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां ने कहा जब तक युवा नहीं जागेंगे, शहादतें जारी रहेंगी। सुप्रीम लीडर की शहादत आपको जगाने के लिए हुई है। जिस ईरान ने इजराइल को रहने-बसने की जमीन दी, आज वही एहसान फरामोश हो गया। मस्जिद सराय पोख्ता के पेश-ए-नमाज मुफ्ती जियाउद्दीन कासिमी ने पवित्र कुरान का हवाला देते हुए कहा कि इस दुनिया से जालिमों का खात्मा होगा। खामनेई की शहादत अत्याचारी के विरुद्ध दुनिया के लिए एक कुर्बानी है। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की धरती से निकला यह संदेश दुनिया को दिखाता है कि मानवता सर्वोपरि है। साकेत महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि ट्रंप और नेतन्याहू निर्दोष बच्चों की हत्या कर युद्ध अपराधी हैं। उनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मुकदमा चलना चाहिए।

इसके अलावा डॉ. नजमुल हसन गनी नेशनल सेक्रेटरी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, पंकज पांडेय और आदिल मुस्तफा फैजाबाद पब्लिक स्कूल मैनेजर ने भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का संचालन प्रोफेसर प्रो. डॉ. मिर्जा शहाब शाह व हामिद जाफर मीसम ने किया।







इमामबाड़ा जवाहर अली खां में रविवार रात्रि आयोजित जलसे को सम्बोधित करते पेश इमाम मुफ्ती जियाउद्दीन कासिमी एवं जलसे में मौजूद मौलाना अहमद अली आब्दी, मौलाना मोहम्मद मोहसिन व दीगर उलेमा। अमृत विचार

### सुप्रीम लीडर को खेराज-ए-अकीदत पेश किया

शायरे अहलेबैत दानिश फैजाबादी और अली सईद खान मशमूम ने अपने मार्मिक कलाम से सुप्रीम लीडर को खेराज-ए-अकीदत पेश किया। सभा का आगाज सैय्यद मोहम्मद खादिम द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुआ। वक्ताओं ने शोक पुस्तिका पर संदेश लिखे। सभा में सभी धर्मों और सम्प्रदायों के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा के कनवीनर रिजवान हसनैन, गुफरान हसनैन, इमरान हुसैन फराज, अली, यूसुफ, रजा, हैदर अली, काशीफ, अहमद ज़मीर सैफी, सोहेल जैदी ने आए हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।


# कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति गोण्डा

पत्रांक–कृ0उ0म0स0गो0/2026/134 दिनांक–16–03–26

## दुकान आवंटन नीलामी सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गोण्डा में नवीन मण्डी स्थल खाद्यान्न में रिक्त ''ब'' श्रेणी की 03 दुकानें, ''स'' श्रेणी की 12 दुकानें निदिष्ट कृषि उत्पादों के लिए रिक्त है तथा नवीन फल/सब्जी मण्डी स्थल में ''ब'' श्रेणी की 01 दुकानें व ''स'' श्रेणी की 01 दुकानें एवं सुपर मार्केट की 03 दुकानें निर्दिष्ट कृषि उत्पादों के लिए रिक्त है। जिलाधिकारी महोदया गोण्डा/उपनिदेशक (प्रशा0/विप0) मण्डी परिषद अयोध्या के आदेश दिनांक–14.03.2026 को दुकान आवंटन की नीलामी हेतु दिनांक–24.03.2026 को समय अपरान्ह 12:30 बजे नवीन मण्डी स्थल गोण्डा में नीलामी की कार्यवाही कराने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है।

| क्र0 सं0 | स्थल का नाम | गोदाम/दुकान की श्रेणी | कुल रिक्त गोदाम / दुकान की संख्या | लागत मूल्य (प्रति गोदाम/दुकान) | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | यूजर चार्ज 1.5 प्रतिशत | दुकान की आरक्षण श्रेणी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | अनुसूचित जाति | अनारक्षित | अन्य पिछडा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/एफ0पी0ओ0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | गल्ला मण्डी | 'ब' श्रेणी | 03 | 8790000.00 | 87900.00 | 13185 | 01,05 | – | 03 | – |
| 2 | '' | 'स' श्रेणी | 12 | 425000.00 | 42500.00 | 6375 | 01,05,11,15 | – | 03,07,09,13,17,19 | 10,20 |
| 3 | सब्जी मण्डी | 'ब' श्रेणी | 01 | 818000.00 | 81800.00 | 12270 | 05 | – | – | – |
| 4 | '' | 'स' श्रेणी | 01 | 382000.00 | 38200.00 | 5730 | – | – | – | 10 |
| 5 | सुपर मार्केट | – | 03 | 13.36 लाख | 133600.00 | 20040 | 11,15 | – | – | 20 |

दुकानो की नीलामी/आवंटन में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति मण्डी समिति कार्यालय गोण्डा में दिनांक–17.03.2026 से 22.03.2026 तक दुकान नीलामी / आवंटन सम्बन्धी प्रपत्र रू0 250.00 व 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 45.00 (कुल रू0 295.00) नगद जमा कर प्राप्त करें और नीलामी हेतु प्रपत्र में उल्लिखित निर्धारित शर्तो को पूर्ण करते हुये मण्डी समिति गोण्डा के कार्यालय में जमा किया जाना सुनिश्चित करेंगे तथा दो दिन आपत्ति जमा करने के होगें। उपनिदेशक (प्रशा0/ विप0) मण्डी परिषद अयोध्या के कार्यालय पत्रांक–2409 दिनांक–03.10.2025 द्वारा आदेशित किया गया है कि अन्य पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र आनलाइन एवं आवंटन हेतु फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि तीन वर्ष के अन्दर सक्षम प्राधिकारी स्तर से निर्गत होना चाहिये तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/आर्थिक रूप से कमजोर / EWS का प्रमाण पत्र भी आनलाइन सक्षम प्राधिकारी स्तर से निर्गत होना चाहिये। राष्ट्रीय कृत बैंक द्वारा बैंक ड्राफ्ट ए0पी0एम0सी0 गोण्डा के नाम बनवाकर संलग्न करना अनिवार्य होगा। नीलामी लागत मूल्य से प्रारम्भ होगी अन्तिम बोलीदाता को प्रीमियम की धनराशि का 50 प्रतिशत एवं वार्षिक यूजर चार्ज व जी0एस0टी0 सहित तत्काल जमा करने के पश्चात ही बोली मान्य होगी अन्यथा बोली दाता की बोली स्वतः निरस्त हो जायेगी तथा प्रतिभूति की धनराशि समिति द्वारा जप्त कर ली जायेगी। दुकान आवंटन नीलामी में भाग लेने हेतु दिनांक–24.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे दुकान आवंटन की नीलामी हेतु नवीन मण्डी स्थल गोण्डा में उपस्थित हों। दुकान के आवंटन हेतु शर्ते तथा अन्य किसी भी प्रकार की कोई जानकारी प्राप्त करना हो तो कृषि उत्पादन मण्डी समिति गोण्डा के कार्यालय से सम्पर्क करें। अन्य शर्ते दुकान आवंटन नीलामी फार्म के साथ संलग्न है।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
गोण्डा

सभापति / नगर मजिस्ट्रेट
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
गोण्डा



सत्य सांई **आवश्यकता है**

**गायत्री पब्लिक स्कूल**
रेवतीगंज अयोध्या

योग्य एवं अनुभवी शिक्षक, शिक्षिकाओं की।
विषय: फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, इंग्लिश।
मदर टीचर्स (नर्सरी से यू.के.जी.)

इंग्लिश/ हिंदी मीडियम

मो0: 9415387756, 9450486065, 9721971820



**फ़ैज़ाबाद पब्लिक स्कूल**
English Medium, Senior Secondary, Co-Educational
Darabganj, Mumtaznagar, Ayodhya-224001 (U.P.)
Email: fpsfzd@rediffmail.com, Mob: 9170009377-9794935082
अयोध्या का एकमात्र सी.बी.एस.ई. विद्यालय
किफायती शुल्क में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा
Limited Seats
नर्सरी से IX – XI (विज्ञान एवं कॉमर्स)
Admission Open
प्रवेश प्रारम्भ
Bus facility available. Smart Classes & CCTV Cameras in every class etc.
Prospectus available at school office from 08.30 a.m. to 04.00 p.m.
K.K. Mishra PRINCIPAL

# चंबल चार्जर्स व गोमती थंडर ने जीता लीग मुकाबला

अयोध्या कार्यालय।



एपीएल टी-20 के रोमांचक मुकाबले में बल्लेबाज की चूक का फायदा उठाते स्टंपिंग करता विकेट कीपर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) टी-20 में सोमवार को हुए लीग मुकाबलों में चंबल चार्जर्स व गोमती थंडर ने जीत दर्ज कर पूर्ण अंक प्राप्त किये। एपीएल के उपाध्यक्ष वैभव श्रीवास्तव व चंबल चार्जर्स टीम के ओनर अंकुर मंगल ने सौरभ व प्रियांशु को मैन-ऑफ-द-मैच के रूप में पुरस्कृत किया।

डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल स्थित क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को दो लीग मुकाबले खेले गए। पहले लीग मैच में यमुना सुपर किंग्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट खोकर 123 रन बनाये। इसमें शुभ खन्ना ने 44 व प्रियांशु ने 16 रन बनाए। चंबल चार्जर्स के सौरभ ने तीन, वत्सल ने दो, सचिन, अभिषेक व अमित ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी चंबल चार्जर्स ने बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर पांच विकेट से जीत हासिल कर लिया। इसमें ज्ञानेन्द्र ने 32, वत्सल ने 22, नवनीत व अनुज ने 17-17, अंकुर ने 14 रनों का योगदान दिया। यमुना टीम के बृजेश ने दो, कृतज्ञ, उमेश व रुद्र ने ने एक-एक विकेट लिया। चंबल टीम के सौरभ यादव मैन-ऑफ-द-मैच रहे।

दूसरे मुकाबले में गोमती थंडर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.2 ओवरों में सभी विकेट खोकर 120 रन बनाया। प्रियांशु ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पांच चौके व तीन छक्के की मदद से 26 गेंदों में 53 रन बनाया। आतिफ ने 26 व

**• टी-20 एपीएल : सौरभ और प्रियांशु रहे मैन-ऑफ-द-मैच**

विनय ने 17 रनों का योगदान दिया। गंगा वारियर्स के ध्रुव ने दो, युवराज, बादल, अनुज, अभिषेक ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए गंगा वारियर्स टीम 16.2 ओवरों में 81 रनों पर सिमट गई। अभिषेक 21, कृष्णा 14, युवराज ने 22 रन टीम में जोड़े। गोमती टीम के आतिफ, प्रियांशु, रितिक ने दो-दो, शक्ति व अनमोल ने एक-एक विकेट लिया। प्रियांशु पांडेय मैन-ऑफ-द-मैच रहे। इस अवसर पर डीसीए के जिला सचिव उमेर अहमद, आयोजन संयुक्त सचिव बाल किशन निषाद, ऑफिसियल व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# एनपीईपी की समीक्षा बैठक शुरू

अयोध्या कार्यालय



एनईपी की समीक्षा बैठक की शुरुआत करते निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी।

**अमृत विचारः** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित व राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एनपीईपी) के तत्वाधान में तीन दिवसीय वार्षिक परियोजना समीक्षा बैठक शुरू हुई। बैठक में लगभग सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि, सभी क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के समन्वयक व प्रतिनिधियों ने शिरकत की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

प्रो. सकलानी ने आगामी वित्तीय वर्ष हेतु तैयार किए जाने वाले जनसंख्या शिक्षा के कार्यक्रमों हेतु विस्तृत दिशा निर्देश व मार्गदर्शन प्रदान करते हुए प्रतिभागियों से भारतीय सभ्यता व संस्कृति से जुड़कर इसे शिक्षार्थियों के स्तर तक पहुंचाने की बात कही। इस बात पर बल दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और उसके अनुपालन में तैयार की गई पाठ्यचर्या व पठन पाठन सामग्री को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से जोड़ जोड़ना आवश्यक है। प्रो. गौरी श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. विजय कुमार मालिक ने, मंच संचालन डॉ. जनार्दन सिंह ने और डॉ. मुकेश कुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नगर निगम में नामित हुए 10 पार्षद

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नगर विकास के प्रमुख सचिव पी गुरुप्रसाद ने सोमवार को नगर निगम में 10 पार्षदों को नामित कर दिया है। नामित पार्षदों में तीन महिलाओं के साथ दो दलित और तीन पिछड़ा वर्ग के भाजपा नेताओं को जगह मिली है। आदेश जारी होते ही पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

राज्यपाल द्वारा पार्षद के रूप में नामित किए गए लोगों में सिविल लाइन्स निवासी सुशील कुमार मिश्र, निषाद नगर रेतिया निवासी संजय निषाद, हैबतपुर निवासी लक्ष्मण वर्मा, धर्मपुर सहादत निवासी संजय कोरी, सरस्वतीपुरम निवासी सुशील कुमार सिंह, राजघाट निवासी रंजना सागर, दीनदयाल नगर वार्ड आशुतोष पांडेय, बेगमगंज मकबरा ज्ञान केसरवानी,



नामित पार्षद लक्ष्मण वर्मा का सम्मान करते भाजपा नेता सिद्धार्थ श्रीवास्तव व अवधेश पांडेय।

आदर्शनगर कॉलोनी निवासी सुनीता गुप्ता व नाका निवासी अनीता द्विवेदी शामिल हैं। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने पुष्टि की है। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर भाजपा ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए पार्षदों का मनोनयन कराया है।

## प्रशिक्षु प्रत्येक बिंदु को गंभीरता से समझें : एडीएम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारी नोडल अधिकारी जनगणना प्रशिक्षण विकास यादव की उपस्थिति में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में जनगणना से संबंधित फील्ड ट्रेनरों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फील्ड ट्रेनरों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से जनसंख्या, सामाजिक, आर्थिक स्थिति और विकास से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े संकलित किए जाते हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षु प्रशिक्षण के प्रत्येक बिंदु को गंभीरता से समझें तथा आगे होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में इसे प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि जनगणना का कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ संपन्न हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना की प्रक्रिया, डाटा संकलन की पद्धति, डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग, के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध रूप से आयोजित किया जा रहा है, यह प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत यही फील्ड ट्रेनर अपने-अपने क्षेत्र में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को चार्ज स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे जनगणना की तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जा सकें।

# एसएसबी हलियापुर ने टिकरा बाराबंकी को हराकर जीता खिताब

बारुन, अयोध्या।



राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकासखंड मिल्कीपुर के कुचेरा बाजार में पूर्व विधायक स्व. पंडित हरिनाथ तिवारी की स्मृति में राज्य स्तरीय डे-नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर महंत गिरीश त्रिपाठी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में बाराबंकी, आजमगढ़, रायबरेली, अयोध्या, गोरखपुर और गणेश सिंह महाविद्यालय सहित कुल छह टीमों ने भाग लिया।

उद्घाटन मुकाबला डोगरा रेजीमेंट और कुचेरा बाजार के बीच खेला गया। जिसमें डोगरा रेजीमेंट ने कुचेरा बाजार को 21-15 से हराया। देर रात तक चले मुकाबलों में पहला सेमीफाइनल

**• कुचेरा बाजार में राज्यस्तरीय डे-नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता**

आजमगढ़ और बाराबंकी के बीच हुआ। बाराबंकी ने जीतकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एसएसबी हलियापुर और गणेश सिंह महाविद्यालय के बीच खेला गया। एसएसबी हलियापुर ने गणेश सिंह महाविद्यालय को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। देर रात टिकरा बाराबंकी और एसएसबी हलियापुर के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें एसएसबी हलियापुर ने टिकरा बाराबंकी को 28-26, 25-18 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंतरराष्ट्रीय रेफरी उपेंद्र प्रताप सिंह, राष्ट्रीय रेफरी राम शिरोमणि सिंह, अंकित प्रताप सिंह, अनूप कुमार और पंकज द्विवेदी शामिल रहे। कॉमेंट्रेटर के रूप में मोहम्मद हुसैन तथा स्कोरर की भूमिका में अखंड, विवेक गुप्ता, लाइनमैन की भूमिका में सोनू, मंसाराम, सौरभ यादव, अनमोल यादव रहे। आयोजक विनय कुमार तिवारी ने बताया कि यह टूर्नामेंट 45 सालों से अनवरत चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा।

# सरकारी हैंडपंपों पर रसूखदारों ने किया कब्जा

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।



नगर पंचायत जहांगीरगंज में सरकारी हैंडपंपों पर रसूखदारों का अवैध कब्जा।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत जहांगीरगंज में लगे अधिकांश इंडिया मार्का सरकारी हैंडपंपों पर रसूखदारों का कब्जा होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने इन सरकारी हैंडपंपों में सबमर्सिबल लगाकर पाइप के माध्यम से अपने निजी भवनों में पानी की आपूर्ति शुरू कर दी है, जिससे आम लोगों को पानी भरने और पीने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि थाना जहांगीरगंज की चाहरदीवारी के बाहर मुख्य मार्ग के किनारे लगा इंडिया मार्का हैंडपंप भी अवैध कब्जे की जद में है। हैंडपंप में सबमर्सिबल लगाकर इसका पानी बगल के एक निजी भवन में उपयोग किया जा रहा है। इसके कारण राहगीर भी इस

**• कई बार शिकायत के बाद भी नगर पंचायत के जिम्मेदार साधे हैं मौन**

हैंडपंप से पानी नहीं पी पाते और आगे बढ़ जाते हैं। आसपास के दुकानदारों में भी करंट उतरने की आशंका को लेकर भय बना रहता है। इसी तरह वार्ड संख्या 16 पुरानी बाजार स्थित सरकारी भवन बरातघर में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप का भी निजी उपयोग किया जा रहा है। कुछ लोगों द्वारा इसमें सबमर्सिबल लगाकर पाइप के जरिए अपने घरों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसके चलते बरातघर में होने वाले आयोजनों के दौरान पानी की किल्लत उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर पंचायत जहांगीरगंज क्षेत्र में ऐसे कई सरकारी हैंडपंप हैं, जिनका सार्वजनिक उपयोग नहीं हो पा रहा है। अधिशासी अधिकारी उमेश पासी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है और सरकारी हैंडपंपों पर अवैध कब्जों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीज क्लीनिक में प्रसव के बाद महिला की मौत, चार बच्चे अनाथ

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र जहांगीरगंज में अवैध रूप से संचालित एक क्लीनिक में प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। घटना के बाद प्रशासन ने क्लीनिक को दोबारा सील कर दिया, संचालक मौके से फरार बताया जा रहा है।

थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर के ग्राम केदरुपुर निवासी राजकला 35 वर्ष पत्नी संदीप को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे जहांगीरगंज स्थित दिव्यांशु क्लीनिक ले गए। यहां महिला ने सामान्य प्रसव के दौरान एक बेटे को जन्म दिया। लेकिन कुछ ही देर बाद जच्चा की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। आरोप है कि महिला की मौत के बाद क्लीनिक संचालिका उसे लेकर पीजीआई टांडा पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि कागजों में प्रसव घर पर होने की बात लिखवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। जब परिजन नवजात और मृतका का शव लेकर घर पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे 12 वर्षीय शिल्पा, 9 वर्षीय सलोनी और 6 वर्षीय शिवांश सहित तीन छोटे बच्चों और नवजात बेटे को छोड़ गई है। बच्चों और वृद्ध सास पियरी देवी के विलाप से गांव का माहौल गमगीन हो गया। सुबह ग्रामीणों और परिजनों ने घटना की सूचना थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष अक्षय कुमार पटेल और उपनिरीक्षक शिवम सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को हर संभव कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। भीम आर्मी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर शुरू

**न्यौरी, अम्बेडकरनगर।** राम अवध स्मारक पीजी कॉलेज कसदहां शुकुल बाजार में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रूपवती ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि राहुल दत्त यशवर्धन ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को राष्ट्रहित और समाज सेवा के कार्यों के प्रति समर्पित बनाना है। शिविरार्थी छात्र-छात्राएं समाज के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं, यही एनएसएस की भावना है। इस अवसर पर एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ. भानु प्रताप राय और डायरेक्टर राहुल दत्त यशवर्धन का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार निषाद, डॉ. श्रवण कुमार उपाध्याय, सुरेश कुमार विश्वकर्मा, दीपक कुमार प्रजापति, योगेंद्र प्रसाद प्रजापति, डॉ. आराधना शुक्ला, डॉ. प्रमिला पटेल, सुश्री रीतू मिश्रा, माधुरी, शिल्पा भारती, किरण कोरी, शोभा सिंह, मनोज यादव, सुरेंद्र निषाद, चंद्रभान तथा कंप्यूटर ऑपरेटर इंद्रेश कुमार सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं मौजूद रहे।

## आशा व आंगनबाड़ी सहायिका करेंगी पंजीकरण

**महराजगंज, आजमगढ़। अमृत विचार :** सोमवार को महाराजगंज ब्लॉक सभागार में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री आरोग्य योजना के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि अब जनपद में राशन डीलर, आशा, आंगनबाड़ी सहायिका, पीएचसी सखी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) तथा ग्रामीण क्षेत्र के फार्मासिस्ट भी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने में सहयोग करेंगे। शासन के निर्देश पर विशेष आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड अभियान चलाया जा रहा है। बताया गया कि केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत अभी भी कई पात्र परिवारों के कार्ड नहीं बन पाए हैं, जिसके कारण लोगों को स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से अब राशन डीलर, आशा, आंगनबाड़ी सहायिका, पीएचसी सखी, सीएचओ और फार्मासिस्ट को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया गया है। महराजगंज सीएचसी प्रभारी ने बताया कि अंत्योदय कार्ड धारक तथा गरीबी रेखा से नीचे के गुलाबी और लाल राशन कार्ड वाले सभी परिवार इस योजना के शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थी हैं। कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड के साथ मोबाइल फोन ले जाना अनिवार्य है। महराजगंज ब्लॉक क्षेत्र में लगभग 24 हजार आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक करीब 9 हजार कार्ड बन चुके हैं, जबकि 15 हजार कार्ड बनना अभी शेष है।

## मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन बीकेयू के कार्यकर्ताओं ने तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी जलालपुर राहुल गुप्ता को एक मांगपत्र सौंपा। इस मांग पत्र में किसानों और स्थानीय निवासियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। यूनियन ने मांग की है कि अंबरपुर बाजार के पास एक्सप्रेस-वे टोल प्लाजा तक जाने के लिए रास्ता खुलवाया जाए। इससे किसानों और स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त, भियांव, जलालपुर विकासखंड की ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों के नियमित रूप से सचिवालय में उपस्थित न होने की समस्या उठाई गई। प्रमुख मांगों के साथ-साथ अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को यह ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विनय वर्मा, मंडल सचिव बृजेश यादव, तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मकरध्वज सिंह, रामसूरत विश्वकर्मा, अरविंद भारती, दीपक पाल, विवेक, विजय प्रकाश, संतराम यादव, देवेंद्र, जयप्रकाश, सुनीता देवी, किरण देवी, संगीता देवी, श्याम चंद्र मौर्य और दालसिंगार सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाईटेंशन करंट की चपेट में आया संविदा कर्मी

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर क्षेत्र जहांगीरगंज में विद्युत फॉल्ट ठीक करने के दौरान पोल पर चढ़ा विद्युत उपकेंद्र रामनगर का संविदा कर्मी मोहम्मद राशिद हाईटेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों की मदद से घायल कर्मी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरगंज ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बता दें कि लोक निर्माण विभाग द्वारा स्थानीय थाने के पीछे नहर बाईपास मार्ग की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान सडक़ किनारे जेसीबी से खुदाई करते समय भूमिगत हाईटेंशन केबल कट गई, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और अंडरग्राउंड केबल को ठीक किया। इसके बाद संविदा कर्मी राशिद जब पास के विद्युत पोल पर चढक़र अन्य फॉल्ट को ठीक कर रहा था, तभी अचानक हाईटेंशन तार में करंट प्रवाहित हो गया। तेज झटके के कारण वह पोल से नीचे पानी भरे गड्ढे में गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों की मदद से उसे तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राशिद हाईटेंशन करंट की चपेट में आने के बाद पानी भरे गड्ढे में गिरा, जिससे वह बाल-बाल बच गया। इस संबंध में विभाग के अवर अभियंता धर्मेंद्र मौर्य ने बताया कि घायल संविदा कर्मी की स्थिति अब सामान्य है और उसका उपचार कराया जा रहा है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 12 लाख 61 हजार रुपए की ठगी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में झारखंड वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 12.61 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में छह जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के निर्देश पर की गई है। बता दें कि जलालपुर के डीह भियांव निवासी धीरज निषाद ने शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि रांची निवासी राहुल कुमार, राजीव कुमार, धर्मेंद्र यादव, मनोज पंडित, अमित सिंह और इटावा के सुनूपुर लाखनमऊ निवासी विकल कुमार ने उन्हें और उनके साथियों को ठगा। जालसाजों ने धीरज और उनके साथियों को झारखंड वन विभाग में वन दरोगा के पद पर नियुक्ति का विज्ञापन दिखाकर नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। इस झांसे में आकर धीरज और उसके कई साथियों ने कुल 12 लाख 61 हजार रुपए दिए। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने बताया कि धीरज निषाद की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अच्छी शिक्षा व संस्कार से बनेगा अच्छा समाज

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** श्रीराम अवध स्मारक शिक्षण संस्थान शिवपुर गयासपुर में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के संरक्षक हरिश्चन्द्र मिश्र ने की तथा संचालन नरसिंह विश्वकर्मा ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. रामप्रताप मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी मौजूद रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, दहेज प्रथा व सोशल मीडिया की



विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देतीं छात्राएं।

**वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में यह भी रहे उपस्थित**

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में राजेंद्र दूबे, अरविंद त्रिपाठी, चंद्रभूषण त्रिपाठी, विवेकानंद उपाध्याय, उग्रसेन यादव, ओंकार सिंह, सुरेश चंद पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में मदन लाल राजभर, वीरेंद्र वर्मा, अर्चना मौर्य, साबरमती वर्मा, स्नेहा गुप्ता और अनीता का विशेष सहयोग रहा।

कुरीतियों पर आधारित नाट्य रूपांतरण, भक्ति गीत तथा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों की मनमोहक प्रस्तुतियों को उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि डॉ. रामप्रताप मिश्र ने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार से ही एक बेहतर समाज का निर्माण संभव है।

## स्कूली वाहनों के खिलाफ चलेगा अभियान, होगी जांच

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग 01 अप्रैल से विशेष अभियान चलाएगा। अभियान के तहत जनपद में स्कूली बसों और वैन की सघन जांच की जाएगी तथा निर्धारित मानकों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान स्कूल वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा, पंजीकरण तथा चालक के वैध ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की जाएगी। इसके साथ ही वाहनों में जीपीएस, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट-एड बॉक्स और अग्निशामक यंत्र जैसी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी जांच होगी। उन्होंने ने बताया कि ओवरलोडिंग, अनफिट वाहन या सुरक्षा मानकों का उल्लंघन मिलने पर चालान, वाहन सीज करने तथा परमिट निरस्त करने जैसी कार्रवाई की जाएगी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना और सडक़ दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना है।

**बैठक** | **डीएम ने विद्युत दुर्घटनाओं से प्रभावित व्यक्तियों को समयबद्ध राहत प्रदान करने के दिए निर्देश**

# विद्युत दुर्घटनाओं के लंबित मामलों का हो त्वरित निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह की उपस्थिति में जनपद में विद्युत दुर्घटनाओं से होने वाली जन-धन हानि से संबंधित लंबित प्रकरणों की तहसीलवार और प्रकरणवार समीक्षा किया।

जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत, मुख्य अभियंता विद्युत तथा अधिशासी अभियंता विद्युत स्तर से प्रपत्रों की



विद्युत दुर्घटनाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते डीएम अनुपम शुक्ला।

अनुपलब्धता आदि कारण से लंबित व निक्षेपित प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक अभिलेख शीघ्र उपलब्ध कराते हुए अवशेष लंबित प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अग्निकांड से फसल आदि की क्षति के आकलन, विकलांगता आकलन सहित अन्य आवश्यक औपचारिकताओं से संबंधित प्रकरणों में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो तथा शासन की मंशा के अनुरूप पीडि़तों को नियमानुसार शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करने और विद्युत दुर्घटनाओं से प्रभावित व्यक्तियों को समयबद्ध राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अभियंता विद्युत, अधीक्षण अभियंता विद्युत सहित स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेम, करुणा, बंधुत्व व मानवता का संदेश देता है रमजान : मासूम रजा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** रमजान का पवित्र महीना इबादत, सब्र और इंसानियत का संदेश देता है। इस महीने में इस्लाम धर्म के मतावलंबी रोजा, नमाज और रब की इबादत के साथ-साथ नेकी, पुण्य, दया और बंधुत्व की भावना को मजबूत करते हैं, जो धर्मसम्मत है।



मौलाना मासूम रजा नकवी।

उक्त विचार जलालपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत मछलीगांव के निवासी एवं भादी स्थित जामा मस्जिद के पेशइमाम विद्वान मौलाना सैयद मासूम रजा नकवी ने व्यक्त किया। उन्होंने एक बातचीत के दौरान कहा कि अल्लाह तआला अपने बंदों से उसी तरह मोहब्बत करता है जैसे माता.पिता अपने बच्चों से करते हैं। इसलिए इंसान को चाहिए कि वह अल्लाह की रहमत को समझते हुए समाज में प्रेम, करुणा, न्याय और मानवता को बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि रमजान मुबारक इस्लामिक अर्थात हिजरी कैलेंडर का नौवां महीना है, जिसे माहे स्याम भी कहते हैं। यह इस बार 30 दिनों का है। रोजा इस्लाम के सबसे पवित्र महीनों में से एक माना जाता है, जिसमें मुसलमान पूरे महीने सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखते हैं और बुराईयों से दूर रहते हुए पूरे मनोयोग से अल्लाह रब्बुल इज्जत की इबादत में मशगूल हो जाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### उधार मांगने पर युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के कुसेला (सराय जुझार) गांव निवासी दलित युवक दिनेश गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने गांव के ही धर्मेंद्र गुप्ता और रामसूरत गुप्ता को कुछ समय पहले पैसे उधार दिए थे। जब जरूरत पड़ने पर उसने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने उसे रविवार को पैसे देने के बहाने अपने घर बुला लिया। पीड़ित का आरोप है कि वहां पहुंचते ही दोनों आरोपियों ने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर मामला शांत हुआ। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी धर्मेंद्र गुप्ता और रामसूरत गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### धूमधाम से मनाई गई मल्हार राव होलकर की 333वीं जयंती

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कस्बे के मेला वाली बाग में सोमवार को महान मराठा सेनापति एवं होलकर वंश के संस्थापक मल्हार राव होलकर की 333वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर बाबूलाल पाल, धामू पाल, सुरेंद्र पाल, श्याम बहादुर पाल, बहू पाल, शैलेंद्र पाल, राकेश पाल, हीरा पाल, रवि पाल, बृजलाल पाल व सुग्रीव पाल सहित क्षेत्र के कई समाजसेवी मौजूद रहे।

### अस्पताल का हाल देख विधायक हुए सख्त

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** इसौली विधायक ताहिर खान ने सोमवार शाम बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर, एएनएम आवास, डॉक्टर आवास सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जर्जर भवनों की स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने एएनएम व डॉक्टर आवास की जर्जर हालत पर चिंता व्यक्त की। निरीक्षण के बाद उन्होंने देहली बाजार स्थित एक कुल्हड़ फैक्ट्री का भी दौरा किया

# पूर्व मंत्री राणा अजीत समेत 8 आरोपितों का रिमांड मंजूर, गए जेल

## फायरिंग व जानलेवा हमले का मामला, कोर्ट ने एक सप्ताह का रिमांड स्वीकृत कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अखंडनगर थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई फायरिंग व जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने सोमवार को पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने आरोपों को गंभीर मानते हुए आरोपियों का रिमांड मंजूर करते हुए उन्हें एक सप्ताह तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

वादी जिलाजीत यादव पुत्र राममेर यादव निवासी ग्राम कल्यानपुर ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 15 मार्च की सुबह करीब 9 बजे पुराने जमीनी विवाद को लेकर रतनपुर (मैरवा) निवासी राणा अजीत प्रताप सिंह, उनके पुत्र अभिजीत सिंह, अरुण सिंह, अमन यादव, आनंद यादव, अरविंद यादव, सतीश सिंह, अमित सिंह, हलचल तिवारी समेत कई लोग पिस्टल, रिवाल्वर व लाठी-डंडा लेकर पहुंचे और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान फायरिंग भी की गई, जिससे कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और सोमवार को आरोपियों



दिन भर दीवानी न्यायालय परिसर में भी रही गहमा गहमी। ● अमृत विचार

पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह, संजीत यादव, अभिजीत प्रताप सिंह, आदित्य सिंह, विक्कू सिंह उर्फ शिवा, अभिषेक प्रताप सिंह, ऋतिक राय, अजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर सीजेएम कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने रिमांड का विरोध करते हुए रिमांड निरस्त करने की मांग की। वहीं, वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता संतोष पांडेय ने घटना को गंभीर बताते हुए आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की दलील दी। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद देर शाम रिमांड मंजूर कर अदालत ने राणा अजीत प्रताप सिंह समेत आठ आरोपियों को एक सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान पूर्व मंत्री के सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे तथा सुरक्षा की दृष्टिगत एडीशनल एसपी अखंड प्रताप सिंह, सीओ सिटी सौरभ सावंत, शहर कोतवाल संदीप राय समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं, आरोपी राणा अजीत प्रताप व अजय प्रताप सिंह की ओर से बचाव पक्ष ने बुजुर्ग और बीमारियों से ग्रसित होने के कारण मेडिकल कराने की मांग की। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को मेडिकल जांच कराने का आदेश दिया है।

### तनाव के मद्देनजर गांव में पीएसी व पुलिस तैनात

**अखंडनगर :** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस ने इस मामले में पूर्व मंत्री सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायल मां-बेटे विपुल और कमलेश का इलाज लखनऊ में चल रहा है, जबकि सगे भाई संजय और प्रांकुर का उपचार टांडा में कराया जा रहा है। वहीं मां-बेटी शोभावती और रोशनी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के अनुसार कमलेश और शोभावती की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए एहतियात के तौर पर गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# पूर्व विधायक के प्रकरण में सुनवाई जारी

● पुलिस पर हमला और तोड़फोड़ करने का मामला

संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचारः** कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी एवं अन्य आरोपियों से जुड़े प्रकरण में सोमवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बहस की। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया बहस की कार्रवाई जारी है तथा कोर्ट ने शेष बहस के लिए 18 मार्च की तारीख नियत की है।

गौरतलब है कि 17 दिसंबर 2002 को कादीपुर स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। आरोप है कि घटना से आक्रोशित होकर पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा, रामार्य पाठक सहित 14 लोग कादीपुर कोतवाली पहुंचे और पुलिस टीम पर हमला व तोड़फोड़ की। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह की तहरीर पर तत्कालीन क्षेत्राधिकारी विजय नारायण की विवेचना में 14 आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

### सीबीसीआईडी अभियोजन अधिकारी हत्याकांड में आरोपियों के बयान दर्ज

● मामले में बहस 24 मार्च को होगी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** 38 वर्ष पुराने सीबीसीआईडी अभियोजन अधिकारी सुरेश चन्द्र अग्निहोत्री हत्याकांड में सोमवार को अदालत में अहम कार्यवाही हुई। अदालत में एक आरोपी सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक इम्तियाज अहमद निवासी आसमा, थाना मड़ियाव (लखनऊ) तथा दूसरे आरोपी मोहम्मद हफीज निवासी नई बस्ती (जनपद बाराबंकी) के बयान दर्ज किए गए। एडीजीसी पवन कुमार दूबे ने बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के नकराही गांव में हुए इस चर्चित हत्याकांड की सुनवाई न्यायाधीश संन्ध्या चौधरी की अदालत में चल रही है। आरोपियों के बयान दर्ज होने के बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 24 मार्च की तिथि बहस हेतु निर्धारित की है। अभियोजन के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के जलालाबाद कस्बा निवासी सीबीसीआईडी के अभियोजन अधिकारी सुरेश चन्द्र अग्निहोत्री 28 फरवरी 1987 को 134 किलो अफीम के मुकदमे में पैरवी के लिए सुलतानपुर आए थे। पैरवी में विलंब होने के कारण वे गोसाईगंज थाने में रुक गए थे। उसी दौरान उनकी हत्या कर शव को कोतवाली देहात क्षेत्र के नकराही गांव स्थित कुएं में फेंक दिया गया था। मामले में तत्कालीन ग्राम प्रधान इसरार अहमद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना के बाद बाराबंकी जनपद के भीतरी पीट बतावन निवासी हफीज, मुम्मदपुर निवासी गुलाम मुस्तफा उर्फ मिज्जन, संतलाल जायसवाल तथा उपनिरीक्षक इम्तियाज अहमद के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया था। अभियोजन के अनुसार इनमें से आरोपी संतलाल व गुलाम मुस्तफा की मुकदमे के दौरान मृत्यु हो चुकी है। फिलहाल अदालत में साक्ष्य व बयान की कार्यवाही पूरी होने के बाद अब 24 मार्च को अंतिम बहस होगी।

### डकैती मामले में तय नहीं हो सके आरोप

सराफा डकैती कांड के मास्टरमाइंड विपिन सिंह समेत नौ आरोपियों पर दूसरी डकैती की योजना बनाने के केस में आरोपी त्रिभुवन कोरी और पुष्पेंद्र सिंह के मुकदमे से आरोप तय नहीं हो सके। कोर्ट न्यायाधीश निशा सिंह की अदालत ने आरोप तय करने के लिए 28 मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक शिवानंद यादव ने 23 जून 2025 को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के गोंड़वा इंटर कॉलेज के निकट बाग में चुनहा स्थित महेश की फैक्ट्री में डकैती की योजना बनाने के आरोप में सराफा डकैती कांड के आरोपियों त्रिभुवन कोरी, पुष्पेंद्र सिंह और दुर्गेश प्रताप को गिरफ्तार किया था। उस दौरान तीनों जमानत पर छूटे थे, जिसमें मास्टरमाइंड विपिन सिंह पर डकैती की साजिश रचने का आरोप है।

# ब्राह्मण समाज के अपमान के विरोध में उतरे कांग्रेसी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणसमाज के कथित अपमान के विरोध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। जिला अध्यक्ष कांग्रेस अभिषेक सिंह राणा व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में दिया गया।

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में ब्राह्मण समाज के साथ हो रहे कथित भेदभाव और हाल ही में आयोजित यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में पूछे गए विवादित प्रश्न पर कड़ी आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कुछ समय पूर्व प्रयागराज में आयोजित माघ मेले के दौरान धर्माचार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ कथित अपमान की घटना ने भी समाज की भावनाओं को आहत किया है।



कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

● घटना के विरोध में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में लगातार ब्राह्मण/पंडित समाज की भावनाओं को आहत करने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पीसीसी सदस्य प्रमोद मिश्र ने विवादित प्रश्न की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि सरकार को चाहिए कि ऐसी घटनाओं पर तुरंत रोक लगाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि समाज में भाईचारा और विश्वास बना रहे। मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने मांग की कि विवादित प्रश्न के अंक सभी परीक्षार्थियों को दिए जाएं तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ज्ञापन देने वालों में रणजीत सिंह सलूजा, सलाहुद्दीन हाशमी, शरद श्रीवास्तव, मोहसिन सलीम, असलम अंसारी, गुड्डू जायसवाल, उमाकांत तिवारी, मो. मंसूर, अवधेश गौतम,राहुल मिश्रा, अजय मिश्रा, हसीब, आदर्श मिश्रा, दिनेश तिवारी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### मंगल कलश यात्रा संग श्रीराम कथा शुरू

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अयोध्या मार्ग स्थित गुप्तारगंज के चंडिका देवी मंदिर परिसर में सोमवार को मंगल कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर शारदा नगर तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर विधिवत पूजन किया। इसके बाद यात्रा पुन: कथा स्थल पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ कथा का आरंभ किया गया। कथा के प्रथम दिन अयोध्या धाम से पधारे अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने श्रीराम कथा का महत्व और सत्संग की महिमा पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान सभी देवी-देवताओं का वंदन और मंगलाचरण किया गया।

# बाइक सवार दंपति को कार ने मारी टक्कर, दो घायल

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लंभुआ में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के जाटूपुर निवासी छोटेलाल (45) पुत्र रामधनी अपनी पत्नी गीता (42) और पुत्र दिलीप के साथ सुलतानपुर से मोटरसाइकिल से लंभुआ की ओर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वे मदनपुर पनियार चौराहे के पास पहुंचे, पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम राम प्रताप छेदीलाल के स्थान पर छेदीलाल हो गया है। भविष्य में मुझे छेदीलाल नाम से ही शासकीय, अर्द्धशासकीय, शैक्षिक व बैंकिंग एवं अन्य समस्त अभिलेखों में जाना समझा जाय

छेदी लाल पुत्र रामपाल
ग्राम इनायतनगर पूरे बनहा, जनपद अयोध्या

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा (अर्जुन सेन पुत्र गुरुप्रसाद) टीईटी-2011 का प्रमाणपत्र उच्च प्राथमिक विद्यालय रोल नंबर -07063555 है जो खो गया है। किसी व्यक्ति को मिले तो 6393484452 पर संपर्क करने का कष्ट करें। **अर्जुन सेन पुत्र गुरू प्रसाद नि0- 455/14 कल्याणी देवी शहर उन्नाव।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं SAHIL KHAN से अपना नाम बदल कर MOHAMMAD SHAHIL KHAN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाए पुत्र FARUQ AHMAD **निवासी ग्राम महुआ ढार पोस्ट महादेया इस्टे रेहरा बाजार बलरामपुर** का रहने वाला हूं

**सूचना**

मैने अपना नाम TABASSUM SIDDIQUIE से बदलकर TABASSUM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-MOHAMMED ABRAR R/O-425/118 BISMIL NAGAR AMBAR GARY, CHOWK DIST-LUCKNOW (U.P.).**

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD JANISH से बदल कर MOHD JALEES रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: WARIS ALI R/O: VILL ALLAPUR BHAKHRAULI BADDUPUR FATEHPUR BARABANKI UTTAR PRADESH-225306**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै KAMAL AHMAD FARUQUE से बदलकर अपना नाम KAMAL AHMAD रख लिया है। अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाये। **पुत्र AHMAD HUSAIN निवासी-बर्डपुर-7 टोला मटुवा पंडित पुर जिला-सिद्धार्थनगर** का रहने वाला हूँ।

**सूचना**

मेरे पति KHALIL AHMAD के पासपोर्ट पर त्रुटिवश मेरा नाम SARAH चढ़ गया है जबकि मेरा सही नाम SARA है। जो कि मेरे सभी दस्तावेजो पर मेरे नाम SARA है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: KHALIL AHMAD R/O: 56, ALHAN MAU, POST- SARAI BARAI, BARABANKI**

**NOTICE**

This is to inform the public that my High School ( ICSE ) certificate of the year – 2023, Index No – 1234738/014, Unique ID – 7772531 Has been lost. Ayan khan, S/o Mohd. Saleem. Beldaran Tola, Nanpara, Bahraich.

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1211797 की मार्कशीट एवं सर्टिफिकेट तथा इन्टरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0902034 की मार्कशीट व सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है। **अगस्त मुनि पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार निवासी- ग्राम तरौना रहीमाबाद मलिहाबाद जिला लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मै AHMAD HUSAIN FARUQUE से नाम बदलकर AHMAD HUSAIN रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाये। **पुत्र MOHAMMAD MUFTAFA निवासी - बर्डपुर -7 टोला मटुवा पंडित पुर जिला-सिद्धार्थनगर** का रहने वाला हूँ।

**सूचना**

मैं अपने बड़े पुत्र तरूल चन्द्र को उनके गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति तथा संबंधों से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य से मेरा कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा। **दीप्पल प्रसाद पुत्र रामनरेश, ग्राम बिचौपुर मश0 कोल्हुई बिनौनी परगना, तहसील व जिला बलरामपुर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SHAGUFTA KHATOON W/O MOHAMMAD AKMAL था जो दिनांक 01/03/2026 को मैने अपना नाम बदलकर SHGUFTA KHATOON W/O MOHMMAD AKMAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **निवासी ग्राम बारा पत्थर छावनी सरकार थाना कोतवाली देहात बहराइच, उ0प्र0।**


# आपदा मित्रों को मिले कर्मचारी का दर्जा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन, जनपद सुलतानपुर ने आपदा मित्रों व सखियों की समस्याओं व मांगों को लेकर भारत सरकार के गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

संगठन के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र पांडेय के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2018 से प्रदेश के आपदा मित्र कोरोना काल, छठ पूजा, माघ मेला, सावन मेला, कुंभ मेला सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों, गणतंत्र दिवस परेड, तरणवीर प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण, अग्नि सचेतक व नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते रहे हैं। एसो. ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कुछ जनपदों में आपदा मित्रों को टैबलेट, सोलर सिस्टम, डीजी लॉकर प्रमाणपत्र और



ज्ञापन देने जाते आपदा मित्र। ● अमृत विचार

● आपदा मित्रों ने गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

5 लाख का जीवन व दुर्घटना बीमा कवर दिया गया है, जिसका संगठन ने स्वागत किया है। साथ ही होमगार्ड भर्ती में 3 अंक देने की पहल की भी सराहना की गई। संगठन ने सरकार से मांग की है कि आपदा मित्रों को आपदा कर्मचारी घोषित किया जाए तथा बीमा राशि 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की जाए। इसके अलावा स्वास्थ्य बीमा, ईएसआई, पीएफ और सेवानिवृत्ति जैसी सुविधाएं देने, न्यूनतम 26,910 रुपये मासिक वेतन तय करने, स्वीकृत आपदा कार्यालयों में नियुक्ति देने तथा नया आईकार्ड, ड्रेस किट और प्रशिक्षण कार्यों के समय से भुगतान की मांग की गई है। ज्ञापन के दौरान दौरान जिला उपाध्यक्ष मीना मौर्य, जिला सचिव शगुन, जिला कोषाध्यक्ष किशन मीडिया प्रभारी माधुरी सहित दर्जनों आपदा मित्र मौजूद रहे।

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मिला क्षत-विक्षत शव

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** दोस्तपुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार देर रात एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर दोस्तपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पसिया पारा के पास स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे एक शव पड़ा देखा। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत अवस्था में था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन मृतक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों के बारे में स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नारायणपुर ने जीते दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल

**भदैया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अयोध्या में 9 से 11 मार्च के बीच आयोजित राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में भदैया ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

विद्यालय की बालिका वर्ग की खिलाड़ी कृतिका शर्मा, रिचा यादव और लवी पाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं बालक वर्ग में मंजीत और ऋषभ शुक्ला ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय और जिले को गौरवान्वित किया। इसके अलावा हैंडबॉल प्रतियोगिता में रिचा यादव और तनु ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए

● राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा में जिले का नाम किया रोशन

सिल्वर मेडल दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता से लौटने के बाद विद्यालय में परीक्षा के उपरांत एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, मुनेंद्र मिश्रा, इंद्रभान यादव, हरिकेश्वर सिंह, गीता मौर्य, अनुपम यादव सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यालय की इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मिश्रा और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिव प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

**धर्म-कर्म** | मन्नत पूरी होने पर कड़ाही चढ़ाने की है परम्परा, नवरात्र पर प्रतिपदा से लेकर दशमी तक दर्शनों को प्रतिदिन लगती है हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

# गोलहन भवानी मां काली मंदिर बना लोगों की आस्था का केंद्र

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के समरथपुर स्थित गोलहन भवानी मां काली मंदिर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। चैत्र नवरात्र के अवसर पर प्रतिपदा से लेकर दशमी तक प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां काली के दर्शन, पूजन और अर्चन करते हैं। मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहता है। मंदिर परिसर में मां काली के साथ हनुमान मंदिर और भव्य शिव मंदिर भी स्थित है। श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। मान्यता है कि पहले भक्त मन्नत मांगते थे और मन्नत पूरी होने पर गोला दागते थे तथा मंदिर में घंटा बांधकर मां के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते थे।

### दूर-दराज के जिलों से पहुंचते हैं लाखों श्रद्धालु

मंदिर की देखरेख करने वाली समरथपुर निवासी गुरुदेई ने बताया कि नवरात्र की प्रतिपदा से ही भक्तों का आना शुरू हो जाता है और पूरे दस दिनों तक मंदिर में भक्तिमय माहौल रहता है। मां काली के दर्शन के लिए सुलतानपुर, अयोध्या, अमेठी सहित कई जनपदों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। भक्त पूजन-अर्चन करते हैं, नारियल फोड़ते हैं और महिलाएं अपनी मनोकामनाएं मांगती हैं। दस दिनों तक मेला लगा रहता है। क्षेत्र व आसपास से दुकानें आती है।



समरथपुर स्थित मां काली मंदिर। ● अमृत विचार

### मन्नत पूरी होने पर चढ़ाई जाती है कड़ाही

मुख्य सेविका गुरुदेई ने बताया कि मां काली मंदिर प्रांगण में महिलाएं मन्नत पूरी होने के बाद कड़ाही चढ़ाती हैं। इसके बाद पूड़ी और लपसी बनाकर मां काली को भोग लगाया जाता है और प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया जाता है।



मुख्य सेविका गुरुदेई



पंडित नीरज दास

### श्रद्धालुओं के लिए बन रही पंचवटी धर्मशाला

ग्राम प्रधान राजेश तिवारी ने बताया कि यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का बड़ा केंद्र बन चुका है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से मंदिर के पास पंचवटी धर्मशाला का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे बाहर से आने वाले भक्तों को ठहरने में सुविधा मिल सके।

### 19 मार्च से शुरू होंगे नवरात्र

आचार्य पंडित नीरज अयोध्या के अनुसार 19 मार्च 2026 से चैत्र नवरात्र का शुभारंभ होगा। उस दिन घट स्थापना (कलश स्थापना) का शुभ मुहूर्त इस प्रकार है। पहला मुहूर्त प्रात: 6 :52 से 7 :43 बजे तक, दूसरा (अभिजीत) मुहूर्त : दोपहर 12 :05 से 12 :53 बजे तक। इस बार पूरे 9 दिन की नवरात्र रहेगी और मान्यता के अनुसार माता दुर्गा का आगमन मानव (मनुष्य) वाहन पर माना जा रहा है। शास्त्रीय श्लोक "रवौ शशि गजे चौव भौमे तुरगवाहिनी। बुधे नौका समारूढ़ा गुरौ नरवाहिनी स्मृत। शुक्रे डोलागता देवी शनौ सिंहासनस्थ।"

# ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के हुनर को मिला बाजार

- वेंकटाचार्य क्लब में सजी महिला स्वावलंबन की प्रदर्शनी अधिकारियों ने की खरीदारी
- 2584 समूहों को सीआईएफ और 1422 समूहों को रिवाल्विंग फंड से मिला लाभ

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की ओर से वेंकटाचार्य क्लब परिसर में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं के हुनर, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण की सशक्त तस्वीर देखने को मिली।

कार्यक्रम में मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष गरिमा भूषण ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने उत्पादों की खरीदारी की।

प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई के वस्त्र, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, खाद्य सामग्री, सजावटी सामान तथा अन्य स्थानीय उत्पाद आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किए गए। अतिथियों ने महिलाओं से संवाद कर उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया, गुणवत्ता और विपणन से जुड़े अनुभवों की जानकारी ली। मुख्य अतिथि गरिमा भूषण ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि जनपद की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर रही हैं। प्रशासन का प्रयास है कि इन उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जाए, ताकि महिलाओं की आय में वृद्धि हो और उनका आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने भी समूह की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक निवेश निधि के मद में 2584 स्वयं सहायता समूहों तथा रिवाल्विंग फंड के मद में 1422 स्वयं सहायता समूहों को कुल 43.2 करोड़ रुपये का डेमो चेक वितरित किया गया। इस मौके पर डीएम प्रियंका निरंजन, सीडीओ अंकिता जैन, डीसी एनआरएलएम जे.एन. राव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


लाभार्थी महिला को डेमो चेक प्रदान करतीं मुख्य अतिथि गरिमा भूषण, डीएम प्रियंका निरंजन व सीडीओ अंकिता जैन। • अमृत विचार

## नाबालिग को शादी का झांसा दे किया दुष्कर्म

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** वजीरगंज थाना क्षेत्र में रिश्तेदारी की आड़ में नाबालिग के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के ताजपुर का शिवम उनके दामाद के भाई का लड़का है। उसका घर पर आना-जाना था। आरोपी की पहचान उनकी नाबालिग पुत्री से हो गई और दोनों के बीच बातचीत होने लगी। आरोप है कि 10 मार्च को शिवम ने उनकी पुत्री को गांव के पास स्थित बाग में बुलाया। वहां उसने शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया।

## गौरा चौकी जामा मस्जिद में रोजा इफ्तार पार्टी


इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदार। • अमृत विचार

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार :** गौरा चौकी बाजार स्थित जामा मस्जिद में रविवार शाम को बाजार वासियों की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोजेदारों, बाजार वासियों और क्षेत्र के लोगों ने शामिल होकर रोजा इफ्तार किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी अब्दुल अजीज ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जामा मस्जिद में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि रमजान का पवित्र महीना बरकतों और रहमतों का महीना होता है, जिसमें लोग इबादत के साथ-साथ आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करते हैं। इफ्तार के बाद सभी लोगों ने मगरिब की नमाज अदा की और क्षेत्र में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ मांगी। कार्यक्रम में डॉ अरशद, सईदुररहमान, महिउद्दीन मास्टर, बब्बू गल्ला, आमिर सहर हॉस्पिटल, अहमुदुरहमान, फुज्जू, छोटू नेता, इरफान, वा बाजार वासियों और क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी रहे।

## भोजपुरी एक्ट्रेस आस्था सिंह ने की गाने की शूटिंग


मां बाराही मंदिर परिसर में गीत की शूटिंग करतीं कलाकार। • अमृत विचार

**उमरी बेगमगंज, गोंडा, अमृत विचार :** प्रसिद्ध मां बाराही धाम मंदिर परिसर में रविवार को भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री आस्था सिंह ने अपने नए भोजपुरी गीत की शूटिंग की। शूटिंग की जानकारी मिलते ही मंदिर के आसपास के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। लोग शूटिंग देखते रहे और कई लोग अपने मोबाइल फोन से वीडियो भी बनाते नजर आए। भोजपुरी अभिनेत्री आस्था सिंह ने बताया कि यह गाना बहुत जल्द ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मां बाराही धाम जैसे पवित्र स्थल पर शूटिंग करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। शूटिंग के दौरान गाने से जुड़ी पूरी टीम मौजूद रही।

# ट्रैक्टर चोरी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार

### बाराबंकी व सीतापुर से पांच ट्रैक्टर बरामद, किसानों के नाम पर फाइनेंस कर बेच देता था गिरोह

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** स्थानीय पुलिस ने कई जिलों में सक्रिय ट्रैक्टर चोरी और हेराफेरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से चोरी के पांच ट्रैक्टर भी बरामद किए हैं।

सोमवार को ट्रैक्टर चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से चोरी के पांच ट्रैक्टर बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि बीते वर्ष 30 मई को थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव निवासी अनीस सिंह ने ट्रैक्टर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद 1 जुलाई को इसी गांव के हृदयराम और 28 अगस्त को अमेठी के नसीराबाद निवासी प्रभावती ने अपने-अपने ट्रैक्टर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गठित पुलिस टीम को जांच के दौरान सफलता मिली और बाराबंकी से दो तथा सीतापुर से तीन ट्रैक्टर बरामद किये गए। पुलिस के अनुसार गिरोह द्वारा बेचे गए दो अन्य ट्रैक्टरों की भी तलाश की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरोह के सदस्य किसानों को अपने जाल में फंसाकर उनके नाम पर ट्रैक्टर फाइनेंस कराते थे। आरोपी स्वयं डाउन पेमेंट जमा कर किसानों का भरोसा जीत लेते थे। इसके बाद ट्रैक्टर को लगभग 30 हजार रुपये प्रतिमाह किराये पर लेकर दूसरे जिलों में ले जाकर अधिक कीमत पर बेच देते थे।


चोरी के ट्रैक्टर के साथ आरोपी। • अमृत विचार

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो शातिर गिरफ्तार, 194 पासपोर्ट व 6.22 लाख रुपये बरामद

**गोंडा, कार्यालय, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 194 पासपोर्ट, 6 लाख 22 हजार रुपये, एक स्कार्पियो व दो मोबाइल बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अमजद करीम निवासी श्रवण नगर सिघड़िया थाना कैंट गोरखपुर व सुनील गुप्ता निवासी नन्दा नगर थाना एम्स गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने अपने मुख्य साथी विवेक कुमार उर्फ शमशाद खान के साथ मिलकर मल्टी इंटरनेशनल इमीग्रेशन काउंसिल नाम से कार्यालय खोला था। इसके माध्यम से लोगों को मास्को में नौकरी दिलाने का झांसा देकर फर्जी वीजा एग्रीमेंट व ऑफर लेटर दिखाकर लाखों रुपये ठगे गए। पीड़ितों को दिल्ली व लखनऊ एयरपोर्ट बुलाकर उनके पासपोर्ट ले लिए जाते थे और बाद में आरोपित संपर्क बंद कर देते थे। मामले में दर्ज मुकदमे की जांच के दौरान पहले ही मुख्य आरोपी शमशाद खान को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया जा चुका है। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है दो और लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

## मोबाइल छिनैती करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने फोन छिनैती की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी अंकित पाण्डेय और सनी शुक्ला उर्फ मानवेन्द्र शुक्ला को चांदमारी पुलिया के पास चांदमारी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार लवुआ टेपरा निवासी ई-रिक्शा चालक शिवशंकर पाण्डेय ने थाने में तहरीर दी थी कि 15 मार्च को दोपहर बादशाह बाग चौराहा से मेडिकल कॉलेज की ओर ई-रिक्शा लेकर जा रहे थे। रास्ते में काले रंग की बाइक पर सवार दो युवकों ने उनका मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सूचना पर पुलिस टीम ने चांदमारी पुलिया के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद हुई।

## एसआई भर्ती परीक्षा के पेपर में 'पंडित' शब्द के प्रयोग पर विवाद

- विधायक बावन सिंह ने पुलिस भर्ती बोर्ड को लिखा पत्र, जांच की मांग की


बावन सिंह।

**बालपुर, गोण्डा, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में 'पंडित' शब्द के कथित विवादित प्रयोग को लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश देखने को मिल रहा है। ब्राह्मण समाज से जुड़े लोगों ने इसे समाज की भावनाओं से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए नाराजगी जाहिर की है।

लोगों का कहना है कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्र में शब्दों का प्रयोग अत्यंत संवेदनशीलता से किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी वर्ग या समुदाय की भावनाएं आहत न हों। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। कई सामाजिक संगठनों और समाज के लोगों ने इस प्रकरण की जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाएं समाज में अनावश्यक विवाद और असंतोष की स्थिति पैदा कर सकती हैं, इसलिए संबंधित विभाग को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। इसी संदर्भ में भाजपा विधायक बावन सिंह ने पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को एक शिकायती पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने प्रश्नपत्र तैयार करने वाले संबंधित अधिकारी के खिलाफ जांच कर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। विधायक ने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और इस मामले में जिम्मेदार लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। विधायक बावन सिंह ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि प्रतियोगी परीक्षाएं युवाओं के भविष्य से जुड़ी होती हैं। ऐसे में प्रश्नपत्र की भाषा और सामग्री मर्यादित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी शब्द या वाक्य के प्रयोग से किसी समाज की भावनाएं आहत होती हैं, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से मांग की है कि प्रकरण की जांच कराई जाए और यदि लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस मामले को लेकर ब्राह्मण समाज में चर्चा का माहौल बना हुआ है। लोगों की निगाहें अब पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं कि इस मामले में आगे क्या कदम उठाया जाता है।

## मसौलिया में गायत्री महायज्ञ का हुआ शुभारंभ


मसौलिया गांव में निकाली गई कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व ग्रामीण।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** मसौलिया गांव में गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 16 से 18 मार्च तक चलेगा। सोमवार को मां विद्या महाकाली मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो वैश्य पुरवा, दना पुरवा से होते हुए डीहा तक पहुंची। यात्रा में शामिल गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने हम सुधरें, युग सुधरेगा तथा नशा नाश की जड़ है भाई जैसे सद्श्लोकों का उच्चारण करते हुए गांव-गांव जागरूकता का संदेश दिया। जिला पंचायत सदस्य गुड्डू सिंह ने बताया कि गायत्री परिवार के तत्वावधान में सोमवार शाम 5 बजे विराट दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। कृष्ण कुमार बाबू ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक सामूहिक यज्ञ-हवन किया जाएगा। इस अवसर पर सत्यप्रकाश, संतराम सिंह, रामकृपाल, आदर्श मिश्र, अभिषेक सिंह, धीरू सिंह, फतेह बहादुर सिंह, गरिमा, विजयलक्ष्मी सिंह, आकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## गैस सिलेंडर की कमी से मेडिकल कॉलेज की मेस व्यवस्था प्रभावित

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में रसोई गैस की आपूर्ति में आ रही दिक्कत का असर अब मेडिकल कॉलेज की मेस व्यवस्था पर भी पड़ने लगा है। गैस सिलेंडरों की कमी से मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं को समय पर भोजन नहीं मिल पा रहा है।

मेडिकल कॉलेज परिसर में संचालित मेस रसोई गैस पर निर्भर है। पिछले कुछ दिनों से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने के कारण किचन में गैस खत्म हो गई, जिससे भोजन बनाना मुश्किल हो गया। स्थिति यह हो गई कि कई बार छात्रों को निर्धारित समय पर खाना उपलब्ध नहीं हो सका। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के मुताबिक किसी तरीके से खिचड़ी की व्यवस्था का प्रबंध किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी को गैस उपलब्ध कराने को डिमांड भेजी गई है। छात्रावास में रहने वाले बड़ी संख्या में छात्र मेस के भोजन पर ही निर्भर हैं। गैस सिलेंडर की कमी से भोजन व्यवस्था प्रभावित होने पर छात्रों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। कुछ छात्रों को बाहर से भोजन की व्यवस्था करनी पड़ रही है, जबकि कई ने प्रशासन से शिकायत की है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र भेजकर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की है। कॉलेज प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि जिला पूर्ति विभाग जल्द ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएगा। जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में गैस सिलेंडर न होने की जानकारी नहीं है। फिलहाल जानकारी की जा रही है। घरेलू गैस उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। हर हाल में गैस की उपलब्धता कराई जाएगी।

## फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** भिखारीपुर कला के पंडित पुरवा में रविवार शाम एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शव की पहचान रीना (20) पुत्री शिवकुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार शाम करीब 7 बजे रीना की मां घर से बाहर गई थीं। इसी दौरान रीना ने घर की छत में लगे कुंडे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने शव को नीचे उतार लिया था, जिससे मामला संदिग्ध माना जा रहा है। बताया गया कि रीना होली पर ससुराल से मायके आई थी। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## अभ्यर्थियों ने कराई काउंसलिंग

- 33 अभ्यर्थियों से जमा कराए गए शैक्षिक अभिलेख

**गोंडा, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक स्कूलों में 29,334 गणित-विज्ञान शिक्षक भर्ती के तहत चयनित 33 अभ्यर्थियों ने सोमवार को बीएसए कार्यालय में सहायक अध्यपाक पद पर नियुक्ति के लिए काउंसलिंग कराई। अधिकारियों ने उनके शैक्षिक अभिलेख जमा कराए।

उच्च प्राथमिक स्कूलों में विज्ञान व गणित विषय के 29334 शिक्षकों की भर्ती के लिए सरकार ने वर्ष 2013 में प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन कई चरणों की काउंसलिंग के बाद भी पद खाली रह गए थे। खाली पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थी कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 31 दिसंबर 2019 से पहले याचिका दायर करने वाले कटऑफ से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को 19 मार्च को नियुक्त देने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद बेसिक शिक्षा परिषद ने 1113 याची अभ्यर्थियों की अनंतिम चयन सूची जारी की और जिला आवंटन कर 19 मार्च तक कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए। सोमवार को बीएसए कार्यालय सभागार में चयनित 35 अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था जिसमें से 33 ने काउंसलिंग कराई। बीईओ राम खेलावन सिंह व उपेंद्र त्रिपाठी ने अभ्यर्थियों के मूल शैक्षिक अभिलेखों की जांच की। 2 अभ्यर्थी नहीं पहुंचे। बीएसए अमित सिंह ने बताया कि काउंसलिंग के दौरान चयनित 33 अभ्यर्थियों ने शैक्षिक अभिलेख जमा किए हैं। अभिलेखों की जांच कराई जा रही है। सबकुछ सही रहा तो मंगलवार को अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा।


चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेखों की जांच करते खंड शिक्षा अधिकारी।

## आंगनबाड़ी भर्ती में गड़बड़ी का आरोप



डीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते कार्यकर्ता। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका की चल रही भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (एटक) के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है। एटक के पदाधिकारियों का कहना है कि जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिका की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसी दौरान एक ऑडियो वायरल होने के बाद एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। संगठन का आरोप है कि इससे यह स्पष्ट होता है कि भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी हो रही है और मामला सामने आने पर लीपापोती की कोशिश की जा रही है। संगठन ने जिलाधिकारी से दो प्रमुख मांगें की है कि आंगनबाड़ी भर्ती की पूरी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। छपिया से जुड़े प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। इस दौरान राज्य कमेटी के सदस्य राजीव कुमार, अमित शुक्ला, सुरेंद्र सिंह, रमेश चौबे, सदानंद गिरि, सीतासरन, आर एस अहमद, दीनानाथ त्रिपाठी, सगीर खां, मोहित तिवारी आदि शामिल रहे।

## मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद

### मंडलायुक्त ने महिलाओं को दिया न्याय का भरोसा

# महिलाओं की शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में सोमवार को मंडल मुख्यालय स्थित आयुक्त कार्यालय में मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित महिलाओं की विशेष जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आई चार महिलाओं ने अपनी समस्याएं मंडलायुक्त के समक्ष रखीं। मंडलायुक्त ने सभी प्रार्थनाओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि महिलाओं की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम सुरती पुरवा, मौजा रामनगर तरतर, थाना कोतवाली देहात निवासी सूर्यकला देवी पत्नी भवानी भीख ने मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके घर तक जाने वाला रास्ता गांव का सार्वजनिक मार्ग है, जो गांव से बाहर निकलता है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने उक्त सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से टीन शेड रखकर कब्जा कर लिया है, जिससे उनके परिवार को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह या उनका परिवार उस रास्ते से गुजरने का प्रयास करता है तो विपक्षीगण लाठी लेकर मारपीट की धमकी देते हैं और रास्ते से जाने से रोकते हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत आख्या मंडलायुक्त कार्यालय को भेजी जाए। साथ ही, यदि सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जा पाया जाए तो उसे तत्काल हटवाकर पीड़िता को न्याय दिलाया जाए। कार्यक्रम के दौरान अपर आयुक्त मीनू राणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


महिलाओं की शिकायतें सुनते आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील। • अमृत विचार

## जनता दर्शन में भड़के परियोजना निदेशक

- लंबित मामले पर संबंधित कर्मचारियों पर जतायी कड़ी नाराजगी


सुशील कुमार पांडेय, परियोजना निदेशक।

**गोंडा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन के दौरान उस समय परियोजना निदेशक सुशील कुमार पांडे नाराज नजर आए, जब उन्हें बताया गया कि एक प्रकरण का निस्तारण आठ माह बाद भी नहीं किया गया है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए बीडीओ परसपुर को तीन दिन के भीतर प्रकरण के निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

विकास खण्ड परसपुर निवासी विजय ने जनता दर्शन में पहुंचकर परियोजना निदेशक से शिकायत की। उसने बताया कि एक प्रकरण से संबंधित जानकारी के लिए मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी को पत्र जारी कर निर्देश दिए थे। इसके बाद परियोजना निदेशक की ओर से भी खण्ड विकास अधिकारी परसपुर को कार्रवाई के निर्देश प्रेषित किए गए लेकिन इसके बावजूद अब तक मामले का निस्तारण नहीं हो सका। इस पर परियोजना निदेशक सुशील कुमार पांडे ने संबंधित लिपिक को तलब कर दिशा-निर्देश दिए। परियोजना निदेशक ने खण्ड विकास अधिकारी परसपुर को सख्त चेतावनी देते हुए तीन दिन के भीतर प्रकरण का निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन जारी


क्रमिक अनशन पर बैठे अधिवक्ता। • अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तहसील में अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन सोमवार को भी जारी रहा। अधिकारियों के साथ प्रस्तावित वार्ता न हो पाने से अधिवक्ताओं में नाराजगी बनी रही और उन्होंने न्यायिक कार्य से विरत रहकर प्रदर्शन किया। तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि जिलाधिकारी और अधिवक्ताओं के बीच हुई पूर्व वार्ता के क्रम में सोमवार को अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उपजिलाधिकारी व अधिवक्ताओं के बीच वार्ता प्रस्तावित थी। लेकिन एसडीएम के जिला मुख्यालय पर व्यस्त होने के कारण वह तहसील नहीं पहुंच सकीं और वार्ता नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन की ओर से वार्ता के लिए आमंत्रित नहीं किया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस मौके पर श्यामधर शुक्ल, पवन कुमार, संजय मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, सुशील कुमार, सत्यनारायण सिंह, अरविंद शुक्ल, रामसभा मिश्र, स्वामी दूबे सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मोबाइल पर डिलीवरी का संदेश पर नहीं मिल रहा है गैस सिलेंडर

## बढ़ती ही जा रही है परेशानी, एजेंसियों पर लग रही है उपभोक्ताओं की कतार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। कई उपभोक्ताओं को बिना सिलेंडर मिले ही मोबाइल पर गैस डिलीवरी का संदेश प्राप्त हो रहा है, जिससे लोगों में असमंजस और नाराजगी का माहौल है। हालात यह हैं कि सिलेंडर पाने के लिए लोग गैस एजेंसियों के गोदामों के बाहर कतार लगाने को मजबूर हैं।

पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों का दावा है कि जिले में प्रतिदिन लगभग 14,500 घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की खपत है और बाटलिंग प्लांट से उतनी ही संख्या में सिलेंडरों की आपूर्ति डीलरों को की जा रही है। इसके बावजूद बुकिंग कराने वाले कई उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा



रहा है।

पूरबटोला निवासी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उनके यहां भारत गैस का कनेक्शन है। उन्होंने ऑनलाइन बुकिंग कराई थी, लेकिन कुछ दिन बाद मोबाइल पर संदेश आ गया कि उनका रिफिल सिलेंडर डिलीवर कर दिया गया है, जबकि उन्हें सिलेंडर मिला ही नहीं। इसी तरह सिविल लाइंस निवासी एके सिंह और नई बस्ती निवासी राजकुमार के मोबाइल पर भी डिलीवरी का संदेश पहुंच गया, लेकिन वास्तविक रूप से उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। एजेंसी पर जानकारी लेने पहुंचे तो उन्हें एक पर्ची देकर गोदाम से सिलेंडर लेने को कहा गया। तेल कंपनियों की व्यवस्था के अनुसार शहरी उपभोक्ताओं को 25 दिन और ग्रामीण उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद ही अगला रिफिल सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही नो बुकिंग, नो सिलेंडर का नियम भी लागू किया गया है। वहीं जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने बुकिंग कराई है, उन्हें गैस सिलेंडर हर हाल में उपलब्ध कराया जाएगा। कुछ मामलों में उपभोक्ताओं को रिफिल डिलीवरी का संदेश तो मिल गया, लेकिन उन्हें वास्तविक रूप से सिलेंडर नहीं मिला है। ऐसी शिकायतों के समाधान के लिए कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं और सभी शिकायतों का निस्तारण कराया जा रहा है। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए केवल आधिकारिक बुकिंग प्रक्रिया का पालन करें, मोबाइल पर प्राप्त संदेश और एजेंसी से मिली जानकारी का मिलान करें तथा किसी भी समस्या की शिकायत संबंधित एजेंसी या पूर्ति विभाग में दर्ज कराएं।

### अफवाहों पर ध्यान न दें उपभोक्ता : डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर फैल रही भ्रामक सूचनाओं के कारण कई उपभोक्ता बिना बुकिंग के ही गैस एजेंसियों और गोदामों पर पहुंच रहे हैं। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे केवल विधिवत बुकिंग के आधार पर ही सिलेंडर प्राप्त करें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# आवास के 210 लाभार्थियों को मिली पहली किस्त



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व लाभार्थी। • अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री के संबोधन को लाभार्थियों ने सुना। इस दौरान प्रदेश के लगभग 90 हजार लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से करीब 900 करोड़ रुपये की अनुदान राशि प्रथम किस्त के रूप में हस्तांतरित की गई।

जनपद बलरामपुर में योजना के अंतर्गत कुल 210 लाभार्थियों को लाभ मिला। इनमें बलरामपुर नगर के 31, उतरौला के 38, गैसड़ी के 74, पचपेड़वा के 35 तथा तुलसीपुर के 32 लाभार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम में उपस्थित एडीएम शिव नारायण सिंह ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों को पहली किस्त मिल चुकी है वे जल्द से जल्द अपने आवास का निर्माण कार्य शुरू कराएं, ताकि निरीक्षण के बाद दूसरी और तीसरी किस्त भी समय पर मिल सके। उन्होंने बताया कि पहली किस्त एक लाख रुपये, दूसरी किस्त एक लाख रुपये और तीसरी किस्त 25 हजार रुपये की दी जाती है। कार्यक्रम में ईओ एवं पीओ डूडा लाल चन्द्र मौर्य, अध्यक्ष प्रतिनिधि डी.पी. सिंह बैस, डूडा प्रबंधक अखिलेश कुमार सिंह और सीएलटीसी डूडा कृष्ण मुनि व लाभार्थियों में खातून बेगम, लक्ष्मी, विमला मिश्र, विनीता मिश्र, बच्चन देवी, पूनम, प्रेमनाथ आदि मौजूद रहे।

## सांसद के आवास पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन, भाईचारे व अमन-चैन की मांगी दुआ



सांसद अवधेश प्रसाद के साथ रोजा इफ्तार के बाद लोगों से बातचीत करते हसीब खान।

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर अयोध्या-फ़ैज़ाबाद के सांसद एवं पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद के आवास पर रविवार को रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक साथ रोज़ा इफ्तार कर देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। कार्यक्रम में उतरौला विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हसीब खान भी शामिल हुए। उन्होंने रोज़ा इफ्तार में शरीक होकर लोगों को रमज़ान की मुबारकबाद दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि रमज़ान का महीना इंसानियत, सब्र और भाईचारे का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी गंगा-जमुनी तहज़ीब से है, जहां सभी धर्मों और समुदायों के लोग आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ अपने त्योहार मनाते हैं। इफ्तार पार्टी में पूर्व विधायक रुश्दी मियां, फ़ैज़ाबाद के सपा जिला अध्यक्ष, बलरामपुर महिला सभा की जिलाध्यक्ष हिना कौसर, अल्ताफ क़ाज़ी, मशरूर खान, किफ़लाइन सिद्दीकी, बिलाल फिरोज़, वारिश शाह सहित समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी लोगों ने एक साथ रोज़ा इफ्तार किया और देश में शांति, भाईचारे तथा तरक्की के लिए दुआएं मांगी।

## सुल्तान-ए-हिंद फाउंडेशन ने जरूरतमंदों में बांटीं ईद की सेवइयां, दिया भाईचारे का संदेश



जरूरतमंदों को ईद की सेवई बांटने पहुंचे सुल्तान- ए -हिंद फाउंडेशन के लोग।

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर सुल्तान-ए-हिंद फाउंडेशन की ओर से गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बीच ईद की सेवइयां वितरित की गईं। संस्था के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों को सेवइयां देकर उन्हें भी ईद की खुशियों में शामिल होने का अवसर प्रदान किया। इस मौके पर अबरार मस्जिद के ख़तीब व इमाम तथा जामिया अहले सुन्नत गुलशन तैयबा फातिमा के प्रिंसिपल मौलाना नूरुद्दीन इस्माइली ने कहा कि ईद-उल-फितर खुशी, मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देने वाला महान इस्लामी त्योहार है। उन्होंने कहा कि इस मुबारक मौके पर गरीबों और जरूरतमंदों को खुशियों में शामिल करना इस्लाम की अहम शिक्षा है और यह एक बड़ी नेकी भी है। फाउंडेशन के जिम्मेदार मुहम्मद आसिफ और मुहम्मद अफजल एडवोकेट के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने कई क्षेत्रों में सेवइयां वितरित कीं। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग की मदद करना और त्योहारों की खुशियां हर घर तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सभी जिम्मेदार मौजूद रहे। इसकी जानकारी संस्था के सदस्य मुहम्मद जावेद ने दी।

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर विधायक ने दिया जोर

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों के लिए सोमवार को एक निजी मैरिज हाल में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की कायाकल्प योजना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ग्राम प्रधानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने 'निपुण भारत मिशन' के लक्ष्यों को समय से पूरा करने पर जोर देते हुए कहा कि विद्यालयों के विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी बेलसर नूतन जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और डीबीटी के माध्यम से बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्राम प्रधानों को विद्यालयों के सौंदर्यीकरण तथा बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों तथा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुष्कर तिवारी ने किया। इस दौरान जितेंद्र पांडेय, अमित सिंह, राजेश शुक्ल, उमाशंकर सिंह, आनंद सिंह, विजय सिंह, विनय सिंह, रवि प्रताप सिंह, सुमन पांडेय, राम धोख मिश्र, अनुज शुक्ल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा से भिड़ी बाइक, वृद्ध की मौत

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** मनकापुर मार्ग स्थित लालगंज बाजार में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ई-रिक्शा से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 55 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी इलाज के दौरान सीएचसी में मौत हो गई। पुरैनाजाट निवासी राम अजोर यादव (55) सोमवार दोपहर बाइक से पेहर बाजार जा रहे थे। जैसे ही वह लालगंज बाजार में डॉ. खलीलुल्लाह के क्लीनिक के सामने पहुंचे, तभी ई-रिक्शा से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद राम अजोर यादव बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर व पैर में गंभीर चोटें आईं। हेल्मेट न पहनने के कारण सिर में ज्यादा चोट लगने की बात सामने आई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में भर्ती कराया, जहां करीब एक घंटे तक चले उपचार के बाद उनकी मौत हो गई।

# हत्या के दोषी को उम्रकैद 1.20 लाख का जुर्माना

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के चलते हत्या के एक मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 1,20,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।मामला थाना कौड़िया क्षेत्र के ग्राम गौसिहा का है।

मोनू उर्फ मुरारी ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी बहन अपने माता-पिता के साथ गांव में रहती थी। उसका बड़ा भाई सोनू उर्फ पुजारी इलाज के लिए लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती था और वह स्वयं दिल्ली में था। 9 अप्रैल 2016 को गांव के लोगों से उसे सूचना मिली कि उसकी बहन की मौत हो गई है और घरवालों ने बिना किसी रिश्तेदार को जानकारी दिए शव को दफना दिया है। जब उसने अपने पिता से जानकारी किया तो उन्होंने बताया कि उसकी बहन को सांप ने डस लिया था। वादी को इस बात पर संदेह हुआ और उसने पिता की बात को गलत बताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान रामरंग शुक्ला निवासी ग्राम मल्लापुर गौसिहा को दोषी पाया गया। तत्कालीन विवेचक निरीक्षक इंतखाब अहमद ने साक्ष्य संकलन के बाद 22 मई 2016 को आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत अभियोजक अमित पाठक, थाना कौड़िया के पैरोकार मुख्य आरक्षी रामाज्ञा और कोर्ट मोहर्रिर मुख्य आरक्षी शिवपाल सिंह द्वारा पैरवी की गई। सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तृतीय की अदालत ने आरोपी रामरंग शुक्ला को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास और 1.20 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## शिक्षकों ने परखा बच्चों का शैक्षिक स्तर

**गोंडा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। पहले दिन बच्चों की मौखिक परीक्षा हुई। शिक्षकों ने बच्चों से सवाल किये और उनके शैक्षिक स्तर की परख की।

सोमवार से प्रारंभ हुई वार्षिक परीक्षा के पहले दिन पहली पाली में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों की मौखिक परीक्षा हुई। जबकि 6 से 8 तक के बच्चों की कृषि व गृह शिल्प की परीक्षा हुई। वहीं दूसरी पाली में जूनियर स्कूलों के बच्चों की बेसिक क्राफ्ट/शारीरिक शिक्षा की परीक्षा कराई गयी। मुजेहना के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर पहली पाली में कृषि व गृह शिल्प तथा दूसरी पाली में बेसिक क्राफ्ट/शारीरिक शिक्षा की परीक्षा हुई। प्रधानाध्यापक बृजेंद्र सिंह ने बताया कि स्कूल में कुल 151 बच्चे पंजीकृत हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि पहले दिन मौखिक व आर्ट क्राफ्ट व शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा कराई गयी।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधान सम्मानित

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** बीआरसी में प्रधानों, स्थानीय निकाय सदस्यों और प्रधानाध्यापकों के लिए ब्लॉकस्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार तिवारी, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा और एडीओ पंचायत संजीव कैराती ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पीएम श्री विद्यालय बरगदवा सैफ की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी ने ग्राम प्रधानों से अपील की कि ग्राम पंचायत के बजट में विद्यालयों के विकास को प्राथमिकता दी जाए। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम पंचायत रमवापुर के प्रधान शशि कुमार पांडेय को प्रतीक चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया। संचालन एआरपी रवि कान्त मिश्र ने किया। इस अवसर पर 232 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहित कई जनप्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



संबोधित करते मुख्य अतिथि।

## तेंदुए के हमले से बछड़े की मौत

**महराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार :** बरहवा रेंज क्षेत्र के दुर्गापुर में तेंदुए के हमले की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सोमवार को एक बछड़े का आधा खाया शव बाग में मिला। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

दुर्गापुर निवासी विनोद पांडेय ने बताया कि सोमवार सुबह जब वह गौशाला पहुंचे तो उनका बछड़ा गायब मिला। तलाश के बाद एक बाग में बछड़े का शव मिला, जिसका आधा हिस्सा किसी जंगली जानवर द्वारा खाया जा चुका था।ग्रामीण अवधेश पांडेय, लवकुश, बाजे, अजय, शनि और गोलू सहित अन्य लोगों ने आशंका जताई है कि तेंदुए ने बछड़े को शिकार बनाया है। बरहवा रेंज के रेंजर बृजेश सिंह परमार ने बताया कि वन विभाग की टीम को गांव भेजा जा रहा है। टीम मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी।



बैठक में मौजूद क्रांतिकारी विचार मंच के पदाधिकारी। • अमृत विचार

### भारतीय नववर्ष के स्वागत की तैयारियों में आयी तेजी

**बलरामपुर अमृत विचार :** भारतीय नववर्ष विक्रम संवत-2083 के स्वागत समारोह की तैयारियों को लेकर क्रांतिकारी विचार मंच की ओर से बैठक आयोजित की गई। मंच के संयोजक इंदुभूषण जायसवाल के आवास पर आयोजित बैठक में संरक्षक हरिवंश सिंह, अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह और महामंत्री डॉ. तुलसीश दुबे ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। निर्णय लिया गया कि भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को शाम 7 बजे टेढ़ी बाजार स्थित श्री अवध पैलेस में काव्य संध्या, सम्मान समारोह और बौद्धिक संगोष्ठी सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संयोजक इंदुभूषण जायसवाल ने कहा कि क्रांतिकारी विचार मंच पिछले 25 वर्षों से भारतीय नववर्ष का स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होने वाला भारतीय नववर्ष हमारी सांस्कृतिक परंपरा का आधार है। अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह और संरक्षक हरिवंश सिंह ने बताया कि इस वर्ष भारतीय नववर्ष के अवसर पर देशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे इसकी पहचान और अधिक मजबूत होगी।

## युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**सादुल्लाहनगर, बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम ऐदहा निवासी एक युवक ने रविवार रात किराए के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है, जबकि तीन माह के बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया। ऐदहा निवासी बृजेश कुमार विश्वकर्मा (21) मो. शरीफ के मकान में किराये पर रहकर पिकअप वाहन चलाता था। रविवार सुबह वह बीकापुर गया था। शाम को लौटने के बाद वह कमरे में चला गया। देर रात तक दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों को शक हुआ। होली के चलते उसकी पत्नी सोनम मायके गई हुई थी। रात में कई बार फोन करने के बावजूद जब कॉल रिसीव नहीं हुई तो उसने पड़ोसी को जानकारी लेने के लिए कहा। घर के पीछे से देखने पर बृजेश का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

गौराचौकी, गोंडा

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर 2026 के अंतर्गत विधानसभा गौरा में किसान इंटर कॉलेज, पिपरा स्माइल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल सात सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने विषयों पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अकबाल बहादुर तिवारी, विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा, नीरज मौर्य, अविनाश जायसवाल, श्रवण शुक्ला, विद्याभूषण द्विवेदी एवं आशीष त्रिपाठी ने अपने विषयों पर विस्तार से चर्चा की। सत्रों के दौरान भारतीय जनता पार्टी का कार्य विस्तार, पार्टी का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया एवं नमो ऐप, बूथ प्रबंधन तथा मन की बात जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकर्ताओं को व्यापक मार्गदर्शन दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में संगठन की दृष्टि से केशव नगर के लगभग 80 कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था। उनकी सहभागिता से दिन-रात चलने वाले सभी सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस दौरान व्यवस्थापक के रूप में ब्लॉक प्रमुख बभनजोत नीरज पटेल, विक्रम प्रसाद वर्मा, कप्तान श्रीवास्तव, मधु सिंह एवं इंद्र बहादुर वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## वनवासी छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। • अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास समिति, संबद्ध समर्पण सेवा संस्थान की ओर से रविवार देर शाम रमना पार्क परिसर में होली मंगल मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वनवासी छात्रावास के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र, विशिष्ट अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, माता वैष्णो देवी कटरा शनि मंदिर के महंत स्वामी नाथ पांडेय, समिति के संरक्षक डॉ. कौशल्या गुप्ता व प्रो. जे.पी. पांडेय, नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि डी.पी. सिंह तथा समिति अध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित कर तथा प्रभु श्रीराम, बिरसा मुंडा और बालासाहेब देशपांडे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर दद्दन मिश्र ने कहा कि होली मिलन कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना है। विधायक कैलाशनाथ शुक्ल ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत साधना श्रीवास्तव के निर्देशन में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और वंदेमातरम की प्रस्तुति से हुई। वहीं वनवासी छात्राओं ने थारू जनजाति की संस्कृति की झलक अपने नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रस्तुत की। संचालन लेफ्टिनेंट (डॉ.) देवेंद्र कुमार चौहान ने किया, जबकि उपाध्यक्ष डॉ. एम.पी. तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

## एएनएम व सीएचओ का एचआरपी प्रशिक्षण संपन्न

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार :** सोमवार को बभनजोत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम एवं सीएचओ के लिए एचआरपी (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएचसी अधीक्षक डॉ. तरुण कुमार मौर्य ने किया। उन्होंने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों से गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान बीएमसी हर्षित श्रीवास्तव एवं बीपीएम सनोज मिश्रा ने एचआरपी कार्यक्रम की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी और क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में एएनएम एवं सीएचओ को हाई रिस्क प्रेगनेंसी से जुड़ी पहचान, देखरेख, प्रबंधन तथा क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों के समाधान पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, ब्लॉक आउटरीच कोऑर्डिनेटर सहित सभी एएनएम उपस्थित रहीं।

# अग्निकांड से निपटने को अग्निशमन विभाग अलर्ट

**बलरामपुर, अमृत विचार :** संभावित अग्निकांडों की रोकथाम और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अग्निशमन विभाग अलर्ट है। डीएम विपिन कुमार जैन व एसपी विकास कुमार लगातार अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं तथा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आग की किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

जिले के तीनों प्रमुख अग्निशमन केंद्र—बलरामपुर सदर, तुलसीपुर और उतरौला—को आधुनिक संसाधनों और प्रशिक्षित कर्मियों से सुसज्जित किया गया है। विभाग के अनुसार तीनों केंद्रों पर 40 फायरमैन, 5 लीडिंग फायरमैन और फायर सर्विस चालक तैनात हैं, जो 24 घंटे किसी भी दुर्घटना स्थल पर पहुंचने को तैयार रहते हैं। बलरामपुर सदर स्टेशन पर 5000 और 4500 लीटर क्षमता के दो फायर टेंडर, 750 लीटर की क्विक रिस्पांस वैन, हाई प्रेशर वाहन तथा पोर्टेबल पंप युक्त टाटा योद्धा और बोलेरो कैंपर तैनात हैं। वहीं तुलसीपुर और उतरौला केंद्रों पर 2500 से 4500 लीटर क्षमता के फायर टेंडर और हाई प्रेशर वाहन उपलब्ध हैं। अग्निशमन विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 20 सूत्री सुरक्षा मार्गदर्शिका जारी करते हुए पंचायतों से आवश्यक उपकरण तैयार रखने की अपील की है। आग की घटना की सूचना के लिए फायर सेवा 101, पुलिस सहायता 112, जबकि बलरामपुर सदर – 9454418820, तुलसीपुर – 9454418821, उतरौला – 7839861626 और प्रभारी अधिकारी अग्निशमन – 9454418819 नंबर 24 घंटे सक्रिय रखे गए हैं।

खेलकूद

ओपन स्टेट सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का तीसरा दिन

# वाराणसी की बड़ी जीत, अन्य दो मैच रहे ड्रा



फुटबॉल मैच खेलती महिला खिलाड़ी। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** खेल निदेशालय व जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित ओपन स्टेट सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 18 मार्च तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

तीसरे दिन के मैच का उद्घाटन डॉ. आरिफ खां, डॉ. डी.के. राव व श्रीमती अनिता सोनकर ने किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच वाराणसी और महाराजगंज के बीच खेला गया, जिसमें वाराणसी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराजगंज को 10–0 से पराजित कर जीत दर्ज की।

दूसरा मुकाबला प्रयागराज और बलिया के बीच खेला गया, जो कड़े मुकाबले के बाद 0–0 से ड्रा रहा।

तीसरा मैच बाराबंकी और संतकबीर नगर के बीच खेला गया, जो 0–0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच के कमिश्नर अयूब शाह रहे, जबकि निर्णायक मंडल में मनोज तिवारी, अशोक सिंह, विनय कुमार, मो. आकिब, मेहरुद्दीन, संजय सिंह, कु. शालिनी, कविता पटेल, कल्पना कुमारी व रियाज अहमद शामिल रहे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा सचिव राजेश पाण्डेय सहित स्टेडियम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता आयोजक व क्रीड़ाधिकारी गोंडा अशोक सोनकर ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### चाकू रखने के दो दोषियों पर जुर्माना

**श्रावस्ती :** भिनगा कोतवाली पुलिस ने खनपुरवा निवासी सिपाही लाल पुत्र विश्राम यादव व मंगलभट्ठा के रमना निवासी कुन्ने राम पुत्र विहारी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में सोमवार सीजेएम ने सिपाही लाल को तीन माह 15 दिन का साधारण कारावास व 500 रुपए के जुर्माने से दंडित किया। वहीं सीजेएम ने कुन्ने राम को जेल में बिताई अवधि के कारावास व 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### मारपीट के दोषी पिता पुत्र पर जुर्माना

**श्रावस्ती :** भिनगा कोतवाली पुलिस ने 2017 में अमवा के मजरा कोड़र निवासी बालक राम पुत्र नानबाबू व लवकुश पुत्र बालकराम को वादी को अपमानित करने के उद्देश्य से भद्दी-भद्दी गाली देने व मारपीट कर साधारण चोट पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। मामले में सोमवार सीजेएम ने दोषी पिता पुत्र को न्यायालय उठने तक की अवधि का कारावास व प्रत्येक को 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### रोगों के प्रति किया जागरूक

**गिलौला (श्रावस्ती) :** इकौना विकास क्षेत्र के ग्राम सेमगढा में हंस फाउंडेशन की ओर से नेत्र शिविर का आयोजन हुआं इसमें मौजूद ग्रामीणों का नेत्र परिक्षण कर उन्हें डायरिया व हैजा के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में ग्रामीणों को डायरिया और हैजा के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। नेत्र शिविर में 30 ग्रामीणों की नि :शुल्क आंखों की जांच कर आवश्यक दवा प्रदान की गई। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ केए दिवेदी, संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अंबुज सिंह, डॉ प्रदीप जायसवाल, फार्मासिस्ट दिलीप शुक्ल, लैब टेक्नीशियन सौरभ तिवारी, एएनएम सपना सिंह व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### मेला व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

**जमुनहा (श्रावस्ती) :** मल्हीपुर के राप्ती बैराज स्थित मां जगपति धाम मंदिर में सोमवार को आगामी राम नवमी मेले की व्यवस्था को लेकर मंदिर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें मेला को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं व साफ-सफाई को बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, महंत रीता गिरी, शिवकुमार गुप्ता, सचिन, श्यामलाल निषाद, इंद्रजीत यादव, राहुल तिवारी, राधेश्याम पाल, पंकज यादव मौजूद रहे।

# शीघ्र कराया जाए भू-खण्डों का पुर्नग्रहण: डीएम

## जिलाधिकारी ने भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा- निर्देश

संवाददाता, बहराइच


समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी व मौजूद अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में संचालित योजनाओं के भूमि अर्जन कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि बहराइच खलीलाबाद नई रेल लाइन के निर्माण के प्रभावित वृक्षों के नीलामी/कटान रेलवे विभाग द्वारा वननिगम से सम्पर्क कराया जाए और इस कार्य किसी तरह का विलम्ब न हो। उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि योजना प्रभावित ग्राम समाज के भू-खण्डों के पुर्नग्रहण की कार्यवाही शीघ्र कराई जाए। भारत-नेपाल सीमा पर प्रस्तावित बहुउद्देशीय हब के अर्जन क्षेत्र में प्रभावित परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन भूमि अध्याप्ति अधिकारी को उपलब्ध कराएं, जिससे अधिनिर्णय विलम्बित न हो।

जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में उपजिलाधिकारी कैसरगंज व महसी से अर्जन प्रभावित भूमि स्थलीय स्थिति व प्रभावित कृषकों के मध्य अंश निर्धारण की रिपोर्ट विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को एक सप्ताह में उपलब्ध करायी जाए। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसबे के निर्माण में प्रभावित ग्राम टेडवाबसन्तपुर के सन्दर्भ में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी महसी को निर्देशित किया गया कि ग्राम टेडवाबसन्तपुर के प्रस्ताव के अनुसार भू-खण्डों एवं क्षेत्रफल का मिलान खतौनी/41,45 से करा लिया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह ध्यान रखा जाए कि अर्जन हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल भू-खण्ड के कुल क्षेत्रफल से अधिक कदापि न हो। सिचाई विभाग के गैप्स निर्माण के भू-अर्जन प्रस्ताव में तेजी लायी जाए। सहायक मण्डल अभियंता पूर्वोत्तर रेलवे बहराइच निदेर्शित किया गया कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी विभाग के प्रतिनिधियों को यह निर्देशित किया गया कि योजना प्रभावित भू-अधिग्रहण कार्यों की सतत समीक्षा की जाए कही भी शिथिलता न हो।

समीक्षा बैठक के दौरान अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच, नगर मजिस्ट्रेट बहराइच, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी महसी, उपजिलाधिकारी कैसरगंज, भूमि अर्जन अधिकारी एनएचएआई लखनऊ, अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि बहराइच, सहायक मण्डल इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे बहराइच, सहायक अभियंता, सरयू नहर खण्ड-4, सहायक अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-1 सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, बहराइच, सहायक अभियंता एनएचएआई सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### अपर सचिव ने विद्यालय का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** अपर सचिव भारत सरकार सोमवार भिनगा पहुंचे। यहां उन्होंने राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज भिनगा, एनआरसी व एमआरआई मशीन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में सफाई का विशेष ध्यान रखें। अपर सचिव ने विद्यालय की स्मार्ट क्लास के संचालन पर बल दिया। वहीं एनआरसी में भर्ती बच्चों का बेहतर ढंग से इलाज करने व एमआरआई मशीन का नियमित संचालन का निर्देश दिया। अपर सचिव (समग्र शिक्षा), स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार व केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीति आयोग धीरज साहू एक दिवसीय भ्रमण पर भिनगा पहुंचे। निरीक्षण भवन में डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय व सीडीओ शाहिद अहमद ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने राजकीय बालिका इण्टर कालेज भिनगा निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान शिक्षकों की उपस्थिति व नामांकन के सापेक्ष छात्राओं की उपस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान प्रधान शिक्षिका डॉ एकता यादव को शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, परिसर में सफाई, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्मार्ट क्लास का भी जायजा लिया। बाद में संयुक्त जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) का निरीक्षण कर वार्ड में बच्चों का हाल जाना। इस दौरान एसडीएम भिनगा आशीष भारद्वाज, सीएमओ डा एके सिंह, सीएमएस डा राजपाल सिंह, बीएसए अजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव, बीओ हरिहरपुररानी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण करते अपर सचिव, साथ में अन्य अधिकारी।

# सरयू नदी के भगहर में डूबा किशोर, तलाश जारी


किशोर की तलाश करते गोताखोर व मौजूद भीड़। अमृत विचार

खैरीघाट (बहराइच)

● रायगंज गांव के पास की घटना परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** जिले में खैरीघाट थाना क्षेत्र के रायगंज गांव के पास सोमवार दोपहर एक किशोर के सरयू नदी के भगहर में डूब जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद से ग्रामीणों की मदद से उसकी तलाश जारी है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार रायगंज गांव निवासी 15 वर्षीय अनुज सोमवार दोपहर करीब 2 बजे सरयू नदी के भगहर नाले के किनारे गया था। लोगों स्कूल से आते वक्त किशोर की नदी में डूबने की बात कही है। उन्होंने बताया कि वापस घर आते समय किशोर अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और किशोर की तलाश शुरू कर दी गई। सूचना पर पहुंची खैरीघाट थाना पुलिस भी स्थानीय लोगों की मदद से खोजबीन में जुटी हुई है।

वहीं घटना की सूचना पर मौके पर मौजूद उपनिरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सहायता से लगातार तलाश की जा रही है। वहीं घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# मधुमक्खियों के हमले में आठ श्रीलंकाई श्रद्धालु घायल

इकौना (श्रावस्ती)

● जेतवन महाविहार में पूजा करने के दौरान हुई घटना

**अमृत विचार।** जेतवन महाविहार में सोमवार पूजा करने आए श्रीलंकाई श्रद्धालुओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में आठ श्रद्धालु घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

श्रीलंका से 40 श्रद्धालुओं का दल पूजा के लिए बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती के जीवन महाविहार आया था। जेतवन महाविहार में स्थित गंधकुटी पर पूजा करते समय मधुमक्खियों के झुंड ने श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। इससे भगदड़ मच गयी और खुद का बचाव करते हुए श्रद्धालु इधर उधर भगने लगे। इससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। श्रद्धालुओं ने किसी तरह इधर उधर छिपकर खुद को बचाया। इस दौरान आठ श्रद्धालु मधुक्खियों के काटने से घायल हो गए। घायलों में सुशांत, रोहित, नंदा शिवमती, चंद्रसेन, निर्वासा, स्वर्ण माली, हेमलता व टिटास निवासी कोलंबो शामिल थे। टीम लीडर मनोज भंडारे ने घायल श्रद्धालुओं को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया। टीम लीडर ने बताया कि हम लोग कोलंबो से दिल्ली चार मार्च को पहुंचे थे। इसके बाद आगरा, भोपाल, बोधगया, वाराणसी कपिल वस्तु, लुंबिनी होते हुए रविवार को बलरामपुर पहुंचे। पथिक होटल में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को सभी श्रावस्ती पहुंचे थे। जहां पूजा अर्चना के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। चिकित्सक डॉ. गिरिवर वर्मा ने बताया कि घायलों की स्थिति अब सामान्य है। इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से भेज दिया गया है।

# ई-रिक्शा की टक्कर से पशु चरा रहे अधेड़ की मौत, पत्नी ने दी तहरीर

जरवल रोड (बहराइच)

हादसा

**अमृत विचार।** थाना जरवल रोड क्षेत्र में ई-रिक्शा की टक्कर से पशु चरा रहे एक अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद अधेड़ का अंतिम संस्कार हो गया है

जानकारी के अनुसार ग्राम खुहारे पुरवा, मुस्तफाबाद निवासी घनश्याम पुत्र रामलाल 12 मार्च को दोपहर बाद मुस्तफाबाद के पास हाईवे किनारे कच्ची पटरी पर अपने पशु चरा रहे थे। इसी दौरान जरवल कस्बे से जरवल रोड की ओर जा रहा एक ई-रिक्शा चालक कथित लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से घनश्याम को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी पियारी ने थाना जरवल रोड में तहरीर देकर ई-रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

**सड़क हादसों में वृद्ध महिला समेत चार घायल, श्रावस्ती:** जिले में दो अलग अलग सड़क हादसों में वृद्ध महिला समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज हो रहा है।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दत्तनगर निवासी प्रेम नरायण (35) पुत्र राम लखन सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के ही लबेदपुर निवासी कृष्णावती (22) व मंजू देवी (60) के साथ बाइक से सेमरी की ओर जा रहा था। इस दौरान खरगौरा-सेमरी मार्ग पर मोहम्मदपुर कलां गांव के पास पहुंचते ही बाइक कुत्ते से टकरा गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया। वहीं इकौना थाना क्षेत्र के अंधरपुरवा निवासी अर्चना देवी रविवार को अपने भतीजे अनिल कुमार के साथ बाइक से अपने मायके सेमगढ़ा गई थी। जहां से वह देर शाम को वापस घर लौट रही थी। अंधरपुरवा स्थित राप्ती पुल के पास संतुलन बिगड़ने से अर्चना चलती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया है।

### शाखा संगम में जुटे सैकड़ों स्वयंसेवक


स्वयं सेवकों को संबोधित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**जरवलरोड (बहराइच)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में किसान इंटर कॉलेज, जरवल रोड के खेल मैदान में शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं से सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लेकर संगठन की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह बहराइच ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य समाज में संगठन, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि संघ के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जोड़कर राष्ट्र निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सुधीर सिंह ने किया। खण्ड संचालक अवध बिहारी दीक्षित की उपस्थिति में स्वयंसेवकों ने संघ की परंपरा के अनुसार व्यायाम, खेल, बौद्धिक चर्चा, ध्वज प्रणाम सहित शाखा की विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार सिंह, धर्मराज पाण्डेय, ओम प्रकाश गुप्ता सहित क्षेत्र के सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### झांकी देख भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**बहराइच (विशेश्वरगंज)।** क्षेत्र के पुरैना बाजार स्थित रामलीला मैदान परिसर में खाटू श्याम बाबा का भव्य जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा श्याम के भजनों का आनंद लिया और पूरी रात भक्ति रस में डूबे रहे। जागरण कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी भी शामिल हुए।


भजन के दौरान कार्यक्रम पेश करते कलाकार।

उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि खाटू श्याम बाबा की भक्ति लोगों के जीवन में आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध भजन गायक सुरेंद्र प्रेमी ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। वहीं शिवम द्वारा प्रस्तुत झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार शुक्ल, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष आनंद पांडे, सोम मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# अवैध रिफिलिंग को लेकर दुकानदार पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, बहराइच


सिलेंडर लेने के लिए लगी भीड़।

**अमृत विचार।** जनपद में गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच कालाबाजारी व अवैध रूप से चोरी छिपे रिफिलिंग करने के मामले में जिला पूर्ति विभाग की ओर से दुकानदार के ऊपर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है ।

नगर में स्थित पानी टंकी चौराहे के पास एक व्यक्ति की ओर से बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में अवैध रूप से रिफिलिंग करने की सूचना पर पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने छापेमारी करते हुए मौके से 11 छोटे-बड़े सिलेंडर जब्त किये थे। जिसके बाद नगर के सप्लाई इंस्पेक्टर ने नगर कोतवाली में दुकानदार मुजम्मिल के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने बताया कि विभाग की टीम लगातार अवैध रूप से सिलेंडरों रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ सूचना पर मिलने पर कार्यवाही कर रही है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी संजीवनी

संवाददाता, बहराइच


आशा कार्यकर्ताओं में सामग्री वितरित करते अधिकारी। अमृत विचार

● वीएचएसएनडी सत्रों के लिए आशाओं को मिलीं सामग्रियां

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले वीएचएसएनडी सत्रों को अब और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाया जा रहा है। सत्रों में संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए सीएमओ की विशेष पहल पर ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति फंड का उपयोग किया गया है। इसके तहत जिले की आशा कार्यकर्ताओं को 17 प्रकार की आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सीधा सुधार देखने को मिलेगा।

डीसीपीएम मो. राशिद ने बताया कि जिले के सभी राजस्व ग्रामों में प्रत्येक माह के बुधवार और शनिवार को 4500 सार्वजनिक स्थानों पर वीएचएसएनडी सत्र आयोजित किए जाते हैं। इनके माध्यम से करीब 1.12 लाख से अधिक लाभार्थियों, जिनमें गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं और बच्चे शामिल हैं, उन्हें टीकाकरण, पोषण परामर्श और स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं दी जाती हैं। पहले कई स्थानों पर आवश्यक संसाधनों की कमी से सत्रों के संचालन में दिक्कतें आती थीं, जिसे अब दूर कर लिया गया है।

डीसीपीएम ने बताया कि वीएचएसएनसी फंड का संचालन ग्राम प्रधान और आशा के संयुक्त हस्ताक्षर से होता है। सरकार इसमें हर साल 10 हजार रुपये देती है। इस वर्ष इस फंड से सत्रों को बेहतर बनाने के लिए जरूरी उपकरण खरीदे गए हैं। डीसीपीएम ने बताया कि इस फंड से आशाओं के लिए 17 प्रकार की जरूरी वस्तुएं खरीदी गई हैं। इनमें कुर्सी, मेज, हैंगिंग स्केल, एमयूएसी टेप, चटाई, टॉर्च, बैग, टीकाकरण ट्रैकिंग रजिस्टर और हैंडवॉश शामिल हैं। नई सामग्रियां पाकर आशा कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह है। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि संसाधनों की उपलब्धता से वीएचएसएनडी सत्रों का संचालन अब अधिक व्यवस्थित और सुचारु तरीके से किया जा सकेगा। बच्चों का वजन मापना, कुपोषण की सटीक पहचान करना, टीकाकरण का रिकॉर्ड रखना और स्वच्छता बनाए रखना पहले की तुलना में बहुत आसान हो जाएगा।

### 29 लाख क्विंटल गन्ने की हुई पेराई : राणा

**जरवल रोड (बहराइच)।** चीनी मिल जरवल रोड के इकाई प्रमुख टीएस राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पेराई सत्र 2025-26 के दौरान मिल द्वारा अब तक लगभग 29 लाख क्विंटल गन्ने की सफलतापूर्वक पेराई की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च 2026 से मिल गेट तथा क्रय केंद्रों पर खुली खरीद शुरू करने के बावजूद मिल "नो केन" की स्थिति में संचालित हो रही थी। इससे स्पष्ट है कि मिल क्षेत्र में पेराई योग्य गन्ना लगभग समाप्त हो चुका है। इकाई प्रमुख के अनुसार उपलब्ध शेष गन्ने की पेराई पूरी करने के बाद 16 मार्च 2026 की रात्रि को चीनी मिल जरवल रोड का पेराई सत्र 2025-26 विधिवत समाप्त कर दिया जाएगा। इस अवसर पर इकाई प्रमुख ने क्षेत्र के गन्ना कृषकों, प्रशासनिक अधिकारियों, परिवहनकर्ताओं, पदाधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग और सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।


टीएस राणा, चीनी मिल प्रबंधक।

### शिविर में 70 लोगों ने किया रक्तदान

**बहराइच, अमृत विचार।** प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास एवं बेसिक शिक्षक परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आरोग्याय रक्तदानम शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में संगठन के महासचिव ध्रुव कुमार मिश्र के संयोजन में सम्पन्न हुआ शिविर में लगभग 70 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी नौगढ़, सिद्धार्थनगर धर्मेन्द्र पाल रहे, विशिष्ट अतिथि देवेश मिश्र मंजनू, खण्ड शिक्षाधिकारी तहसील जगन्नाथ यादव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक घनश्याम बाजपेई ने किया। इस दौरान तरुण वाजपेई, श्यामलाल , चंद्रशेखर सिंह, अमरनाथ मिश्र, संजय सिंह, प्रदीप कुमार मिश्र डॉ. आदर्श कुमार शुक्ला, डॉ. देवेंद्र कुमार उपाध्याय , बृजेश कुमार यादव, मारुति नंदन अवस्थी, अमन कुमार श्रीवास्तव, चंद्रभान मिश्रा, राकेश कुमार गुप्ता, उदय नारायण, राजेंद्र पाल मौर्या, देवेंद्र कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार ओझा, संजीव कुमार अवस्थी, लोकेश कुमार मौर्य आदि रहे।

### यूजीसी का विरोध करने पर युवक पर हमला

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले में एक युवक के यूजीसी बिल का विरोध करने से नाराज कुछ युवकों ने पिटाई कर घायल कर दिया। इसकी जानकारी पर बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग युवक को कोतवाली लेकर पहुंचे जहां पर हमला करने वालों के खिलाफ तहरीर दी गई है। फखरपुर थाना क्षेत्र में स्थित इनदनापुर ग्राम का रहने वाला युवक विमल शर्मा लगातार यूजीसी का विरोध कर रहा था। उसने बताया किसोमवार को जब वो शहर में स्थित किसान डिग्री कॉलेज में अपना प्रमाणपत्र लेने आ रहा था। तभी आठ से दस लोगों ने उसे रोककर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए हमला कर दिया। चीख सुनकर जब तक लोग मौके पर पहुंचते हमलावर मौके से भाग निकले। इसकी जानकारी पर सवर्ण समाज के लोग युवक को लेकर देहात कोतवाली पहुंचे जहां पर देर शाम हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

समस्या

## रामपुर घुमना कुट्टी में पानी टंकी निर्माण के डेढ़ साल बाद भी ट्रायल नहीं हुआ

# परेशान ग्रामीण बोले- साहब आखिर कब मिलेगा नल से जल

अमित विश्वास, जमुनहा (श्रावस्ती)


शोपीस बनी पानी टंकी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बरगदहा के रामपुर घुमना कुट्टी में पानी टंकी निर्माण के डेढ़ साल बाद भी ट्रायल नहीं हुआ। ग्रामीण आज भी नल से जल मिलने की बाट जोह रहे है। व्यथित ग्रामीण अब पूछने लगे हैं कि डीएम साहब आखिर कब मिलेगा नल से जल।

जमुनहा क्षेत्र के गांव के भूगर्भीय जल में आर्सेनिक की मात्रा अधिक है। यहां कम गहराई वाले हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं है। ऐसे में जल जीवन मिशन के हर घर जल से नल योजना के तहत विकास खंड जमुनहा के ग्राम बरगदहा के रामपुर घुमना कुट्टी में 22 मार्च 2023 को पानी टंकी का निर्माण शुरु कराया गया। 641.42 लाख रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की ओर से 22 सितंबर 2024 में यह कार्य पूरा भी कर लिया गया। गांव के सभी मजरों में पाइप लाइन बिछने के बाद भी अभी तक ट्रायल नही हुआ। ऐसे में ग्रामीण अब भी नल से जल की आपूर्ति बहाल होने का इंतजार कर रहे है।

**करीब 12 हजार की आबादी को मिलनी है जलापूर्ति:** रामपुर घुमना कुट्टी में पानी टंकी का निर्माण इंडो नेपाल नोमेश लैंड के निकट कराया गया है। राप्ती नदी की कटान से विस्थापित होकर ज्यादातर ग्रामीण सड़क किनारे बस गए। ऐसे में करीब चार किलोमीटर तक सीमा क्षेत्र में ही बरगदहा, रामपुर, डिलवा, घुमना, सिंघना, गणेशपुर, दुर्गापुरवा, भयापुरवा, आंशिक रघुनाथपुर टेपरी, अंशिक जमुनहा बाजार तक पाइप लाइन बिछाई गई है। इससे करीब 12 हजार की आबादी को लाभ मिलना है। इसके साथ ही जमुनहा पुलिस चौकी, ब्लाक संसाधन केंद्र जमुनहा, पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जमुनहा, प्राथमिक विद्यालय डिलवा, एसएसबी बीओपी जमुनहा सहित पांच आंगनबाड़ी केंद्र को भी जलापूर्ति दी जानी है। आपूर्ति न मिलने से अब लोग कहते सुने जा रहे है कि साहब आखिर कब मिलेगा नल से जल, जिसका जवाब किसी के पास नहीं है।

### पीली ईंट व गुणवत्ता विहीन बन रही पानी टंकी

**जमुनहा (श्रावस्ती), अमृत विचार।** जमुनहा विकास क्षेत्र के ग्राम मल्हीपुर कलां के मजरा गंगापुर में गुणवत्ता विहीन पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। मल्हीपुर कलां के मजरा गंगापुर में होने वाली पानी टंकी से गांव के मजरा अकार, तिघरवा, गंगापुर, संकल्पा, खामरिया, मलंगगांव आदि गांव में होना है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार फर्स निर्माण में गुणवत्ता को नजरअंदाज कर आधी इंच गिट्टी की ढलाई कर दिया है। यही नहीं बाउंड्रीवल निर्माण में पीली व दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग किया गया हैं जबकि स्टीटमेंट मे कही पीले ईटो का जिक्र भी नही है। ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवपाल वर्मा ने उच्च अधिकारियो से मिलकर गुणवत्ता विहीन निर्माण करने का आरोप लगाया है।


टंकी निर्माण में लगाई जा रहीं पीली ईंट।

# अमृत विचार

मंगलवार, 17 मार्च 2026




इतिहास ने, भूगोल ने, परंपरा ने, संस्कृति ने, धर्म ने, नदियों ने हमें आपस में बांधा है।
-अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री



## राज्यों से राष्ट्रीय संकेत

देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव केवल क्षेत्रीय सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया के अलावा राष्ट्रीय राजनीति के भविष्य की दिशा भी तय कर सकते हैं। लगभग साढ़े सत्रह करोड़ मतदाता 824 विधानसभा सीटों पर मतदान करेंगे। इन राज्यों से लोकसभा के 116 और राज्यसभा के 51 सदस्य आते हैं, इसलिए इनके नतीजों से मिले सियासी संकेत स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय सत्ता समीकरणों को प्रभावित करेंगे।

चुनाव वाले राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरलम, असम में सामाजिक संरचना, राजनीतिक परंपराएं और आर्थिक चुनौतियां भिन्न हैं, इसलिए मतदाताओं के मुद्दे भी अलग-अलग हैं। मतदाताओं के सामने मुख्य मुद्दों में बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक सुरक्षा, क्षेत्रीय पहचान और विकास का प्रश्न प्रमुख रहेगा। पिछले वर्षों में रोजगार के अवसरों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई, जबकि जीएसटी संग्रह और विदेशी निवेश में शानदार बढ़ोतरी हुई। इससे यह सवाल भी उठ रहा है कि आर्थिक वृद्धि का लाभ आम नागरिक तक किस हद तक पहुंचा है, इसलिए इन चुनावों में मतदाता केवल वैचारिक नारों के बजाय रोज़गार, शिक्षा और बुनियादी सेवाओं जैसे ठोस मुद्दों पर वोट करते दिखाई दे सकते हैं। इन चुनावों के किसी दल या गठबंधन को अधिकतर राज्यों में निर्णायक जीत मिलती है, तो उसका प्रभाव लोकसभा और राज्यसभा की रणनीतियों में दिखाई देगा। क्षेत्रीय दलों की मजबूती भी राष्ट्रीय राजनीति में उनकी सौदेबाज़ी की क्षमता बढ़ा सकती है, फिलहाल राजनीतिक दृष्टि से कुछ राज्यों के मुकाबले दिलचस्प होंगे। तमिलनाडु में द्रविण मुनेत्र कषगम का लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटने का प्रयास हो अथवा पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस चौथी बार सत्ता में आने की चुनौती हो या फिर केरल में पारंपरिक सत्ता परिवर्तन की परंपरा को देखते हुए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, मार्क्सवादी के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा और कांग्रेस के गठबंधन का सीधा संघर्ष यह देखने लायक होगा, तो वहीं असम और पुडुचेरी में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के सामने सत्ता बरकरार रखने की चुनौती भी दर्शनीय है। इन चुनावों के अलावा गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, नगालैंड और त्रिपुरा की आठ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों से यद्यपि इनकी विधानसभाओं का संतुलन बहुत अधिक नहीं बदलेगा, लेकिन यह दलों की लोकप्रियता के संकेत अवश्य देंगे। इन चुनावों के संदर्भ में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर बहुतों को संदेह है, तो मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण प्रक्रियाओं में बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं नाम कटने के आरोप भी जायज हैं। ऐसे में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

आयोग को पारदर्शिता, निष्पक्षता और समान अवसर सुनिश्चित करके यह साबित करना होगा कि चुनावी मैदान सभी दलों के लिए समान है। लोकतंत्र में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब भी होते हैं। यदि चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रहती है तथा राजनीतिक दल विकास और जनकल्याण के वास्तविक मुद्दों पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, तो यह लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम होगा।

### प्रसंगवश

## 'सियासत में जरूरी है रवादारी, समझता है'

सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने सबसे बड़े जनाधार वाले मुस्लिम समाज को कम तवज्जो देते हैं। ये धारणा टूट रही है। अब अखिलेश मुस्लिम समाज को अधिक से अधिक समय दे रहे हैं। अपने पिता दिवंगत मुलायम सिंह यादव की तरह, वो मुस्लिम महफ़िलों-शादियों में ख़ूब शिरकत कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने राजनीतिक करियर में जितनी मुस्लिम शादियों और रोजा इफ्तार पार्टियों में सम्मिलित हुए होंगे, इतनी शिरकत उन्होंने चंद सप्ताह में कर लीं।

सपा मुखिया की मुस्लिम महफिलों में बढ़ती दिलचस्पी पर राजनीति पंडितों का मानना है कि हालिया बिहार और महाराष्ट्र निकाय चुनावी नतीजों में एआईएमआईएम की सफलता के बाद अखिलेश असद्दुदीन औवेसी की यूपी दस्तक को गंभीरता से ले रहे हैं। भाजपा द्वारा तुष्टिकरण के आरोपों और ध्रुवीकरण से बचने के अलावा अधिक से अधिक हिंदू समाज के वोट हासिल करने के लिए वो मुस्लिम समाज से सीमित ही रिश्ता रखने व इनके मसलों पर ज्यादा मुखर न होना ही मुनासिब समझ रहे थे, क्योंकि चाह कर भी वो अपने पिता मुलायम सिंह यादव की तरह अकलियत के मुद्दों पर अधिक मुखर नहीं हो सकते थे।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

एक जमाना था जब उत्तर प्रदेश में चार दलों का वजूद था, इसलिए मुलायम के जमाने वाली सपा एमवाई (मुस्लिम-यादव) समीकरण से सरकार बना सकती थी, किंतु अब समाजवादी पार्टी का लक्ष्य भाजपा के तकरीबन चालीस से पचास फीसद जनाधार के मुकाबले इतना ही जनाधार हासिल करना है, जो एमवाई समीकरण से संभल नहीं रही। यही कारण है कि पीडीए बनाकर दलित-पिछड़ों को विश्वास में लेने की सपा की मुख्य रणनीति है। बसपा हाशिए पर है और कांग्रेस साथ है।

भाजपा को हराने के लिए सपा इकलौता दल है, इसलिए मुस्लिम समाज सपा को नजरंदाज नहीं कर सकता। भले ही सपा मुसलमानों को कितना भी नजरंदाज कर ले, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव और महाराष्ट्र निकाय चुनाव में ओवैसी की तरफ बढ़ते मुस्लिम रुझान से अखिलेश अपनी रणनीति को परिवर्धित करते हुए अकलियत के नजदीक जा रहे हैं।

ये सच है कि दुनिया की तरह वक्त भी गोल है, जहां से शुरू होता है वहीं आ जाता है। घूम फिरकर हम वहीं आ जाते हैं, जिसे छोड़कर निकले थे। औवेसी सपा को पुराने स्वरूप में लाने पर मजबूर कर रहे हैं। यूपी में भाजपा की भगवा संस्कृति की हुकूमत के नौ बरसों के दौरान रमजान की इबादत में सियासत का अतिक्रमण कम हो गया था। समाजवादी पार्टी मुखिया भी मुस्लिम महफ़िलों और मसले मसायलों में एक लिमिट तक ही नजर आ रहे थे, लेकिन बिहार और फिर महाराष्ट्र निकाय चुनावी नतीजों का असर यूपी में दिखने लगा है।

2027 की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अंतिम वर्ष है। माह-ए- रमज़ान में इसका असर दिखा। बहुत अर्से से सूनी पड़ी लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब ने अंगड़ाई ली। भव्य रोजा इफ्तार पार्टियों में हिंदू-मुस्लिम सद्भावना के मंजर दिखाई दिए। सद्भावना और गंगा-जमुनी तहजीब को बहाल करने या पुनः इबादत में सियासत के रंग घोलने में समाजवादियों का बड़ा योगदान रहा। सफेद जाली टोपियां इफ्तार पार्टियों की शान रहती हैं, लेकिन समाजवादी लाल टोपियां भी इफ्तार पार्टियों में खूब नजर आ रही हैं।

सियासी इफ्तार पार्टियों पर मशहूर शायर राहत इंदौरी ने लिखा था-

**सियासत में ज़रूरी है रवादारी, समझता है**
**वो रोज़ा तो नहीं रखता, पर इफ्तारी समझता है**

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## 5 राज्यों के चुनाव व पश्चिम बंगाल की निर्णायक परीक्षा





जयदेव राठी
लेखक

भारत में जब भी कई राज्यों में एक साथ चुनाव होते हैं, तो राजनीतिक विमर्श केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा का संकेत भी देने लगता है। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा के बाद देश की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इन चुनावों को लेकर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिकी हुई हैं। इसका कारण यह है कि यहां पिछले लगभग डेढ़ दशक से सत्ता में मौजूद तृणमूल कांग्रेस और उसे चुनौती देने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी भाजपा के बीच सीधा और तीखा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

पश्चिम बंगाल की सियासत पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। 2011 में वाम मोर्चे के लंबे शासन को समाप्त कर सत्ता में आईं ममता ने राज्य की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। उसके बाद से तृणमूल कांग्रेस लगातार सत्ता में बनी हुई है और इस बार का चुनाव उसके लिए लगभग 15 वर्षों के शासन की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। लोकतांत्रिक राजनीति का एक स्वाभाविक नियम यह है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारों को एंटी-इंकंबेंसी का सामना करना पड़ता है। जनता के एक वर्ग में यह भावना बनने लगती है कि अब बदलाव होना चाहिए। पश्चिम बंगाल में भी विपक्ष इसी मनोविज्ञान को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

पांच राज्यों में चुनावों का एलान हो गया है। इन राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिकी हुई हैं।

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अपनी राजनीतिक जमीन काफी मजबूत की है। कभी राज्य की राजनीति में सीमित उपस्थिति रखने वाली यह पार्टी आज तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को राज्य में उल्लेखनीय सफलता मिली थी और 2021 के विधानसभा चुनावों में भी उसने मजबूत प्रदर्शन करते हुए खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित कर लिया। यही कारण है कि इस बार भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ 'परिवर्तन' का नारा दे रही है। पार्टी का मानना है कि राज्य में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक अक्षमता जैसे मुद्दों के कारण जनता बदलाव चाहती है।

इस चुनाव में एक नया आयाम विशेष सघन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का विवाद भी जुड़ गया है। यह विवाद 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसे बुनियादी मुद्दों को भी पीछे छोड़ते हुए इस वर्ष बंगाल की राजनीति का एक प्रमुख विषय बन गया। इसमें तृणमूल कांग्रेस और चुनाव आयोग के बीच खुला टकराव देखने को मिला। ममता बनर्जी ने इस प्रक्रिया को बंगाली पहचान और मतदाता अधिकारों के लिए संभावित खतरा बताया, जबकि भाजपा का कहना है कि यह प्रक्रिया फर्जी नामों को हटाने के लिए जरूरी है, जिनमें कथित तौर पर बांग्लादेश से आए घुसपैठिए, रोहिंग्या और अन्य लोग शामिल हैं। यह विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और ममता बनर्जी स्वयं अदालत में उपस्थित हुईं। ममता बनर्जी निष्क्रिय नहीं हैं। वे एक अनुभवी राजनीतिक योद्धा हैं, जो प्रत्येक प्रहार का उत्तर जानती हैं।

भाजपा का आरोप है कि पड़ोसी देशों से होने वाली अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और सुरक्षा दोनों को प्रभावित किया है। भाजपा इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा और पहचान की राजनीति से जोड़कर जनता के सामने रखती रही है। दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस इन आरोपों को राजनीतिक प्रचार बताती है और कहती है कि भाजपा राज्य की सामाजिक एकता को तोड़ने की कोशिश कर रही है। इस तरह घुसपैठ का मुद्दा केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि चुनावी बहस का बड़ा राजनीतिक विषय बन गया है।

ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उनकी जनसंपर्क क्षमता और कल्याणकारी योजनाएं मानी जाती हैं। उनकी सरकार ने महिलाओं, गरीबों और ग्रामीण वर्ग के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचा है। यही कारण है कि तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि जनता का भरोसा अब भी उसके साथ है। पार्टी यह भी कहती है कि भाजपा बाहरी ताकत के रूप में बंगाल की राजनीति में प्रवेश करना चाहती है, जबकि तृणमूल खुद को बंगाल की संस्कृति और अस्मिता का प्रतिनिधि बताती हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में केवल विकास या प्रशासनिक मुद्दे ही निर्णायक नहीं होते, बल्कि सांस्कृतिक पहचान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बंगाल का समाज अपनी भाषा, संस्कृति और बौद्धिक परंपरा को लेकर काफी सजग माना जाता है। ऐसे में चुनावों के दौरान 'बंगाली अस्मिता' का प्रश्न अक्सर उभरकर सामने आ जाता है। ममता बनर्जी इसी भावनात्मक मुद्दे को मजबूत करने की कोशिश करती रही हैं, जबकि भाजपा राष्ट्रीय राजनीति के बड़े मुद्दों को सामने रखकर चुनावी मैदान में उतरती है।

हाल के वर्षों में राज्य सरकार पर कई आरोप भी लगे हैं, जिनमें शिक्षक भर्ती घोटाले और राशन वितरण से जुड़े विवाद प्रमुख रहे हैं। इन मामलों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। भाजपा का कहना है कि इन घटनाओं ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और जनता अब पारदर्शिता और जवाबदेही चाहती है, हालांकि तृणमूल कांग्रेस इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताकर खारिज करती रही है।

यदि व्यापक राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो पश्चिम बंगाल का चुनाव केवल राज्य की सत्ता तक सीमित नहीं है। इसके परिणाम का असर राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ सकता है। ममता बनर्जी को राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के प्रमुख चेहरों में गिना जाता है। यदि वे एक बार फिर मजबूत जनादेश प्राप्त करती हैं, तो उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हो सकती है। वहीं भाजपा के लिए बंगाल में सफलता पूर्वी भारत में अपनी राजनीतिक पकड़ को और विस्तार देने का अवसर होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



महागठबंधन इस चुनाव में जीत दर्ज करेगा। मेरी पार्टी हमेशा भाजपा के खिलाफ लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। कांग्रेस के दो विधायकों के गायब होने की चर्चा अफवाह है।
-तेजस्वी यादव
नेता
राष्ट्रीय जनता दल

एनडीए की जीत तय है। जिन विधायकों को एकजुट रखने के लिए होटल में ठहराया गया है, वे भी अंततः एनडीए के पक्ष में वोट करेंगे।
-जीतन राम मांझी
मंत्री
केंद्र सरकार



## यह युद्ध क्या लंबा और विनाशकारी होगा!



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

मध्य पूर्व अचानक संघर्ष की भयंकर आग में झुलस रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से 'पूर्ण और बिना शर्त आत्मसमर्पण' की मांग की और कहा कि कोई सौदा नहीं, कोई मध्यस्थता नहीं, सिर्फ पूरी तरह जीत। यह अल्टीमेटम युद्ध के सातवें दिन आया, जब अमेरिका और इज़राइल ने ईरान पर हजारों लक्षित हमले किए। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोज़तबा खामेनेई ने इसे केवल एक 'सपना' करार देते हुए पूरी तरह खारिज कर दिया, जिससे तनाव और भी गहरा गया है।

खामेनेई के कड़े शब्दों ने अमेरिका के लिए सीधे चुनौती खड़ी कर दी है। ईरान ने ट्रंप का अल्टीमेटम ठुकराते हुए कहा, 'हम अंत तक लड़ेंगे।' इसके तुरंत बाद, ईरानी मल्टी-वारहेड मिसाइलों ने इज़राइल और गल्फ क्षेत्रों को विनाश की आग में ढक दिया। युद्ध के 11वें दिन, 140 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं, जिनमें आठ की स्थिति गंभीर है। पेंटागन चुप है, लेकिन सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'साइलेंट किलर' मोड कहते हैं। ईरान ने क्षेत्रीय सहयोगियों को सक्रिय किया, जिससे लेबनान में 10 लाख लोग विस्थापित हुए। ट्रंप का दावा कि ईरान की मिसाइल क्षमता 80% कम हो गई है, हकीकत से मेल नहीं खाता, क्योंकि जवाबी हमले लगातार जारी हैं। रूस के साथ ईरान की बातचीत अमेरिकी आर्थिक दबाव को और गहरा रही है।

भविष्य की अनिश्चितता ने पूरी दुनिया को गहरी चिंता में डाल दिया है। यदि ईरान पीछे नहीं हटता, तो यह संघर्ष लंबे एट्रिशन युद्ध में बदल सकता है, जहां मौतों की संख्या बढ़ेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ेगा। ऐसी स्थिति में ट्रंप को अपना अल्टीमेटम वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है और घोषित 'विक्ट्री' केवल राजनीतिक बयान भर रह जाएगी। दूसरी ओर, ईरान अपने सहयोगियों के साथ अंत तक लड़ने का संकेत दे चुका है। भारत जैसे देश तटस्थ रहते हुए कूटनीति के रास्ते को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। यह अल्टीमेटम शांति की संभावनाओं को कठिन परीक्षा में डाल रहा है। अब आने वाला समय ही तय करेगा कि ट्रंप की दिखावटी ताकत भारी पड़ेगी या ईरान की दृढ़ता पूरी दुनिया को एक नए संकट के दौर में धकेल देगी।

भविष्य की अनिश्चितता ने दुनिया को गहरी चिंता में डाल दिया है। ईरान पीछे नहीं हटता, तो यह संघर्ष लंबे एट्रिशन युद्ध में बदल सकता है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट की कगार पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे 'मेजर ह्यूमैनिटेरियन इमरजेंसी' घोषित किया। अब तक 1000 से अधिक नागरिक स्थल तबाह हो चुके हैं। मध्य पूर्व में अस्थिरता फैल रही है, बेरूत से तेहरान तक बमबारी जारी है। तेल की कीमतें 91 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं और होर्मुज स्ट्रेट में खतरे के कारण और बढ़ सकती हैं। जर्मन चांसलर ने चेतावनी दी कि बिना ठोस एग्जिट प्लान के युद्ध अनंत तक खिंच सकता है। चीन ने ईरान को स्पष्ट संदेश दिया कि अमेरिका और इजराइल को चुनौती न दें, जबकि रूस का समर्थन ईरान को जारी है। ट्रंप बार-बार 'विजय नजदीक' बता रहे हैं, लेकिन मिसाइल हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। दुनिया की निगाहें थम गई हैं, क्योंकि किसी भी क्षण परमाणु खतरे का भय मंडरा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव चरम पर पहुंच चुका है। दबाव और शांति के बीच संतुलन साधना अब सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। बैक चैनल्स के जरिए शांति के संकेत भेजे जा रहे हैं, लेकिन अल्टीमेटम से पीछे हटना लगभग असंभव है। विशेषज्ञ मानते हैं कि बिना रिजीम चेंज के कोई 'जादुई जीत' संभव नहीं। ईरान ने सरेंडर नहीं किया। उसका नेतृत्व और भी रेडिकल हो गया है। अमेरिकी बलों ने अब तक 5000 से अधिक टारगेट्स हिट किए, लेकिन ईरानी मिसाइलें लगातार जारी हैं। पेंटागन की चुप्पी वैश्विक स्तर पर सवाल खड़े कर रही है और यह अल्टीमेटम युद्ध को लंबा खींच सकता है, जिससे आर्थिक भार अमेरिका पर भारी पड़ेगा।

ईरान पूरी तरह अमेरिका को थकाने और दबाव में रखने की रणनीति पर केंद्रित है। होर्मुज स्ट्रेट और प्रमुख तेल पाइपलाइंस को निशाना बनाकर उसने वैश्विक ऊर्जा संकट और बढ़ा दिया है। क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने के लिए विद्रोही समूहों को सक्रिय करना उसकी रणनीति का हिस्सा बन गया है। युद्ध का कोई सुरक्षित ऑफ-रैंप न होने के कारण यह दावा कि यह जल्द खत्म होगा, पूरी तरह खोखला लगता है।

डिप्लोमेसी अब सबसे अहम जरूरत बन गई है। रूस और ईरान की बातचीत जारी है, जबकि चीन की चेतावनी स्पष्ट और सख्त है। ट्रंप बैक चैनल्स के माध्यम से शांति के संकेत दे रहे हैं, लेकिन 'सरेंडर या डाई' अल्टीमेटम इसे रोक रहा है। ईरान न्यूक्लियर रिफाइनमेंट तेज कर सकता है, जो वैश्विक स्तर पर बड़ा खतरा पैदा करता है। अब दुनिया के नेताओं को तुरंत मध्यस्थता करनी होगी, वरना ह्यूमैनिटेरियन क्राइसिस और गहरा जाएगा। यह अल्टीमेटम इतिहास में दर्ज होगा, या तो अमेरिकी 'विजय' के रूप में, या गंभीर भूल के रूप में।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## जलेश्वर भाई नहीं रहे

ओह! अभी कुछ देर पहले सोशल मीडिया से बहुत दुखद सूचना मिली। साथी जलेश्वर नहीं रहे।

बीते कुछ वर्षों से निजी जीवन के विषाद और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जलेश्वर लगातार जूझते रहते थे, पर उनका इस तरह जाना बहुत अखर रहा है। बिटिया की बहुत दुखद मृत्यु के बाद वह काफी हद तक टूट गए थे। उनके चारों तरफ दुख, उदासी और निराशा का अंधेरा-सा था। बेटी की स्मृतियां और कुछ दोस्तों से फोन की बतकही ही उसका संबल थीं! पर सेहत साथ नहीं दे रही थी। घर में निपट अकेले थे। जैसा साथी पत्रकार महेंद्र मिश्र की पोस्ट से पता चल रहा है कि बनारस स्थित अपने निवास के बाथरूम में गिरने और लंबे समय तक वहां पड़े रहने से उनकी मृत्यु हुई।



उर्मिलेश
वरिष्ठ पत्रकार

जहां तक याद आ रहा, जलेश्वर से मेरी पहली मुलाकात सन् 78 और 79 के बीच कभी हुई रही होगी। हम कुछ मित्र इलाहाबाद से बनारस गए थे। उनके बड़े भाई, लेखक और वामपंथी कार्यकर्ता महेश्वर जी के यहां जलेश्वर से मिले थे।

साथी जलेश्वर से मेरी आखिरी मुलाकात कुछ साल पहले बनारस के लंका से अस्सी की तरफ जाने वाली सड़क के एक चौराहे के पास की एक दुकान पर हुई थी। किसी कार्यक्रम में मैं बनारस गया हुआ था। दोनों ने फोन पर चर्चा के बाद सुबह-सुबह वहीं मिलना तय किया था। मार्निंग वाक के बाद मैं खोजते-खोजते जलेश्वर की बताई दुकान तक पहुंच गया।। वह कुछ मिनट बाद पहुंचा!

संभवतः उस दुकान की मालकिन एक बूढी औरत थी। हमने वहां कुछ साथ-साथ खाया भी। तब से हम फिर कभी नहीं मिल सके। यदा-कदा फोन पर बातचीत होती थी। उसकी फेसबुक पोस्ट जब भी दिखती मैं जरूर पढ़ता था। उसने अपनी आखिरी पोस्ट में TOI की एक खबर को उद्धृत किया है; जो सोनम वांगचुक की रिहाई के फैसले से संबंधित है। अब उसकी कोई नयी पोस्ट नहीं दिखेगी। पर उसकी आवाज और उसके तेवर की गूंज कभी खत्म नहीं होगी! जब भी उसकी याद आएगी, उसकी आवाज भी सुनाई देगी!

उसके जीवन का आखिरी दौर बहुत दुख-तकलीफ में बीता। पर निजी दुखों और समाज में निराशाजनक माहौल के बावजूद उसके अंदर युवा दिनों का धारदार और जानदार जलेश्वर कभी मरा नहीं! इसलिए उसके इस तरह चले जाने पर मैं सिर्फ यही कह सकता हूं:

साथी जलेश्वर जिंदाबाद!

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## बंदी प्रत्यक्षीकरण मौलिक अधिकारों का सजग प्रहरी

भारतीय संविधान ने नागरिकों को कुछ महत्वपूर्ण अधिकार दिए हैं, जिन्हें हम मौलिक अधिकार कहते हैं। मौलिक अधिकार वे अधिकार हैं, जो राज्य के विरुद्ध नागरिकों को प्राप्त होते हैं। संविधान के भाग तीन में इसका विस्तृत उल्लेख किया गया है। मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान के अनुच्छेद 32 में इन अधिकारों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट को रिट निकालने की शक्ति प्रदान की गई है। यह रिटें इस प्रकार हैं- बंदी प्रत्यक्षीकरण परमादेश अधिकार पृच्छा उत्प्रेषण और प्रतिषेध प्रमुख रूप से हैं। न्यायालय इन रिट को जारी करके नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। हाई कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है, जबकि सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 32 के तहत अधिकारों की रक्षा से संबंधित रिटें जारी करता है।

हाई कोर्ट मौलिक अधिकारों के अतिरिक्त अन्य अधिकारों पर भी रिटें जारी कर सकता है। इस प्रकार हाई कोर्ट को सर्वोच्च न्यायालय से रिट जारी करने में अधिक शक्ति प्राप्त है। इन रिटों का इतना महत्व है कि इसे संविधान की आत्मा तक कहा जाता है, क्योंकि यदि मौलिक अधिकारों की रक्षा न हो सके तो फिर इन अधिकारों का क्या महत्व रह जाएगा। वस्तुतः बंदी प्रत्यक्षीकरण एक महत्वपूर्ण न्यायिक रिट है, जिसे अंग्रेजी में हैबियस कॉर्पस कहा जाता है। हैबियस कॉर्पस शब्द लैटिन भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है शरीर को प्रस्तुत करना। इस प्रकार यह रिट अवैध गिरफ्तारी पर रोक लगाकर नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है तथा अवैध गिरफ्तारी से संरक्षण भी प्रदान करता है।



रवींद्र त्रिपाठी
लेखक

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि यदि गिरफ्तारी विधि सम्मत नहीं है, तो न्यायिक हिरासत भी अवैध है। इसी आधार पर प्रतापगढ़ निवासी शिवम् चौरसिया की ओर से दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को मंजूर करते हुए अभियुक्त को तत्काल रिहा करने का आदेश जारी कर दिया, क्योंकि गिरफ्तारी की प्रक्रिया विधि सम्मत तरीके से पूर्ण नहीं की गई थी। गिरफ्तारी मेमो में गिरफ्तारी का कारण दर्शित नहीं किया गया था। अभियुक्त को थाने पर बयान के लिए बुलाया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हतप्रभ करने वाली बात यह है कि मजिस्ट्रेट ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया।

अभियोजन पक्ष की ओर से यह दलील दी गई कि गिरफ्तारी के बाद यदि मजिस्ट्रेट ने रिमांड को स्वीकार कर लिया है, यदि गिरफ्तारी की प्रक्रिया में कोई त्रुटि रह जाती है, तो वह विलुप्त मान ली जाती है, लेकिन हाई कोर्ट इस बात से सहमत नहीं हुआ। वैसे इन सब प्रावधानों के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में बहुत ही स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का पांचवा अध्याय इसी के लिए समर्पित है। इसमें गिरफ्तारी प्रावधानों का बारीकी से वर्णन किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में धारा 36 से 62 तक गिरफ्तारी के संबंध में विस्तृत प्रावधान है। धारा 36 में स्पष्ट प्रावधान है कि गिरफ्तार करने वाला पुलिस अधिकारी अपनी पूरा पोशाक धारण करेगा। उसकी पोशाक में किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। धारा 36 क के अनुसार उसे अपने नाम की एक नाम पट्टिका भी धारण करनी होगी, ताकि उसकी पहचान सुस्पष्ट रहे। 36 ख के अनुसार गिरफ्तारी का एक मेमो बनाया जाएगा, जिसमें गिरफ्तारी का कारण स्पष्ट रूप से लिखा रहेगा तथा वह गिरफ्तारी मेमो एक साक्षी द्वारा प्रमाणित हो, जो उसके परिवार का सदस्य होगा। यदि मौके पर परिवार का सदस्य मौजूद न रहे, तो उस क्षेत्र का, जहां उसकी गिरफ्तारी हो रही है, वहां का कोई सम्मानित व्यक्ति होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



# आत्मिक शुद्धि का पर्व

# नवरात्रि



अध्यात्म पथ पर प्रगतिशील साधकों के लिए नवरात्रि के त्योहार की अनुपम महिमा है। शिवरात्रि साधक के लिए साधना में प्रवेश करने का काल है, तो नवरात्रि उत्सवपूर्ण नवीनीकरण के अवसर की नौ रात्रियां हैं। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुत: नवरात्रि अंत:शुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्रि का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। अपने भीतर की ऊर्जा जगाना ही देवी उपासना का मुख्य प्रयोजन है। दुर्गा पूजा और नवरात्रि मानसिक-शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक हैं। ज्योतिष शास्त्र में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है, क्योंकि चैत्र नवरात्र के बाद सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। सूर्य 12 राशियों में भ्रमण पूरा करते हैं और फिर से अगला चक्र पूरा करने के लिए पहली राशि मेष में प्रवेश करते हैं। सूर्य और मंगल की राशि मेष दोनों ही अग्नि तत्व वाले हैं, इसलिए इनके संयोग से गर्मी की शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्रि से नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है।

## हिंदू नववर्ष की शुरुआत

चैत्र नवरात्रि का धार्मिक दृष्टि से खास महत्व है, क्योंकि चैत्र नवरात्रि के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण का कार्य शुरु किया था। इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष शुरु होता है। सर्दी और गर्मी की ऋतुओं का मिलन काल आश्विन और चैत्र मास में जिन दिनों आता है, वे नवरात्रि कहलाते हैं। उन दिनों शरीर, मन और प्रकृति के विभिन्न घटकों में विशेष रूप से उल्लास भरा रहता है। वातावरण में विशिष्टता व्याप्त रहती है। शरीर दबे हुए रोगों को निकालने का प्रयास करता है। इसीलिए इन दिनों रोग बढ़ जाते हैं। आयुर्वेद इस अवसर को शरीर शोधन के लिए विशेष उपयोगी मानता है। चैत्र नवरात्रि में वसंत होता है। प्रकृति की शोभा देखते ही बनती है। वनस्पतियां नवीन पल्लव धारण करती हैं। प्रकृति का उल्लास अपना प्रभाव समूचे वातावरण पर डालता है। जीवधारियों के मन विशेष प्रकार की मादकता से भर जाते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से मनीषियों ने इन दिनों आत्मा के ऋतुमति होने का आलंकारिक संकेत किया है। उनके अनुसार, इन दिनों वह अपने प्रियतम परमात्मा से मिलने के लिए विशेष रूप से आतुर होती है। नौ दिन का व्रत-उपवास प्राकृतिक उपचार के समतुल्य माना जा सकता है। इसमें प्रायश्चित के निष्कासन और पवित्रता की अवधारणा दोनों भाव हैं। चैत्र की नवरात्रि के साथ रामजन्म एवं रामराज्य की स्थापना का इतिहास है। इस कारण इस नवरात्रि का महत्व सर्वाधिक है।




पं. मनोज कुमार द्विवेदी

ज्योतिषाचार्य, कानपुर


## नवरात्रि के नियम

नवरात्रि का व्रत रखने और पूजन करने के कुछ नियम भी होते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जो भक्त इन नियमों के साथ माता रानी की पूजा उपासना करता है, उस पर माता रानी की अति कृपा होती है। मातारानी उसकी सभी मनोकामनाएं पूरा करती हैं।

## व्रत का सकारात्मक प्रभाव

नवरात्रि के समय प्रकृति में एक विशिष्ट ऊर्जा होती है, जिसको आत्मसात कर लेने पर व्यक्ति का कायाकल्प हो जाता है। व्रत में हम कई चीजों से परहेज करते हैं और कई वस्तुओं को अपनाते हैं। आयुर्वेद की धारणा है कि पाचन क्रिया की खराबी से ही शारीरिक रोग होते हैं, क्योंकि हमारे खाने के साथ जहरीले तत्व भी हमारे शरीर में जाते हैं। आयुर्वेद में माना गया है कि व्रत से पाचन प्रणाली ठीक होती है। व्रत उपवास का प्रयोजन भी यह है कि हम अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण कर अपने मन-मस्तिष्क को केंद्रित कर सकें। मनोविज्ञान यह भी कहता है कि कोई भी व्यक्ति व्रत-उपवास एक शुद्ध भावना के साथ रखता है। उस समय हमारी सोच सकारात्मक रहती है, जिसका प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है, जिससे हम अपने भीतर नई ऊर्जा महसूस करते हैं। इस समय प्रकृति अपना स्वरूप बदलती है। वातावरण में एक अलग-सी आभा देखने को मिलती है। पतझड़ के बाद नवीन जीवन की शुरुआत, नई पत्तियों और हरियाली की शुरुआत होती है। संपूर्ण सृष्टि में एक नई ऊर्जा होती है। इस ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने के लिए हमें व्रतों का संयम-नियम बहुत लाभ पहुंचाता है। नवरात्रि में कृषि-संस्कृति को भी सम्मान दिया गया है। मान्यता है कि सृष्टि की शुरुआत में पहली फसल जौ ही थी। इसलिए इसे हम प्रकृति (मां शक्ति) को समर्पित करते हैं।

## धार्मिक कार्यों में मन लगाएं

नवरात्रि के 9 दिनों में व्रतधारी को अपना मन भौतिकता की चीजों से दूर रखना चाहिए। उन्हें अपना मन हमेशा माता रानी के चरणों में लगाकर रखना चाहिए। धार्मिक कार्यों में समय बिताना चाहिए। इस दौरान दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तसती का पाठ करते रहना चाहिए।

## नवरात्रि पूजन कैसे करें

- नवरात्रि के पहले दिन घर के मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और दरवाजे पर आम के पत्ते का तोरण लगाएं। क्योंकि माता इस दिन भक्तों के घर में आती हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं और आपके घर में निवास करती हैं।
- नवरात्रि में माता की मूर्ति को लकड़ी की चौकी या आसन पर स्थापित करना चाहिए। जहां मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें वहां पहले स्वास्तिक का चिह्न बनाएं। उसके बाद रोली और अक्षत से टीकें और फिर वहां माता की मूर्ति को स्थापित करें। उसके बाद विधि-विधान से माता की पूजा करें।
- वास्तुशास्त्र के अनुसार, उत्तर और उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण को पूजा के लिए सर्वोत्तम स्थान माना गया है। आप भी अगर हर साल कलश स्थापना करते हैं, तो आपकी इसी दिशा में कलश रखना चाहिए और माता की चौकी सजानी चाहिए।
- नवरात्रि के दिनों में कण-कण में मां दुर्गा का वास माना जाता है और पूरा वातावरण भक्तिमय रहता है। वास्तु में बताया गया है कि एक चावल से भरा पीतल का कलश अपने मंदिर के उत्तर-पूर्व में रखना समृद्धिदायक होता है। ऐसा करने से मां आपके धन-धान्य में वृद्धि करती हैं और आपके घर में समृद्धि आती है।
- ध्यान रहे कि पूजन कक्ष साफ़-सुथरा हो और उसकी दीवारें हल्के पीले, गुलाबी जैसे आध्यात्मिक रंग की हो तो अच्छा है, क्योंकि ये रंग आध्यात्मिक ऊर्जा के स्तर को बढ़ाते हैं। इसके साथ ही काले, नीले और भूरे जैसे तामसिक रंगों का प्रयोग पूजा कक्ष की दीवारों पर नहीं होना चाहिए।
- धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है और यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है। इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। देवी पूजा-अनुष्ठान के दौरान मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती।



## कन्याओं का सम्मान करना चाहिए

भारतीय परंपरा में कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। इसी कारण से लोग नवरात्रि में कन्याओं का पूजन कर पुण्य प्राप्त करते हैं। नवरात्रि के दिन में सभी महिलाओं में किसी न किसी देवी का स्वरूप होता है। इसीलिए किसी भी कन्या/ महिला के प्रति असम्मान का भाव नहीं रखना चाहिए, बल्कि उनमें मां दुर्गा के किसी न किसी स्वरूप को मानकर मन ही मन प्रणाम करना चाहिए।

## घर को न छोड़े अकेला

यदि घर में कलश (घट) की स्थापना हुई हो या माता की चौकी या ज्योति लगी हो, तो किसी न किसी को हमेशा उसके पास रहना चाहिए। इस दौरान घर में किसी एक व्यक्ति का होना जरूरी होता है। व्रतधारी को दिन में नहीं सोना चाहिए।

## तामसिक भोजन से करें परहेज

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के दौरान व्यक्ति को सात्विकता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्हें तामसिक प्रवृति के भोजन से परहेज रखना चाहिए। नवरात्रि के 9 दिनों में आहार, व्यवहार और विचार में सात्विकता होनी चाहिए।

## ब्रह्मचर्य का करें पालन

नवरात्रि के दिनों में कामवासना से मनसा वाचा कर्मणा विरक्त रहना चाहिए। महिला और पुरुष दोनों को ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए।

## क्रोध से रहें दूर

नवरात्रि के दौरान व्यक्ति को क्रोध नहीं करना चाहिए, उन्हें अधिक से अधिक समय तक मौन रहने का प्रयास करना चाहिए।

बोध कथा

# परिवार ही जीवन की असली संपत्ति



शाम का समय था। पार्क में हल्की हवा चल रही थी और पेड़ों के बीच बैठने वाली बेंचों पर कुछ बुजुर्ग अपनी रोज़ की तरह गपशप में लगे थे। उन्हीं में से एक बेंच पर दो पुराने दोस्त बैठे थे। बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ तो पहला बुजुर्ग बोला, "मेरी एक पोती है, अब शादी के लायक हो गई है। उसने बी.ई. किया है, अच्छी नौकरी भी करती है। कद करीब पांच फुट दो इंच है और देखने में भी बहुत सुंदर है। अगर आपकी नजर में कोई अच्छा लड़का हो, तो बताइएगा।"

दूसरे बुजुर्ग ने मुस्कुराते हुए पूछा, "अच्छा! तो आपकी पोती को कैसा परिवार चाहिए?" पहले बुजुर्ग ने बिना सोचे जवाब देना शुरू किया, "बस कुछ खास नहीं, लड़का एम.ई. या एम.टेक किया हो। उसकी अच्छी नौकरी हो, सैलरी भी ठीक-ठाक हो कम से कम एक लाख रुपये महीना। अपना घर हो, कार हो, घर में एसी हो और अगर छोटा-सा बाग-बगीचा भी हो तो और अच्छा।" दूसरे बुजुर्ग ने हल्के से सिर हिलाया और पूछा, "और कुछ?" पहला बुजुर्ग थोड़ा झुककर बोला, "हां, सबसे जरूरी बात, लड़का अकेला होना चाहिए। मां-बाप, भाई-बहन कोई न हो। दरअसल, इन सबके कारण घर में झगड़े होते हैं।"

यह सुनकर दूसरे बुजुर्ग की आंखें अचानक नम हो गईं। उन्होंने धीरे से अपने आंसू पोंछे और भारी आवाज में बोले, "मेरे एक दोस्त का पोता है, बिल्कुल अकेला। उसके भाई-बहन नहीं हैं। मां-बाप भी एक हादसे में दुनिया छोड़ गए। अच्छी नौकरी है, डेढ़ लाख की सैलरी है, गाड़ी है, बंगला है सब कुछ है।"

पहला बुजुर्ग उत्साहित होकर बोला, "अरे वाह! फिर तो बात बन सकती है।" दूसरे बुजुर्ग ने गहरी सांस लेते हुए कहा, "हां! लेकिन उसकी भी एक शर्त है। वह चाहता है कि लड़की वालों के भी मां-बाप, भाई-बहन या कोई रिश्तेदार न हों।" पहला बुजुर्ग चौंक गया, "ये कैसी बकवास बात है? हमारा परिवार क्यों खत्म हो? कल को उसकी खुशियों या दुख में उसके साथ कौन होगा?"

दूसरे बुजुर्ग ने शांत लेकिन गहरी आवाज़ में कहा, "वाह मेरे दोस्त,अपने लिए परिवार जरूरी है, लेकिन दूसरे के लिए नहीं? अपने बच्चों को परिवार का महत्व समझाइए। घर के बड़े हों या छोटे, सभी जीवन की खुशियों और दुखों के सच्चे साथी होते हैं। बिना परिवार के इंसान के पास न खुशियां बांटने वाला होता है और न ही दुख में सहारा देने वाला।" पहला बुजुर्ग अब पूरी तरह चुप था। उसके चेहरे पर शर्म और समझ दोनों साफ दिखाई दे रहे थे। उस दिन पार्क की वह बातचीत एक गहरा संदेश छोड़ गई कि परिवार ही जीवन की असली संपत्ति है। अगर परिवार साथ है, तो हर खुशी दोगुनी लगती है और हर दुख आधा हो जाता है।

पौराणिक कथा

# राजा का टूटा अहंकार

प्राचीन काल में धर्मपाल नाम के एक पराक्रमी और न्यायप्रिय राजा हुए। उन्हें अपने न्याय पर बड़ा गर्व था। उन्होंने अपने राज्य में एक नियम बना रखा था कि कोई भी व्यक्ति अपनी फरियाद लेकर सीधे राजा के पास आ सकता है। राजा को विश्वास था कि पूरे आर्यावर्त में उनसे अधिक न्यायप्रिय और बुद्धिमान शासक कोई नहीं है। एक दिन संध्या के समय, जब सूर्य अस्त होने को था और राजदरबार की कार्यवाही समाप्त होने वाली थी, तभी फटे-पुराने कपड़ों में लिपटी एक वृद्ध महिला दरबार में पहुंची। उसके चेहरे पर थकान और भूख साफ झलक रही थी। राजा ने उसे आदर से बैठने को कहा और उसकी समस्या पूछी। बुढ़िया ने धीमी आवाज में कहा, "महाराज, मैं बहुत भूखी हूं। मुझे बस दो मुट्ठी अनाज चाहिए, लेकिन वह अनाज आपके 'पुण्य' की कमाई का होना चाहिए, न कि कर के रूप में प्रजा से लिया गया।" यह सुनकर राजा मुस्कुराए और आत्मविश्वास से बोले, "माता, मैंने अपना पूरा जीवन प्रजा की सेवा में बिताया है। अनेक यज्ञ किए हैं, गरीबों को दान दिया है और न्याय किया है। क्या यह सब पुण्य नहीं है?" बुढ़िया ने अपने थैले से एक छोटी तराजू निकाली। उसने एक पलड़े में एक सूखा पत्ता रखा और बोली, "महाराज, यदि आपके किसी भी एक नि:स्वार्थ कर्म का वजन इस सूखे पत्ते से अधिक हो जाए, तो मैं मान लूंगी कि वह अनाज आपके सच्चे पुण्य से मिला है।" राजा को यह चुनौती बहुत सरल लगी। उन्होंने अपने सबसे बड़े दान का प्रमाण पत्र पलड़े में रखा, लेकिन पत्ता ज्यों का त्यों रहा। फिर उन्होंने सौ गायों के दान का संकल्प रखा, मगर पत्ता हिला तक नहीं। राजा हैरान रह गए। उन्होंने अपनी तलवार, अपना मुकुट और यहां तक कि अपने वंश की प्रतिष्ठा तक उस पलड़े पर रख दी, परंतु वह सूखा पत्ता अडिग रहा। अब राजा का घमंड टूटने लगा। अंतत: वे हार मानकर बुढ़िया के चरणों में गिर पड़े। उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। वे बोले, "माता, शायद मैंने जो भी किया, उसमें कहीं न कहीं अहंकार रहा होगा। मुझे क्षमा करें, मेरे पास ऐसा कोई पुण्य नहीं जो पूरी तरह नि:स्वार्थ हो।" जैसे ही राजा का एक आंसू तराजू के पलड़े पर गिरा, अचानक वह सूखा पत्ता हवा में उड़ गया और पलड़ा राजा के पश्चाताप के भार से झुक गया। तभी वह बुढ़िया दिव्य प्रकाश में बदल गई और बोली, "राजन, जब तक तुम्हारे कर्मों में 'मैं' का अहंकार था, तब तक उनका कोई वजन नहीं था, लेकिन जब तुमने अपनी भूल स्वीकार की और विनम्र हो गए, तब तुम्हारा वह एक आंसू सारे दानों से अधिक मूल्यवान हो गया।"



# कर्मफलदाता शनिदेव की पूजा का विधान और प्रभाव




अनिल सुधांशु

ज्योतिषाचार्य


शनिदेव की पूजा शनिवार को सूर्योदय से पहले या सूर्यास्त के बाद करना उत्तम है। स्नान कर नीले/काले वस्त्र पहनें। घर या मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं, काले तिल, नीले फूल और लौंग अर्पित करें। 'ॐ शं शनैश्चराय नमः' मंत्र का जाप करें, पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाकर परिक्रमा करें और शनि चालीसा का पाठ करें।

## शनि पूजा का विधान

**पूजा का समय-** शनिवार के दिन सुबह जल्दी या शाम के समय (सूर्यास्त के बाद) पूजा करें। स्नान के बाद स्वच्छ, संभव हो तो नीले या काले रंग के वस्त्र धारण करें। साथ ही सरसों का तेल, काले तिल, नीले फूल, शमी का पत्ता, काला कपड़ा, लोहे की वस्तु, अगरबत्ती, धूप और कपूर आदि पूजन सामग्री को प्रबंध कर लें।

**पूजा विधि-** घर के मंदिर में या शनि मंदिर में शनिदेव की प्रतिमा के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाएं। शनिदेव को काला तिल और तेल अर्पित करें। 'ॐ शं शनैश्चराय नम:' या 'ॐ प्रां प्रीं प्रौं स: शनैश्चराय नम:' मंत्र का 108 बार जाप करें। शनि चालीसा और शनि आरती करें।

**विशेष उपाय-** शाम को पीपल के पेड़ की जड़ में जल चढ़ाएं और सरसों के तेल का दीपक जलाकर सात बार परिक्रमा करें। सात बार कच्चा सूट लपेटे और शनि कवच का पाठ करें, गरीबों को भोजन कराएं या काली उड़द, कंबल, लोहे की वस्तु दान करें।

## शनि बीज मंत्र का जाप

मंत्र जाप सुबह और शाम कभी भी किया जा सकता है, लेकिन मंत्र जाप के लिए शनिवार का दिन सबसे अच्छा होता है। स्नान करके काला या गहरा नीला रंग का कपड़ा पहन लें। एक शांत और स्वच्छ स्थान का चयन कर लें। फिर मन में या बोलकर 23000 बार शनि मंत्र दोहराएं। हनुमान जी की मूर्ति के सामने अगर मंत्र का उच्चारण करते हैं, तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं। शनि बीज मंत्र के जाप से शनि के नकारात्मक प्रभावों और पिछले जन्मों के नकारात्मक कर्मों के असर को खत्म किया जा सकता है। नियमित रूप से शनि बीज मंत्र का जाप करने से चिकित्सा और धन संबंधी समस्याओं को समाप्त करने में मदद मिलती है। शनि बीज मंत्र का जाप सुरक्षा की भावना, सफलता और समृद्धि प्रदान करता है। शनि बीज मंत्र का जाप करने से साढ़े साती चरण की परेशानियों और कठिनाइयों का समाधान हो जाता है।

## सावधानी और नियम

पूजा करते समय मुंह पश्चिम दिशा की ओर रखें। शनि देव की प्रतिमा को सामने से न देखें, बगल से दर्शन करें। शनिवार को मांस-मदिरा के सेवन से बचें।

- शनि को ज्योतिष में क्रूर ग्रह माना गया है, इसलिए लोग इनका नाम सुनकर ही डर जाते हैं, लेकिन शनि को कर्म फल दाता भी कहा जाता है।
- कहा जाता है कि वे व्यक्ति के कर्मों के हिसाब से उसे फल देते हैं, अगर कुंडली में शनि शुभ स्थिति में बैठे हैं, तो ये व्यक्ति को रंक से राजा बना सकते हैं, लेकिन शनि की अशुभ स्थिति राजा को भी भिखारी बना सकती है। फिर भी अगर शनिवार के दिन कुछ विशेष उपाय किए जाएं, तो शनि के अशुभ प्रभावों को भी शुभ प्रभावों में बदला जा सकता है। अगर आप भी शनि के अशुभ प्रभावों को झेल रहे हैं, तो इन उपायों को कीजिए।
- यदि शनि कुंडली के प्रथम भाव में बैठकर अशुभ प्रभाव दे रहा हो, तो व्यक्ति को शनिवार के दिन दूध में थोड़ी चीनी मिलाकर बरगद या पीपल के पेड़ में चढ़ाना चाहिए और नीचे से गीली मिट्टी लेकर माथे पर तिलक लगाना चाहिए।
- यदि शनि दूसरे घर में अशुभ फल दे रहा हो, तो शनिवार के दिन आपको अपने माथे पर दूध या दही का तिलक लगाना चाहिए और शिवलिंग पर दूध चढ़ना चाहिए।
- तीसरे भाव में बैठे शनि के दुष्प्रभावों से बचने के लिए शनिवार के दिन काले तिल, केले और नींबू का दान करें, कुत्तों की सेवा करें और मांस मदिरा से परहेज करें।
- चौथे घर में विराजमान शनि के अशुभ फल से बचने के लिए शनिवार के दिन भैंस और कौए को भोजन दें। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें। उन्हें अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दें। बहते पानी में शराब को प्रवाहित करें।
- पांचवे भाव में शनि के अशुभ प्रभाव से बचने के लिए लोहे का छल्ला हाथ में पहनें और साबुत मूंग की दाल को किसी जरूरतमंद को शनिवार के दिन दान करें।
- छठे भाव से शनि अशुभ फल दे रहा हो, तो चमड़े एवं लोहे की वस्तुएं खरीदें। शनिवार के दिन जल में काले तिल डालकर शिव जी का अभिषेक करें।
- कुंडली के सप्तम भाव में बैठे शनि के अशुभ फल से बचाव के लिए शनिवार के दिन शहद से भरा बर्तन या बांसुरी में चीनी भरकर किसी सुनसान जगह पर दबा आएं।
- आठवें घर में शनि के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हमेशा अपने पास चांदी की कोई चीज रखें। सांपों को दूध पिलाना चाहिए।
- यदि कुंडली के नौवें घर से शनि का अशुभ प्रभाव हो तो घर की छत को अच्छे से साफ रखना चाहिए और छत पर कबाड़, लकड़ी आदि ऐसी कोई चीज नहीं रखनी चाहिए, जो बरसात में भीगकर खराब हो जाती हो। इसके अलावा चांदी के चौकोर टुकड़े पर हल्दी लगाकर अपने पास रखना चाहिए। रोजाना पीपल के पेड़ को जल देना चाहिए।
- यदि दसवें भाव में शनि हो, तो मंदिर में केले और चने की दाल चढ़ाएं। शनिदेव के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाएं। गुरुवार का व्रत रखें और मांस, मदिरा आदि का सेवन नहीं करना चाहिए।
- कुंडली के ग्यारहवें भाव में शनि अशुभ फल से बचने के लिए चांदी की एक ईंट बनवाकर अपने घर में रखें। शनिवार के दिन शनि मंत्र का 108 बार जाप करें और पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीपक जरूर रखें।
- बारहवें भाव में बैठे शनि के दुष्प्रभाव रोकने के लिए शनिवार के दिन काली दाल, काले तिल, काला वस्त्र आदि सामर्थ्य के हिसाब से किसी जरूरतमंद को दें।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 75,502.85 | 23,408.80 |
| बढ़त | 938.93 | 257.70 |
| प्रतिशत में | 1.26 | 1.11 |

सोना 1,60,250 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,56,500 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, मंगलवार, 17 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### फोनपे का आईपीओ रुका, बाजार स्थिर होने पर शुरू होगी प्रक्रिया

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने वर्तमान भू-राजनीतिक संघर्ष और बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिलहाल अस्थायी रूप से टाल दिया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि वैश्विक पूंजी बाजारों में कुछ स्थिरता आने के बाद वह सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिर से शुरू करेगी। फोनपे के सीईओ समीर निगम ने कहा कि हम प्रभावित सभी क्षेत्रों में जल्द शांति बहाल होने की उम्मीद करते हैं। भारत में सार्वजनिक सूचीबद्धता के लिए हमारी प्रतिबद्धता बरकरार है।

### एमआरएफ के एमडी अरुण मैमन फिर चुने गए एटीएमए के चेयरमैन

**नयी दिल्ली।** वाहन टायर विनिर्माता संघ (एटीएमए) ने एमआरएफ लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अरुण मैमन को फिर से एटीएमए का चेयरमैन चुना है। एसोसिएशन ने सोमवार को बयान में कहा कि अन्य शीर्ष नेतृत्व बदलावों में, ब्रिजस्टोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजर्षि मोइत्रा को एटीएमए का नया वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। संघ ने कहा कि एटीएमए के सहायक महानिदेशक संजय चटर्जी को राजीव बुधराजा के स्थान पर महानिदेशक बनाया गया है। बुधराजा 31 मार्च, 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### हिस्सेदारी बेचकर 2,000 करोड़ जुटाएगी ओला इलेक्ट्रिक

**नयी दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी बैटरी इकाई ओला सेल टेक्नोलॉजीज (ओसीटी) में हिस्सेदारी बेचकर 2,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना शुरू की है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी यह कदम अपने परिचालन के पुनर्गठन और बही-खाते को मजबूत करने के प्रयासों के तहत उठा रही है। तमिलनाडु स्थित इस इकाई की वर्तमान क्षमता 1.5 गीगावाट घंटा है, जिसे चालू वित्त वर्ष के अंत तक बढ़ाकर छह गीगावाट घंटा करने की योजना है। इस संयंत्र में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जो भारत में बैटरी सेल के स्थानीय विनिर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# शेयर बाजार में गिरावट थमी, सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,400 के पार

## अल्ट्राटेक में सर्वाधिक 4.22% की तेजी, एसबीआई, महिंद्रा और टाटा स्टील भी लाभ में

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 939 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार निकल गया। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक यानी 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,805.27 अंक तक गया और नीचे में 73,949.76 अंक तक आया। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा 4.22 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल शामिल हैं।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में कारोबार समाप्त होने से पहले तेजी आई। वाहन, बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में निचले भाव पर लिवाली से बाजार बढ़त में रहा...। नायर ने कहा कि निकट भविष्य में निवेशकों का रुख होर्मुज जलडमरूमध्य में होने वाले घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.36 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत टूटा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि सप्ताह की शुरुआत बाजार में उतार-चढ़ाव के साथ हुई और निचले स्तर पर लिवाली के चलते एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ हाल की गिरावट का सिलसिला टूट गया। उछाल का कारण मुख्य रूप से बाजार में आई भारी गिरावट के बाद चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली है।

इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और मुद्रा की अस्थिरता जोखिम लेने की प्रवृत्ति को सीमित कर रही है।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में गिरावट में थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.41% बढ़कर 104.4 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 10,716.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 9,977.42 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## देश की कोयला मांग और बिजली क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने को तैयार एसईसीएल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कोल इंडिया लिमिटेड की दूसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक इकाई साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहान ने सोमवार को कहा कि कंपनी बदलती वैश्विक ऊर्जा परिस्थितियों के बीच देश की कोयला मांग, विशेषकर बिजली क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे वैश्विक ऊर्जा मार्ग प्रभावित हुए हैं जिससे आयातित कोयला एवं द्रवीकृत प्राकृतिक गैस की लागत बढ़ गई है। इसका अप्रत्यक्ष दबाव भारत के कोयला और बिजली क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दुहान ने बातचीत में कहा कि कंपनी मजबूत परिचालन गति बनाए हुए है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने मार्च के मध्य तक करीब 16.5 करोड़ टन कोयले का उत्पादन और 16.9 करोड़ टन से अधिक कोयले का प्रेषण किया है।

## देश में बेरोजगारी दर मामूली घटकर फरवरी में 4.9 फीसदी: सरकारी सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच कुल बेरोजगारी दर फरवरी में मासिक आधार पर मामूली घटकर 4.9 प्रतिशत रह गई। यह जनवरी में पांच प्रतिशत थी।

सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह जानकारी मिली। सर्वेक्षण के अनुसार, जनवरी, 2026 में बढ़ोतरी के बाद शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जो दिसंबर, 2025 के 6.7 प्रतिशत के स्तर से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में 4.2 प्रतिशत पर स्थिर रही।

फरवरी, 2026 में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में कुल बेरोजगारी दर घटकर 5.1 प्रतिशत रह गई जबकि जनवरी, 2026 में यह 5.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में गिरावट देखी गई। शहरी महिलाओं की बेरोजगारी दर जनवरीउ के 9.8% से घटकर फरवरी, 2026 में 8.7 प्रतिशत रह गई। ग्रामीण महिलाओं की बेरोजगारी दर इसी अवधि में 4.3से घटकर चार प्रतिशत हो गई। पुरुषों में कुल बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत पर स्थिर रही।

सर्वेक्षण के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों में समग्र श्रम बल सहभागिता दर (एलएफपीआर) फरवरी में 55.9 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। ग्रामीण क्षेत्रों में एलएफपीआर फरवरी, 2026 में 58.7 प्रतिशत रही जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.4 प्रतिशत आंकी गई जो जनवरी, 2026 के 50.3 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।

वहीं 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में एलएफपीआर जनवरी, 2026 के 35.1 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी, 2026 में 35.3 प्रतिशत हो गई।

सर्वेक्षण में पाया गया कि 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या अनुपात फरवरी, 2026 में ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लगभग स्थिर रहा।

## निर्यात में फरवरी में मामूली गिरावट, मासिक आधार पर कम हुआ व्यापार घाटा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश का माल निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 0.81 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। व्यापार घाटा मासिक आधार पर घटकर 27.1 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव मार्च महीने के आंकड़ों में सामने आएगा क्योंकि युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था। ये आंकड़े मई के मध्य तक जारी किए जाएंगे। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों के कारण मार्च में निर्यात में गिरावट का रुझान देखने को मिलेगा।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमले से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में माल ढुलाई बाधित हो गई है। इसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है जिससे हवाई एवं समुद्री माल ढुलाई में भी तेजी से वृद्धि हुई है। फरवरी में सोने और चांदी के आयात में भारी वृद्धि के कारण आयात 24.11 प्रतिशत बढ़कर 63.71 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। सोने का आयात 218.55 प्रतिशत बढ़कर 7.44 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जबकि चांदी का आयात 285.23 प्रतिशत बढ़कर 1.66 अरब डॉलर हो गया।

भारत मुख्य रूप से स्विट्जरलैंड से सोने का आयात करता है जहां से फरवरी में आयात में 719.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

इसी महीने कच्चे तेल का आयात नौ प्रतिशत बढ़कर 12.97 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा पिछले महीने की तुलना में कम हुआ है जो तब 34.68 अरब अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, फरवरी 2025 में दर्ज 14.05 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में यह घाटा सालाना आधार पर बढ़ा है। व्यापार आंकड़ों पर मीडिया को जानकारी देते हुए अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 11 माह (अप्रैल-फरवरी) में देश का निर्यात 1.84 प्रतिशत बढ़कर 402.93 अरब डॉलर रहा है।

## प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में सीसीआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि आयोग कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयार कर रहा है जिनमें एल्गोरिथम संबंधी मिलीभगत भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निगरानी संस्था खेल, नागर विमानन, 'पेंट व वार्निश'' तथा मद्य क्षेत्रों में भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जांच कर रही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजार में अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर नजर रखता है।

उन्होंने कहा कि हम कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली किसी भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधि के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं। हमने संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों की पहचान की है जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई) की मूल्य श्रृंखला में अत्यधिक केंद्रीकरण शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें हर क्षेत्र से प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जानकारी मिलती है।



भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ब्रसेल्स में बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट के साथ एक बैठक के दौरान।

## भारत-यूरोपीय संघ का ध्यान अब एफटीए रक्षा सौदे पर: फॉन डेर लायन

**ब्रसेल्स, एजेंसी**

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन ने सोमवार को कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत हाल ही में संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और सुरक्षा साझेदारी को प्रभावी ढंग से लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक के बाद आई। जयशंकर 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के अपने समकक्षों के साथ चर्चा के लिए ब्रसेल्स की दो-दिवसीय यात्रा पर हैं।

फॉन डेर लायन ने जयशंकर के साथ अपनी 'सफल बैठक' के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि जनवरी में भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के दौरान हमने अपने एफटीए, जिसे सबसे महत्वपूर्ण समझौता (मदर ऑफ ऑल डील्स) कहा गया है, को अंतिम रूप दिया और एक सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे।

उन्होंने कहा कि अब हमारा ध्यान इसके कुशल कार्यान्वयन पर है, ताकि जल्द से जल्द यूरोप और भारत के लोगों को इसका लाभ मिल सके।भारत और यूरोपीय संघ ने 27 जनवरी को इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी। बैठक के दौरान फॉन डेर लायन और जयशंकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन के घटनाक्रम पर भी चर्चा की। इस संदर्भ में यूरोपीय संघ की प्रमुख ने कहा कि तनाव में कमी लाना, स्थिरता और ऊर्जा सुरक्षा दोनों पक्षों के साझा उद्देश्य हैं।

## फिलीपींस-मालदीव के साथ व्यापार वार्ता की शर्तों पर भारत ने किए हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने फिलीपींस और मालदीव के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रस्तावित व्यापार समझौते के दायरे और तौर-तरीकों को संदर्भ की शर्तों (टीओआर) में रेखांकित किया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देश फिलीपींस के साथ तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) के लिए बातचीत शुरू होगी, जबकि मालदीव के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत होगी। पीटीए में दो व्यापारिक साझेदार आपस में व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की एक विशिष्ट संख्या पर आयात शुल्क को या तो काफी कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं।

दूसरी ओर, मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत दो देश आपसी व्यापार में अधिकांश वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी हद तक घटा देते हैं या समाप्त कर देते हैं। इसके साथ ही सेवाओं और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों को भी आसान बनाया जाता है।

## डाक विभाग शुरू करेगा '24 स्पीड पोस्ट' सेवा अगले दिन डिलिवरी की गारंटी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार को डाक विभाग की नई '24 स्पीड पोस्ट' सेवा की शुरुआत करेंगे। यह सेवा छह प्रमुख शहरों में अगले दिन डिलिवरी की गारंटी देती है। पहले चरण में यह सेवा दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होगी। सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि डाक विभाग 17 मार्च, 2026 को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू कर रहा है। बयान में कहा गया कि '24 स्पीड पोस्ट' के तहत तत्काल और समयबद्ध खेपों के लिए अगले दिन डिलिवरी की गारंटी दी गई है।

## एआई कोहार्ट 2026 में शामिल होंगे पांच स्टार्ट अप, प्रत्येक को मिलेगा 20 लाख डॉलर का निवेश

**बेंगलुरु, एजेंसी।** उद्योग पूंजी कंपनी एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड ने 'एटम्स एआई कोहोर्ट 2026' में शामिल होने वाले पांच स्टार्टअप की सोमवार को घोषणा की जो एंटरप्राइज, वॉयस और औद्योगिक एआई में नए समाधान विकसित करेंगे। एटम्स एआई कोहोर्ट, एक्सेल एटम्स का एक विशेष कार्यक्रम है जिसे एआई स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। एटम्स एआई कोहोर्ट 2026 एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी है।

बयान के अनुसार, 4,000 से अधिक आवेदनों में से चुने गए इन पांच स्टार्टअप को भारतीय उद्यमियों को समर्थन देने के एक्सेल के लंबे अनुभव और गूगल की उन्नत कृत्रिम मेधा (एआई) अवसंरचना का लाभ मिलेगा, जिससे वे शुरुआती विचार से वैश्विक स्तर तक विस्तार कर सकेंगे। प्रत्येक स्टार्टअप को 20 लाख अमेरिकी डॉलर तक का संयुक्त निवेश मिलेगा। इसके साथ ही गूगल क्लाउड, जेमिनी और गूगल डीपमाइंड के संसाधनों के लिए 3.5 लाख अमेरिकी डॉलर तक की संगणनात्मक (कंप्यूट) क्रेडिट सुविधा भी दी जाएगी।एक्सेल में साझेदार प्रयंक स्वरूप और शेखर किरानी ने कहा कि यह समूह साहसिक व मौलिक सोच का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि 'एटम्स' हमेशा से उन उद्यमियों का समर्थन करने के बारे में रहा है जो संभावनाओं के शुरुआती चरण में होते हैं, जब केवल महत्वाकांक्षा और अंतर्दृष्टि होती है।

**पश्चिम एशिया संकट** | ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली का दावा- 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती है इनकम

# भारतीय रिफाइनरों के लिए चुनौती में छिपा मुनाफा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति की बाधाएं भारत के लिए आपदा में अवसर साबित हो रही हैं। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर कच्चे तेल की सप्लाई चेन पर दबाव है, वहीं दूसरी ओर एशियाई बाजार में तेल उत्पादों की किल्लत भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों के लिए बंपर मुनाफे का द्वार खोल सकती है।

### होर्मुज संकट: भारत के लिए जोखिम क्यों?

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आज भी खाड़ी देशों पर अत्यधिक निर्भर है। मॉर्गन स्टैनली ने आंकड़ों के जरिए इस जोखिम को स्पष्ट किया है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि भारत की कुल तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर आता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत और चीन की 40-50 प्रतिशत तेल जरूरतें होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते पूरी होती हैं। ऐसे में खाड़ी क्षेत्र में किसी भी तरह की रुकावट एशियाई देशों की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के लिए खतरा बन सकती है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत के कुल कच्चे तेल आयात का करीब 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। इससे साफ है कि देश की रिफाइनिंग जरूरतें अब भी खाड़ी उत्पादक देशों पर काफी हद तक टिकी हुई हैं।



### सुरक्षा कवच: रूस और रणनीतिक भंडार

मॉर्गन स्टैनली का मानना है कि मौजूदा समय में भंडार और वैकल्पिक सप्लाई रूट भारत को राहत दे सकते हैं। आपूर्ति जोखिम कम करने के लिए भारत ने रियायती दरों पर मिलने वाले रूसी यूराल्स ग्रेड तेल की खरीद बढ़ा दी है। अमेरिकी प्रतिबंधों में मिली 30 दिनों की विशेष छूट का भारत बखूबी इस्तेमाल कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के पास 30 से 200 दिनों का तेल भंडार उपलब्ध है, जो आपात स्थिति में बफर का काम करेगा। भारत सरकार ईरान के साथ निरंतर संपर्क में है ताकि एलपीजी और कच्चे तेल से लदे 20 से अधिक टैंकरों को सुरक्षित मार्ग दिलाया जा सके।

### कैसे मिलेगा मुनाफा?

मॉर्गन स्टैनली ने यह भी कहा कि अगर पश्चिम एशिया में यह व्यवधान लंबे समय तक बना रहता है, तो भारत का रिफाइनिंग सेक्टर इससे फायदा भी उठा सकता है। एशिया में सप्लाई की तंगी और निर्यात पर अंकुश के कारण रिफाइनिंग मार्जिन बढ़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक हफ्ते में पेट्रोल, डीजल, जेट फ्यूल, नैफ्था और फ्यूल ऑयल की कीमतों में 18 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

ऐसे में जिन रिफाइनरों के पास कच्चे तेल के विविध स्रोत हैं, खासकर बड़ी एकीकृत कंपनियां और सरकारी तेल विपणन कंपनियां, उन्हें अधिक मुनाफा हो सकता है। अनुमान है कि अगर रिफाइनरों का ग्रॉस मार्जिन 1 से 1.5 डॉलर प्रति बैरल बढ़ता है, तो वर्ष 2026 में उनकी आय में 15 से 30 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट की अवधि ही आगे का सबसे बड़ा निर्णायक कारक होगी। फिलहाल भंडार और वैकल्पिक खरीद भारत के लिए सुरक्षा कवच बने हुए हैं, लेकिन अगर आपूर्ति में बाधा लंबी चली तो एशिया की ऊर्जा और औद्योगिक सप्लाई चेन पर दबाव और बढ़ सकता है।

**एमएसएमई क्रेडिट गारंटी योजना**

# उद्यमियों को 10 करोड़ तक का कोलेटेरल फ्री लोन

भारत सरकार का सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), पहली पीढ़ी के उद्यमियों को सशक्त बनाने और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीटीएमएसई) का लाभ दे रही है।




### बिना गिरवी रखे मिलता है ऋण

एमएसएमई मंत्रालय के अनुसार, यह पहल एमएसएमई को कोलेटेरल फ्री अर्थात कुछ गिरवी रखे बिना ऋणों के लिए महत्वपूर्ण क्रेडिट गारंटी सहायता प्रदान करती है। इसकी मदद से सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) पारंपरिक कोलेटेरल यानी तीसरे पक्ष की गारंटी के बिना ही वित्तीय सहायता हासिल कर सकते हैं।

### छह करोड़ रोजगार होते हैं पैदा

सीजीटीएमएसई यानी क्रेडिट गारंटी के अन्तर्गत पात्र व्यवसाय 10 करोड़ रुपये तक के ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इस ऋण में 75 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक की गारंटी कवरेज होती है। हालांकि यह उद्यमी की प्रोफाइल और मूल्यांकन पर निर्भर करती है। यह योजना सभी सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) पर लागू होती है। मंत्रालय के अनुसार, देश में लगभग 2.6 करोड़ सूक्ष्म और लघु उद्यम हैं। इनके माध्यम से करीब छह करोड़ लोगों को रोजगार मिलता है।

### कब से लागू है योजना?

इस योजना के लिए मौजूदा और नए दोनों उद्यम कोलेटरल फ्री ऋण के लिए पात्र हैं। यह योजना औपचारिक रूप से 30 अगस्त 2000 को शुरू की गई थी और 1 जनवरी 2000 से लागू है। सरकार और सिडबी की ओर से क्रमशः 4:1 के अनुपात में सीजीटीएमएसई के कोष में योगदान किया जाता है।

### दस लाख करोड़ से अधिक के ऋण

मंत्रालय के अनुसार पहली जुलाई 2025 तक, 1.2 करोड़ से अधिक गारंटी के एवज में योजना के अंतर्गत 10,26,145 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इसमें सर्वाधिक ऋण महाराष्ट्र के लिए 1,26,521 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश (1,04,856 करोड़ रुपये) है। उसके बाद तीसरे नंबर पर गुजरात के लिए 85,160 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भूस्खलन में चार मजदूरों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर के नीति विहार में भूस्खलन के दौरान दीवार गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ईटानगर राजधानी क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक जुम्मार बासर ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में साइट पर काम कर रहे सात लोग मलबे के नीचे दब गए। यह घटना शाम करीब चार बजे उस वक्त हुई जब लगातार बारिश के कारण दीवार गिर गई, जिससे मलबे के नीचे मजदूर फंस गए। बचाव दल ने बाद में सातों मजदूरों को मलबे से बाहर निकाल लिया, उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया गया।

### अफगानिस्तान से बात करे पाकिस्तान

**बीजिंग।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष जारी रहने के बीच चीन ने सोमवार को दोनों पड़ोसी देशों से टकराव समाप्त करने के लिए सीधी बातचीत करने का आह्वान किया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां प्रेस वार्ता में बीजिंग के मध्यस्थता प्रयासों से संबंधित एक प्रश्न पर कहा कि चीन को उम्मीद है कि दोनों पक्ष संयम बरतेंगे, शीघ्र ही संघर्ष विराम तक पहुचेंगे और संवाद के माध्यम से अपने मतभेदों का समाधान करेंगे। उन्होंने दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का आह्वान किया। पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच झड़पें तेज हो गईं।

### आईआईटी परिसर में घुसा मगरमच्छ

**मुंबई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई परिसर में सोमवार तड़के नौ फुट लंबा मगरमच्छ घुस आया और बाद में वन्यजीव विशेषज्ञों ने उसे पकड़ लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई के पवई इलाके स्थित आईआईटी परिसर में सुरक्षा कर्मचारियों ने मगरमच्छ को देखा और तुरंत वन विभाग के नियंत्रण कक्ष को सूचित किया। नजदीकी पोवाई झील मगरमच्छ ठिकाना है।

### सामाजिक मूल्यों को भी सुदृढ़ कर रहा संघ

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता रमेशचंद्र अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि संगठन ने पिछले वर्ष में उल्लेखनीय विस्तार किया है और दैनिक शाखाओं की संख्या लगभग 6,000 बढ़कर 88,000 से अधिक हो गई है, जबकि देशभर में गतिविधियों के आयोजन स्थलों की संख्या बढ़कर 55,000 से अधिक हो गई है।

# एपस्टीन लिंक : हाईकोर्ट पहुंचीं हरदीप पुरी की बेटी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी ने दोषी ठहराए गए अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ उनका नाम जोड़ने वाली झूठी और मानहानिकारक सोशल मीडिया सामग्री को हटाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। हिमायनी पुरी की ओर से दायर यह मुकदमा इस सप्ताह कोर्ट में सुनवाई के लिए आ सकता है।

अपने वाद में उन्होंने 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की है और कई संस्थाओं को मानहानिकारक सामग्री प्रसारित करने से रोकने का आदेश देने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि उन्हें एपस्टीन और उसके अपराधों से जोड़ने के लिए समन्वित और

- सोशल मीडिया सामग्री को हटाने के लिए दायर की याचिका

दुर्भावनापूर्ण ऑनलाइन अभियान चलाया गया। उन्होंने प्रतिवादी संस्थाओं से बिना शर्त माफी मांगने और सामग्री वापस लेने की भी मांग की है। याचिका के अनुसार, 22 फरवरी 2026 के आसपास से एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, लिंक्डइन तथा अन्य डिजिटल समाचार पोर्टलों पर झूठे, भ्रामक एवं मानहानिपरक पोस्ट, लेख, वीडियो आदि प्रसारित किए जा रहे हैं। हिमायनी पुरी ने कहा कि वह वित्त और निवेश क्षेत्र की पेशेवर हैं और उन्हें केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हैं।

## पर्यावरण पर भारी संकट

वर्तमान में मध्य पूर्व में जारी संघर्ष, विशेष रूप से ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने से निकलने वाला धुआं क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर रहा है। जब मिसाइल या हवाई हमले रिफाइनरियों और तेल के कुओं को निशाना बनाते हैं, तो वहां जमा लाखों बैरल कच्चा तेल और ईंधन अनियंत्रित तरीके से जलने लगता है। इस अपूर्ण दहन से निकलने वाला कालिख और जहरीली गैसें वायुमंडल की ऊपरी परतों में जमा हो जाती हैं। जब ये प्रदूषक बादल के कणों के साथ मिलते हैं, तो बारिश की बूंदें गहरे काले या भूरे रंग की हो जाती हैं, जिसे वैज्ञानिकों ने काली बारिश का नाम दिया है। इससे निकलने वाले घातक रसायन मानव जीवन को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि पर्यावरण के लिए भी भारी संकट पैदा करेंगे। इसको लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चेतावनी दी है।

# अमेरिका-ईरान जंग



### वैज्ञानिक दृष्टिकोण

वैज्ञानिकों का कहना है कि तेल क्षेत्रों पर हमलों से पैदा हुआ धुआं स्थानीय नहीं रहता। यह वायुमंडलीय धाराओं के साथ हजारों किलोमीटर दूर तक जा सकता है।

### ज्वालामुखी भी पैदा करते हैं ऐसी स्थिति

- ज्वालामुखी विस्फोट : ज्वालामुखी की राख हवा में मिलकर बारिश को मिट्टी जैसा या काला बना सकती है। इसमें सल्फर डाइऑक्साइड की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो तीव्र अम्लीय वर्षा का कारण बनती है।
- अंतर : युद्ध के दौरान होने वाली काली बारिश सबसे अधिक खतरनाक मानी जाती है क्योंकि इसमें औद्योगिक रसायन और सिंथेटिक ईंधन के अवशेष भी शामिल होते हैं जो प्रकृति में जल्दी नष्ट नहीं होते।
- जंगल की आग : बड़े पैमाने पर जंगलों के जलने से निकलने वाली राख और कार्बन बारिश को गहरा रंग दे सकते हैं। हालांकि, इसमें पेट्रोलियम रिफाइनरी की तुलना में भारी धातुओं और जटिल हाइड्रोकार्बन की मात्रा कम होती है।

### घातक रसायन और प्रभाव

- पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन : यह तेल के जलने से उत्पन्न होने वाला सबसे खतरनाक पदार्थ है। यह सीधे डीएनए को नुकसान पहुँचा सकता है और कैंसर का मुख्य कारक है।
- पार्टिकुलेट मैटर : कालिख के ये सूक्ष्म कण फेफड़ों के गहराई तक जाकर रक्त प्रवाह में मिल जाते हैं, जिससे हृदय रोग और अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है।
- भारी धातुएं : कच्चे तेल में प्राकृतिक रूप से निकल और वैनेडियम जैसी धातुएं होती हैं। जलने के बाद ये वर्षा के माध्यम से जमीन पर आती हैं और खाद्य श्रृंखला को जहरीला बनाती हैं।
- सल्फर और नाइट्रोजन के ऑक्साइड : ये रसायन पानी के साथ मिलकर सल्फ्यूरिक और नाइट्रिक एसिड बनाते हैं। यह न केवल इमारतों और बुनियादी ढांचे को संक्षारित करते हैं, बल्कि त्वचा पर केमिकल बर्न भी पैदा कर सकते हैं। ● बेंजीन और टोल्यूनि : ये वाष्पशील कार्बनिक यौगिक हवा और बारिश दोनों में मौजूद होते हैं और तंत्रिका तंत्र पर बुरा असर डालते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र के निर्देश

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नागरिक बुनियादी ढांचे और तेल क्षेत्रों पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन हो सकते हैं यदि वे व्यापक पर्यावरणीय क्षति का कारण बनते हैं। ● यूएनईपी का रुख : यूएनईपी ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल 'पर्यावरणीय मूल्यांकन' की आवश्यकता जताई है।
- सुरक्षा निर्देश : संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्थानीय आबादी को सलाह दी है कि बारिश के संपर्क में आने से बचें और यदि संभव हो तो घर के अंदर ही रहें। घर से बाहर निकलते समय उच्च गुणवत्ता वाले एन 95 मास्क का उपयोग करें। सतही जल या खुले जलाशयों के पानी को पीने के लिए इस्तेमाल न करें, क्योंकि वे प्रदूषित हो चुके हैं।

# राज्यसभा में एलपीजी को लेकर हंगामा, खरगे बोले सरकार दोषी

## केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर लगाया देशभर में अराजकता फैलाने का आरोप

- सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हुई तीखी बहस

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में सोमवार को देश में एलपीजी संकट के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संकट के लिए सरकार की अग्रिम योजना की कमी को जिम्मेदार ठहराया, जबकि केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर देश में अराजकता फैलाने और राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया।

शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति पर असर पड़ा है और इसका प्रभाव देशभर में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस संकट का सबसे अधिक असर गरीब और कमजोर वर्गों, मध्यम वर्ग, सामान्य परिवारों, रेस्तरां, छात्रावासों तथा व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। खरगे ने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें से करीब 90 प्रतिशत आयात होर्मुज की खाड़ी के रास्ते होता है। ऐसे में मौजूदा स्थिति घरेलू उपलब्धता और कीमतों की स्थिरता दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एलपीजी संकट का असर देश के लगभग हर हिस्से में महसूस किया जा रहा है और घरेलू उपभोक्ता काफी परेशान हैं। छोटे ढाबों, रेस्तरां, छात्रावासों और सामुदायिक रसोई तक इस संकट से प्रभावित हैं। उन्होंने दावा किया कि कई स्थानों पर एलपीजी सिलेंडर 5,000 रुपये से अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में एलपीजी की कमी से इनकार करते हुए लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की थी, लेकिन जमीनी स्थिति इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार को पता था कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री मार्ग प्रभावित हो सकते हैं, तो उसे पहले से वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी। खरगे ने कहा कि यदि एलपीजी आयात के लिए पहले से वैकल्पिक उपाय किए गए होते तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। खरगे ने यह भी कहा कि अब एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए प्रतीक्षा अवधि बढ़ गई है। उनके अनुसार, शहरों में यह अवधि करीब 25 दिन और ग्रामीण व दूरदराज के इलाकों में लगभग 45 दिन तक पहुंच गई है, जिससे घबराहट में बुकिंग और जमाखोरी की आशंका बढ़ रही है।



एलपीजी संकट के विरोध में संसद भवन पर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, प्रदर्शन में पार्टी के सांसद हिबी ईडन, प्रशांत पाडोले आदि भी मौजूद थे।

### संकट में भी विपक्ष कर रहा राजनीति

नड्डा ने कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है, लेकिन इसके बावजूद विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, संकट के समय भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का एक नेता एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी करते हुए भी पकड़ा गया है। उन्होंने कहा, "वे लोगों को उकसा रहे हैं और देश के शांतिप्रिय नागरिकों को भड़का रहे हैं। संकट के समय देश के साथ खड़े होने के बजाय वे अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जो निंदनीय है।

## रूसियों को ग्रीन कार्ड लॉटरी में रखेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका वीजा नियमों को सख्त करने के बावजूद रूसी नागरिकों को ग्रीन कार्ड लॉटरी से बाहर नहीं रखेगा। अमेरिकी अधिवक्ता एलिज़ाबेथ क्रुकोवा ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी आवेदकों के लिए सामान्य नियमों को सख्त करने के बावजूद रूसी नागरिकों को ग्रीन कार्ड लॉटरी से बाहर नहीं करेंगे। जहां तक इस बात का सवाल है कि किन देशों के नागरिकों को इसमें हिस्सा लेने से बाहर किया जा सकता है, तो ऐतिहासिक रूप से यह इस बात पर निर्भर करता रहा है कि किसी खास देश या क्षेत्र से पहले से ही कितने प्रवासी आ रहे हैं। जब तक डेटा यह न दिखाए कि बहुत ज्यादा संख्या में रूसी प्रवास कर रहे हैं, तब तक रूसियों को बाहर करने का कोई आधार नज़र नहीं आता।

# छात्रवृत्ति घोटाले में पांच राज्यों के अधिकारियों पर मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने की 11.4 करोड़ से अधिक की हेराफेरी में कार्रवाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिव्यांग छात्रों के लिए निर्धारित छात्रवृत्ति निधि से कथित तौर पर 11.4 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी के मामले में फर्जी संस्थानों और छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि सीबीआई ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर में अज्ञात लोकसेवकों और नोडल अधिकारियों के खिलाफ अंब्रेला छात्रवृत्ति योजना से धन की हेराफेरी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। यह योजना 2018 में दिव्यांग छात्रों के लिए मैट्रिक उपरांत छात्रवृत्ति सहित छह छात्रवृत्ति योजनाओं के विलय के बाद शुरू की गई थी। इस योजना के तहत छात्रवृत्ति 11 और 12वीं कक्षा के छात्रों के साथ-साथ मैट्रिक के बाद डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्रों को मुहैया कराई जाती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री और डिप्लोमा तथा स्नातकोत्तर डिग्री और डिप्लोमा प्राप्त करने वाले छात्रों को भी इस छात्रवृत्ति का लाभ मिलता है। सीबीआई ने पिछले साल केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सचिव की शिकायत पर जांच शुरू की थी।

## 176 विमानों में नहीं है फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर : सरकार


**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि विभिन्न विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 176 विमानों में फ्लाइट डेटा या कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर नहीं हैं। नियमों के अनुसार, 5,700 किलोग्राम से कम भार वाले विमानों के लिए अनिवार्य रूप से कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) आवश्यक है, बशर्ते उन्हें एक जनवरी, 2016 के बाद उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ हो। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि एक जनवरी, 2016 से पहले कुल 2,263 विमान पंजीकृत किए गए थे और उन्हें उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र जारी किए गए थे। मोहोल ने कहा कि विभिन्न परिचालकों द्वारा संचालित 176 विमान ऐसे हैं जिनमें फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर या कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर नहीं लगे हैं। उनसे सवाल किया गया था कि क्या सरकार के पास बिना कॉकपिट वॉयस और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर वाले विमानों की संख्या के आंकड़े हैं? पिछले महीने झारखंड में दुर्घटनाग्रस्त हुए करीब 40 साल पुराने बीचक्राफ्ट सी90ए विमान में कॉकपिट वॉयस या फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर नहीं था। उस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई थी।

# होर्मुज से रास्ता देने के लिए ईरान से पूर्व समझौता नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई पूर्व निर्धारित समझौता नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली और तेहरान के बीच हुई बातचीत के परिणामस्वरूप भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं।

ब्रसेल्स में दिए गए साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि मैं इस समय ईरान बातचीत कर रहा हूं और कुछ परिणाम निकले हैं। यह प्रक्रिया जारी है। अगर इससे परिणाम मिल रहा है, तो मैं स्वाभाविक रूप से आगे भी जारी रखूंगा। ईरान द्वारा फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित एक संकरे



- विदेशमंत्री जयशंकर बोले-जहाज की आवाजाही एक अलग घटना

समुद्री परिवहन मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। वैश्विक तेल और एलएनजी का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इस मार्ग से होकर गुजरता है। पश्चिम एशिया क्षेत्र भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत है। जयशंकर ने इस बात से भी इनकार किया कि भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों को गुजरने देने के बदले में ईरान को कुछ दिया था।

## पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास सेना के जवान की मौत

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर ड्यूटी के दौरान सेना के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नायक तिलक सिंह कृष्णा घाटी सेक्टर के अग्रिम नांगी तकरी क्षेत्र में तैनात थे। सेना के 'व्हाइट नाइट कोर' ने जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, व्हाइट नाइट कोर वीर नायक तिलक सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। सिंह 15 मार्च को कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर ड्यूटी करते समय बेहोश पाए गए थे। तत्काल चिकित्सा सहायता के बावजूद, वीर सैनिक को बचाया नहीं जा सका, उन्होंने कर्तव्य की राह में सर्वोच्च बलिदान दिया। पोस्ट में कहा गया, उनका साहस सेना की उत्कृष्ट परंपराओं का उदाहरण है।

# निर्वाचन आयोग ने बंगाल के शीर्ष अधिकारियों को हटाया

कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी

- हटाए जाने वाले अफसरों में मुख्य सचिव व डीजीपी भी

पश्चिम बंगाल के प्रशासनिक इतिहास में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को हटा दिया, जिनमें मुख्य सचिव और डीजीपी भी शामिल हैं। आयोग ने पूर्व में अलग-अलग मामलों में बंगाल के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है, लेकिन कभी भी मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजपी, कोलकाता पुलिस आयुक्त और एडीजी (कानून व्यवस्था) को एक साथ स्थानांतरित नहीं किया गया।

विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा रविवार को होने के कुछ घंटों बाद ही इस प्रशासनिक फेरबदल का फैसला लिया गया। रविवार देर शाम जारी आयोग के पहले आदेश के तहत राज्य के दो शीर्ष नौकरशाहों, मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को हटा दिया गया। इसके बाद 16 मार्च के एक अन्य आदेश में राज्य के डीजीपी पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को भी पद से हटा दिया गया।

आयोग ने उत्तर बंगाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला को राज्य का मुख्य सचिव नियुक्त किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव संघमित्रा घोष को गृह सचिव नियुक्त करने का आदेश दिया। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी नियुक्त किया और अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस का नया आयुक्त बनाया।

## तकनीकी खामी से विमान को आयरलैंड मोड़ा

**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के ए350 विमान को संदिग्ध तकनीकी खराबी के कारण सोमवार सुबह आयरलैंड के शैनन की ओर मोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार, विमान में लगभग 300 लोग सवार थे और यह शैनन की ओर मोड़े जाने से पहले लगभग छह घंटे तक हवा में रहा। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 15 मार्च को न्यूयॉर्क (जेएफके) से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली उड़ान एआई 102 को संदिग्ध तकनीकी खराबी के बाद एहतियात के तौर पर शैनन, आयरलैंड की ओर मोड़ दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे शैनन हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गया और सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। तय सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान की विस्तृत तकनीकी जांच की जा रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपका मन अत्यंत शांत रहेगा। बच्चे घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ समय बितायेंगे। आपको नए कार्यों से जुड़ना पड़ सकता है।

**तुला** — आज बेवजह क्रोध के कारण आपको कठिनाई झेलनी पड़ेगी। संपत्ति में निवेश करने वालों को अच्छी डील मिल सकती है।

**वृष** — आज परिवार में आपके अधिकार बढ़ेंगे। कार्यकुशलता के कारण कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**वृश्चिक** — आज कारोबार में भाई-बहनों की सहायता लेनी पड़ सकती है। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ प्राप्त होगा।

**मिथुन** — आज दूसरों की कमियों पर अधिक ध्यान न दें। धर्म-कर्म में आप रुचि लेंगे। महिला जातकों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**धनु** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से आपके काम हो जायेंगे। दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं।

**कर्क** — आज आपको अपना मन शांत रखने की आवश्यकता है। आईटी के क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा महत्वपूर्ण कार्य मिल सकता है।

**मकर** — आज आप बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन अवश्य लें। बैंकिंग और फाइनेंस से जुड़े लोग कार्यक्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले हैं।

**सिंह** — आज जॉब में आपके उत्तरदायित्व बढ़ेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। परिजन आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।


**कुंभ** — आज विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। पारिवारिक कलह से छुटकारा मिलेगा। तनाव से बचने के लिये अच्छी नींद अवश्य लें।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में विरोधियों की बढ़ोत्तरी होगी। अटके हुए कार्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी से अपने मन की बातें अवश्य शेयर करें।

**मीन** — आज आपको उधार वापस लौटाना पड़ सकता है। जिसके कारण आपके कुछ काम रुक भी सकते हैं। शरीर में एलर्जी की समस्या हो सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 17 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 09 .23 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- शतभिषा 18 मार्च 06 .09 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

### सुडोकू - 90 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |

### सुडोकू -91

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | 1 | | 4 | | |
| | 8 | | | | 9 | | 5 | |
| 4 | | | 2 | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| | | | 8 | | 5 | | 1 | 7 |
| | 6 | | 7 | | | 8 | | |
| | | 3 | | 5 | | | | 4 |
| | 9 | | | | | 6 | | |

## साइनाइड से हमले की धमकी से फैली आफिस में सनसनी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक सरकारी कार्यालय को सोमवार को सायनाइड गैस सिलेंडर से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। हालांकि पुलिस जांच में यह धमकी झूठी निकली। नाप तौल विभाग के कार्यालय अधीक्षक श्यामू सोलंकी ने बताया कि सुबह पूर्वाह्न 10 बजकर 20 मिनट पर ईमेल चेक करते समय एक संदेश मिला, जिसमें दावा किया गया था कि विभाग के दफ्तर में सायनाइड गैस से भरे 16 सिलेंडर रखे गए हैं और वे दोपहर एक बजे फट जाएंगे।

समारोह

## जॉर्डन बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जेसी बकले घोषित की गईं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

# फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर का ऑस्कर पुरस्कारों में दबदबा

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

अकादमी पुरस्कार समारोह के 98वें संस्करण में फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर ने सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर अपना दबदबा कायम रखा, जबकि माइकल बी. जॉर्डन और जेसी बकले को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

निर्देशक एंडरसन की तीन घंटे लंबी फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता (शॉन पेन), सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा, सर्वश्रेष्ठ संपादन और सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग सहित कुल छह ऑस्कर पुरस्कार मिले। रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' ने भी चार पुरस्कार जीते। माइकल बी. जॉर्डन को इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि फिल्म को सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा, सर्वश्रेष्ठ मौलिक संगीत और सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी के पुरस्कार भी मिले। इस फिल्म को कुल 16 नामांकन मिले थे, जो अब तक का रिकॉर्ड है। फिल्म हैमनेट में अभिनय के लिए जेसी बकले को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। फिल्म 'वेपन्स' में भूमिका के लिए एमी मैडिगन को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। फ्रैंकनस्टीन को सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा डिजाइन, सर्वश्रेष्ठ मेकअप और हेयरस्टाइल तथा सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन के पुरस्कार मिले। अवतारः फायर एंड ऐश को सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव और रेसिंग ड्रामा एफ1 को सर्वश्रेष्ठ ध्वनि का पुरस्कार मिला।





### ऑस्कर के मंच पर नजर आईं प्रियंका चोपड़ा

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म जगत के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में एक ऑस्कर के मंच पर भारत को एक संक्षिप्त, शानदार क्षण का अनुभव तब हुआ जब प्रियंका चोपड़ा जोनस ने सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया। प्रियंका के साथ जेवियर बार्डेम भी थे। भारतीय-अमेरिकी फिल्म निर्माता गीता गांधबीर दो श्रेणियों में नामांकित होने के बावजूद पुरस्कार हासिल करने में विफल रहीं।



> मुझे लगता है कि हार्दिक पंड्या को अपना असली वाला रूप दिखाना होगा। उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। जब वह अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना शुरू करेंगे – ना केवल एक बल्लेबाज के तौर पर बल्कि एक गेंदबाज के तौर पर भी तो इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा।
>
> **–हरभजन सिंह**

# स्टेडियम

अयोध्या, मंगलवार, 17 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### भारत के उभरते खेल स्टार्टअप परिदृश्य पर रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली।** ऐसे समय में जबकि भारत 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों सहित कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने जा रहा है तब इसी को ध्यान में रखते हुए खेल सचिव हरि रंजन राव ने सोमवार को यहां भारत का खेल स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र : वर्तमान स्थिति और उभरते रास्ते शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट 'एसोसिएशन फॉर स्पोर्ट्स इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स' (एएसआईपी) ने 'इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी,' गाजियाबाद के सहयोग से तैयार की है। इस रिपोर्ट में भारत के खेल स्टार्टअप की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। रंजन राव ने कहा भारत के खेल उद्योग को अनुसंधान और सहयोग के माध्यम से मजबूत करने के लिए एएसआईपी के प्रयासों को देखकर मुझे प्रोत्साहन मिला है।

### एफआईएच हॉकी नेशंन कप में भाग लेगी महिला हॉकी टीम

**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप की शुरुआत 2021 में हुई थी जो हॉकी प्रो लीग से बाहर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजयी टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में जगह मिलती है। भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में आखिरी स्थान पर रहने के बाद प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। पुरुषों का टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जायेगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक होगा।

### मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के लिए शुरू किया अभ्यास

**मुंबई।** पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने सोमवार को 28 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए अभ्यास शुरू कर दिया। अभ्यास के लिए पहुंचने वाले पहले समूह में शार्दुल ठाकुर, मयंक मार्कंडेय, अल्लाह गजांफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्वनी कुमार शामिल थे। रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और कप्तान हार्दिक पंड्या आने वाले दिनों में शिविर में जुड़ेंगे। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा सत्र के पूर्व शिविर में पहला दिन हमेशा खास होता है। मुंबई को पहला मैच 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम पर कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलना है।

### एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने कहा - ईरान विश्व कप खेलेगा

**कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ के महासचिव विंडसन जॉन ने कहा है कि ईरान जून में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में भाग लेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के जवाब में ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा था कि उसे विश्व कप से कोई बाहर नहीं रख सकता। सोमवार को जॉन ने कहा कि महासंघ ने ऐसा कुछ नहीं सुना है जिससे यह आशय निकाला जाये कि ईरान विश्व कप नहीं खेलेगा। उन्होंने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा वे हमारे सदस्य हैं और हम चाहते हैं कि वे खेलें। जहां तक मुझे पता है, ईरान खेल रहा है।

### यदि मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ देता है तो मुझे खुशी होगी : दिलीप टिर्की

**कोलकाता।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने सोमवार को कहा कि अगर मनप्रीत सिंह उनके 412 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के रिकॉर्ड को तोड़ देते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी। टिर्की ने रेवस्पोर्ट्ज़ ट्रेलब्लेजर्स 4.0 के एक सत्र के दौरान कहा अगर मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ता है तो मुझे बहुत खुशी होगी। रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं। मनप्रीत ने अभी तक 411 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और उन्हें सबसे पहले 400 से अधिक मैच खेलने वाले टिर्की से आगे निकलने के लिए केवल दो मैच की जरूरत है।



# टेस्ट खेलना चाहूंगा, लेकिन हाथ सेट है टी-20 में : सूर्यकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

- टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान ने एक घंटे की बातचीत में खोले दिल के राज

भारत के विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी-20 उनकी ताकत है क्योंकि उसमें उनका हाथ सेट हो गया है।

सूर्यकुमार पीटीआई के साथ एक विशेष पॉडकास्ट साक्षात्कार में कभी-कभी मुंबई की आकर्षक हिंदी का उपयोग करते हुए नजर आए जैसे कि हाथ सेट हो गया है जिसका अंग्रेजी में कोई सटीक अनुवाद नहीं है। सरल शब्दों में कहें तो उनका मतलब था कि वह अब क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के उस्ताद बन चुके हैं और इसे खेलने में सहज महसूस करते हैं। एक घंटे की बातचीत के दौरान सूर्यकुमार काफी सहज नजर आए और वह भारत को विश्व कप में शानदार सफलता दिलाने के बाद स्पष्ट रूप से बेहद खुश थे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट न खेलने की अपनी निराशा के बारे में खुलकर बात की। सूर्यकुमार ने इस साक्षात्कार के दौरान अपनी चिर परिचित मुस्कान के साथ याद दिलाया कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेला था जिसमें वह केवल एक पारी खेल पाए थे।

सूर्यकुमार ने कहा आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द-गिर्द ही घूमता है।

उन्होंने कहा धीरे-धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस प्रारूप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया। भारतीय कप्तान ने कहा टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं। सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि अगर उन्हें मौका मिले तो क्या वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहेंगे? उन्होंने बिना किसी लाग लपेट के जवाब दिया मुझे बहुत खुशी होगी, क्योंकि जैसा कि मैंने बताया कि मैंने 2010-11 से 2020 तक लाल गेंद से काफी क्रिकेट खेली है। दस साल तक लाल गेंद से खेलना बहुत लंबा समय होता है। मुझे इस प्रारूप से बेहद लगाव था। स्वाभाविक है कि अगर मौका मिले तो फिर कौन टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना चाहेगा। फिर भी 35 साल की उम्र में सूर्यकुमार के लिए टेस्ट टीम में जगह बनाना लगभग असंभव है। टेस्ट में उनका एकमात्र अनुभव 2023 में नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया मैच था, जब उन्होंने एक पारी में आठ रन बनाए थे। उसी साल उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के फाइनल में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने 18 रन बनाए। भारत फाइनल हार गया और सूर्यकुमार उसके बाद इस प्रारूप में कभी नहीं खेल पाए।

सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि ऐसे ही समय में जब टी20 कम समय में प्रशंसकों को अधिक रोमांचित करता है और टेस्ट क्रिकेट उन्हें पारंपरिक संतुष्टि देता है तो क्या वनडे का कोई भविष्य है, उन्होंने कूटनीतिक रुख अपनाते हुए इस प्रारूप को बहुत अधिक खारिज किए बिना उसको उचित सम्मान दिया।

# सिनर और सबालेंका ने पहली बार जीता इंडियन वेल्स खिताब

## फाइनल में यानिक सिनर ने दानिल मेदवेदेव और एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को हराया

इंडियन वेल्स, एजेंसी





इंडियन वेल्स सिंगल्स खिताब के साथ यानिक सिनर व एरिना सबालेंका।

यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाये बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी।

महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

**सिनर ने फेडरर और जोकोविच की बराबरी की :** इंडियन वेल्स फाइनल में दानिल मेदवेदेव पर जीत के साथ हार्ड-कोर्ट ट्रॉफियों का पूरा सेट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद यानिक सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने कैलिफोर्निया की तेज गर्मी में, दो घंटे से कुछ कम समय तक चले मैच में, शानदार वापसी करने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव को 7-6 (8-6), 7-6 (7-4) से हराया।

बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सिनर ने दोनों हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम जीते हैं। 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 में यूएस ओपन में जीत हासिल की है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर सभी छह मास्टर्स 1,000 खिताब भी जीते हैं। मियामी, टोरंटो, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस में मिली जीत के साथ इंडियन वेल्स का खिताब भी अपने नाम किया है। और साथ ही सीज़न के आखिर में होने वाले एटीपी फाइनल्स भी जीते हैं। यह उपलब्धि केवल नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर ने ही हासिल की है। सिनर ने कहा मुझे पता था कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे मैंने अभी तक नहीं जीता है, इसलिए मैं इसकी तैयारी सबसे अच्छे तरीके से करना चाहता था, जितना हो सके पेशेवर तरीके से। सिनर ने कहा, अब यह उपलब्धि हासिल करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अब मेरे पास आराम करने के लिए कुछ दिन हैं - यहाँ और मियामी के बीच ज्यादा समय नहीं है।

**पूरा सप्ताह बहुत लकी रहा :** सगाई करना, चैंपियनशिप पॉइंट बचाना और लंबे समय से इंतजार किए जा रहे इंडियन वेल्स का खिताब जीतना - यह एक ऐसा हफ्ता रहा जिसे दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका पूरी ज़िंदगी याद रखेंगी। सबालेंका ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल में एलेना रिबाकिना के हाथों मिली हार के बुरे अनुभवों को पीछे छोड़ते हुए, कजाख खिलाड़ी पर जीत हासिल की। कैलिफ़ोर्निया की चिलचिलाती धूप में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को अपनी पूरी ताक़त लगाने पर मजबूर कर दिया, जब तक कि सबालेंका ने टाई-ब्रेक में बाज़ी नहीं मार ली - जिसमें एक ज़ोरदार बैकहैंड विनर के साथ चैंपियनशिप पॉइंट बचाना भी शामिल था। सर्विस विनर के साथ जीत पक्की करने के बाद, सबालेंका ने अपना सिर बर्फ़ से भरे कूलर में डुबोकर जीत का जश्न मनाया। बेलारूस की सबालेंका ने कहा क्या सप्ताह रहा। एक पपी मिला, सगाई हुई और एक खिताब जीता - मैं इसे निश्चित रूप से अपनी पूरी ज़िंदगी याद रखूंगी। यह सचमुच टेनिस का स्वर्ग है।

## बरसों से मेरी ख्वाहिश थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा रहे और अब आ गया वह समय : मिताली

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारत के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरुष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। पिछले कुछ साल में भारतीय पुरुष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता। जूनियर स्तर पर अंडर 19 टीमों ने भी विश्व खिताब जीते हैं। मिताली ने बीसीसीआई नमन पुरस्कारों के दौरान कहा मैं बरसों से चाहती थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा हो और अब वह समय आ गया है। उन्होंने कहा पिछले दो तीन साल में भारतीय क्रिकेट महिला, पुरुष या अंडर 19 लड़के और लड़कियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। एक पूर्व क्रिकेटर होने के नाते भारतीय क्रिकेट की प्रगति होते देखकर गर्व महसूस होता है। मिताली, पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ और रोजर बिन्नी को बीसीसीआई पुरस्कार समारोह में रविवार को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। उन्होंने भारतीय क्रिकेट, खासकर महिला क्रिकेट के कायाकल्प का श्रेय बीसीसीआई के पूर्व सचिव और आईसीसी के मौजूदा अध्यक्ष जय शाह को दिया। मैने महिला क्रिकेट में बदलाव को देखा है और मैं बीसीसीआई और जय सर के सहयोग का जिक्र करना चाहूंगी। पिछले चार पांच साल में भारतीय महिला क्रिकेट में भारी बदलाव आया है और यह एक व्यक्ति के कारण हुआ है। मिताली ने कहा वैश्विक स्तर पर इसके लिये उनका विजन और प्रतिबद्धता। उन्होंने महिला क्रिकेट के विकास के लिये काफी प्रयास किए हैं। बीसीसीआई में शाह के कार्यकाल में महिला और पुरूष क्रिकेटरों की समान मैच फीस की शुरूआत हुई और पूरी तरह से पेशेवर महिला प्रीमियर लीग भी शुरू हुई। मिताली ने यह भी कहा कि अपने कैरियर में उन्होंने सचिन तेंदुलकर और द्रविड़ से काफी प्रेरणा ली। महिला क्रिकेट का अपना सफर रहा है लेकिन हमने पुरूष क्रिकेटरों से काफी प्रेरणा ली। मैने राहुल और सचिन से काफी कुछ सीखा। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे बिन्नी ने कहा मैं खुशकिस्मत हूं कि भारत के लिये खेलने का मौका मिला।



# एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए हरी झंडी

बेंगलुरु, एजेंसी

- पिछले साल भगदड़ के दौरान चली गई थी 11 लोगों की जान

कर्नाटक सरकार ने सोमवार को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों की मेजबानी करने की औपचारिक मंजूरी दे दी।

इसके साथ ही इस स्टेडियम में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर पिछले लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता भी समाप्त हो गई। पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद यहां आयोजित किए गए समारोह के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर की अध्यक्षता में राज्य सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति तथा केएससीए, आरसीबी और उनकी प्रबंधन कंपनी डीएनए के प्रतिनिधियों के बीच बैठक के बाद कर्नाटक सरकार ने औपचारिक मंजूरी दी। केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा बैठक में विशेषज्ञ समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में की गई तैयारियों और उपायों के संबंध में रिपोर्ट पेश की। समिति की सिफारिश के आधार पर गृहमंत्री ने स्टेडियम में आईपीएल के आयोजन के लिए मंजूरी दे दी है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते सैमसन।

# अब धोनी से गुर सीखने को उत्सुक संजू

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने से मिलेगा माही से बात करने का मौका

भारत की टी-20 विश्व कप विजेता टीम के नायक संजू सैमसन ने सोमवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से खेलते हुए पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से कुछ गुर सीखने के लिए उत्साहित हैं।

सैमसन ने आईपीएल में अपने अधिकतर मैच राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेले हैं लेकिन अब वह सीएसके से जुड़ गए हैं। यह दोनों टीम जब 30 मार्च को गुवाहाटी में आमने-सामने होंगी तो सैमसन चेन्नई की जर्सी में नजर आएंगे।

सैमसन ने पत्रकारों से कहा, मैंने माही भाई (धोनी) से फोन पर बात की है लेकिन उनके साथ एक टीम का हिस्सा बनना और उनके साथ खेलना शानदार होगा। मैं इसे उनसे सीखने के अवसर के रूप में देखता हूं। राजस्थान रॉयल्स का यह घरेलू मैच होगा और 31 वर्षीय सैमसन ने कहा कि वह इस मैच में खुद पर भावनाओं को हावी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा मैं सीएसके की तरफ से खेलने को लेकर उत्साहित हूं। यह पहला अवसर होगा जब मैं राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलूंगा, लेकिन मैं मैदान पर भावनाओं को हावी नहीं होने देता। मैंने राजस्थान रॉयल्स इसलिए छोड़ी क्योंकि मुझे लगा कि टीम में मेरा समय खत्म हो गया है। मैं उनके खिलाफ भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। सैमसन ने कहा कि विश्व कप से पहले अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण उन्हें आत्ममंथन करने का मौका मिला। विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए सैमसन ने कहा मैं अच्छा खेला।

**मंथन** | भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के स्वर्ण जयंती समारोह में आईओए की अध्यक्ष ने खेलों के सुधार पर दिया जोर

# खिलाड़ियों पर केंद्रित नीतियां जरूरी : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि भारत में खेल प्रशासन के लिए नीतियां ऐसी होनी चाहिए कि निर्णय लेने में खिलाड़ियों को केंद्र में रखा जाए।

भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) के स्वर्ण जयंती समारोह के तीसरे दिन उषा ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रशासकों और खेल ईकाइयों की सर्वोपरि प्राथमिकता खिलाड़ियों की तैयारी, कल्याण और विकास रहे।

उन्होंने रविवार को खेल पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय खेलों के भविष्य की दिशा खिलाड़ियों को केंद्र में रखने वाले खेल प्रशासन से तय होनी चाहिए। उनकी तैयारी, कल्याण और विकास हमारी सर्वोपरि प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत इस समय खेलों के अपने सफर के अहम पड़ाव पर है और बेहतर बुनियादी ढांचे, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, मजबूत संस्थागत सहयोग के साथ खिलाड़ी विश्व स्तर पर आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं।

उषा ने कहा पिछले एक दशक में हमने बदलाव देखा है जिस तरह से खेल को सहयोग और उत्साहवर्धन मिल रहा है। खिलाड़ियों के पास आज बेहतर बुनियादी ढांचा, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और मजबूत संस्थागत सहयोग है। उन्होंने कहा भारतीय खेलों की असल शक्ति जमीनी स्तर पर है। गांवों में, कस्बों में और स्कूलों में जहां युवा प्रतिभायें तलाशे जाने का इंतजार कर रही है। हम अगर कोचिंग, ढांचे और प्रतिभा तलाशने में यूं ही निवेश करते रहेंगे तो भारत से विश्व स्तरीय खिलाड़ी लगातार निकलते रहेंगे।

वहीं सम्मेलन में परिचर्चा के दौरान आईओए सीईओ रघुराम अय्यर ने कहा कि भारत खेलों के सफर के अहम पड़ाव पर है और बढती आकांक्षाओं, निवेश और भागीदारी से एक मजबूत खेल राष्ट्र के रूप में उसका भविष्य गढा जा रहा है।

### लंबे समय की प्लानिंग की जरूरत : जय शाह

**नई दिल्ली।** भारत के खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की अपील करते हुए, आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने रविवार को स्टेकहोल्डर्स से 2030-2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की, और फ़ेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर ज़ोर दिया। शाह इंडिया हैबिटेट सेंटर में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एसजेएफआई) नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। कॉन्क्लेव को दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने होस्ट किया था।

